3 राजधानी
मांगों को लेकर सफाई कर्मियों की हड़ताल

6 अभिमत
हिजाब पर विकृत उदारवादी दृष्टिकोण

9 राष्ट्रीय
महाकालेश्वर मंदिर रोपवे योजना को मंजूरी मिली

10 कारोबार
सितंबर में थोक मुद्रास्फीति घटकर 10.7 प्रतिशत हुई



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 334
नई दिल्ली, शनिवार, 15 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





एफआईएच नेशन्स कप में कौशल सुधारने का मौका मिलेगा
स्पोर्ट्स-12


# माओवादियों से संपर्क के आरोपों में उम्रकैद पाए प्रो. साईबाबा बरी

● डीयू के प्रोफेसर मई 2014 से नागपुर केंद्रीय जेल में थे बंद, बंबई हाईकोर्ट ने किया बरी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/नई दिल्ली



**बंबई** उच्च न्यायालय ने माओवादियों से कथित जुड़ाव के मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को गिरफ्तारी के करीब आठ साल बाद शुक्रवार को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत मामले में आरोपी के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी देने का आदेश कानून की दृष्टि से गलत एवं अवैध था।

निचली अदालत द्वारा साईबाबा को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने माना कि आतंकवाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक खतरा है और आतंक के घृणित कृत्य सामूहिक सामाजिक क्रोध और पीड़ा उत्पन्न करते हैं। साईबाबा (52) के वकीलों ने कहा कि साईबाबा को शनिवार को नागपुर केंद्रीय जेल से रिहा किए जाने की संभावना है, जहां वह मई 2014 में गिरफ्तारी के बाद से बंद है। न्यायमूर्ति रोहित देव और न्यायमूर्ति अनिल पानसरे की नागपुर खंडपीठ ने 101 पृष्ठों में दिए फैसले में कहा है कि यूएपीए के तहत आरोपी पर मुकदमा चलाने की मंजूरी का आदेश कानून की दृष्टि से गलत और अवैध था। साईबाबा शारीरिक अक्षमता के कारण व्हीलचेयर की मदद लेते हैं। अदालत ने कहा कि साईबाबा को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए, जब तक कि किसी अन्य मामले में उनकी हिरासत की आवश्यकता न हो। उच्च न्यायालय ने पांच अन्य दोषियों द्वारा दायर अपील को मंजूर करते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया।

मार्च 2017 में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की एक सत्र अदालत ने साईबाबा और एक पत्रकार तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र सहित अन्य को माओवादियों से कथित संबंध और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की गतिविधियों में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया था। अदालत ने साईबाबा और अन्य को यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था। यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी 2014 में पांच आरोपियों के खिलाफ और 2015 में साईबाबा के खिलाफ दी गई थी। पीठ ने कहा कि 2014 में जब निचली अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था, तब साईबाबा के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की कोई मंजूरी नहीं थी।

उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि यूएपीए के तहत वैध मंजूरी के अभाव में निचली अदालत की कार्यवाही शून्य और अमान्य थी और इसलिए निचली अदालत का फैसला रद्द करने योग्य है। अदालत ने माना कि आतंकवाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक खतरा है और आतंक के घृणित कृत्य सामूहिक सामाजिक क्रोध और पीड़ा उत्पन्न करते हैं। फैसले में कहा गया कि आतंक के खिलाफ युद्ध सरकार द्वारा दृढ़ संकल्प के साथ छेड़ा जाना चाहिए और आतंक के खिलाफ लड़ाई में शस्त्रागार के हर वैध हथियार को तैनात किया जाना चाहिए, एक नागरिक लोकतांत्रिक समाज कानूनी रूप से प्रदान किए (शेष पेज 8)

## मत पूछिए, कैसे गुजरे आठ साल: पत्नी

**साईबाबा** की पत्नी वसंत कुमारी ने एजेंसी से कहा कि उन्हें पूरा भरोसा था कि वह बरी हो जाएंगे क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। यह पूछने पर कि पिछले आठ वर्ष में साईबाबा गैरमौजूदगी से परिवार कैसे उबरा, इस पर वसंत कुमारी ने कहा, मत पूछिए। पिछले आठ वर्ष में काफी संघर्ष किया और धैर्य बनाए रखा। यह साई के लिए भी मुश्किल था क्योंकि उनकी सेहत बिगड़ गई और नौकरी चली गई। वकील और कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने उच्च न्यायालय के फैसले को अच्छी खबर करार दिया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने साईबाबा को बरी किए जाने का स्वागत किया और सभी राजनीतिक कैदियों की शीघ्र रिहाई की मांग की। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (शेष पेज 8)

# हिमाचल में 12 नवंबर को होगी वोटिंग, आठ दिसंबर को नतीजे

● एक चरण में होगा मतदान, चुनाव आयोग ने तारीखों का किया ऐलान

● गुजरात विस चुनाव की घोषणा न करने पर आयोग ने कहा- विभिन्न कारणों पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया गया




नई दिल्ली में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख के ऐलान के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार। फोटोः रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी। इस पहाड़ी राज्य में एक ही चरण में 12 नवंबर को मतदान होगा जबकि आठ दिसंबर को मतगणना की जाएगी। आयोग ने हालांकि गुजरात विधानसभा चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा नहीं की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया और उम्मीद जताई कि लोकतंत्र के इस पर्व में मतदाता अधिक से अधिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस घोषणा के साथ ही हिमाचल प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। आयोग की ओर से हालांकि गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की गई।

गुजरात विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 18 फरवरी को समाप्त हो रहा है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल आठ जनवरी को समाप्त होगा। हिमाचल प्रदेश के साथ गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा ना करने पर निर्वाचन आयोग ने कहा कि परंपरा, मतदान की तारीखों में अंतर और मौसम सहित विभिन्न कारकों पर विचार के बाद यह फैसला लिया गया। कुमार ने कहा, कई राज्यों में चुनावों की घोषणा से, कुछ के परिणामों के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। साथ ही आचार संहिता की अवधि भी लंबी हो जाती है।

उन्होंने कहा कि एक राज्य में चुनाव की प्रक्रिया जारी रहने से दूसरे राज्य में चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी क्योंकि हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभाओं के कार्यकाल के समाप्त होने में 40 दिनों का अंतर है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम के साथ गुजरात विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा इसलिए नहीं की गई ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और बड़े-बड़े वादे करने तथा उद्घाटन करने का समय मिल जाए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, निश्चित तौर पर यह इसलिए (शेष पेज 8)

# शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की अपील खारिज, सुप्रीम कोर्ट जाएगा हिन्दू पक्ष

**ज्ञानवापी मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**ज्ञानवापी** मस्जिद से मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराए जाने के अनुरोध वाली याचिका को वाराणसी की जिला अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दिया। सरकारी वकील ने यह जानकारी दी। सरकारी वकील राणा संजीव सिंह ने बताया कि जिला न्यायाधीश डॉ. ए.के. विश्वेश ने शिवलिंग को सुरक्षित रखने और उसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करने से जुड़े उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच और कार्बन डेटिंग की मांग करने वाली हिंदू याचिकाकर्ताओं की अर्जी खारिज कर दी।

कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग करने वाले हिंदू याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि अपने अनुरोध को लेकर वे उच्चतम न्यायालय जाएंगे। सिंह ने बताया कि वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद-श्रृंगार गौरी मामले की आगे की सुनवाई के लिए 17 अक्टूबर की तारीख तय की है। अदालत हिन्दू याचिकाकर्ताओं की अर्जी पर सुनवाई कर रही है जिसमें मस्जिद की बाहरी दीवार पर लगी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की रोजाना पूजा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है।

हिन्दू पक्ष के वकील के अनुसार, अदालत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप और जन भावना को ध्यान में रखते हुए कार्बन डेटिंग की अनुमति नहीं दी जा सकती है और वजूखाना सील ही रहेगा। गौरतलब है कि पांच हिंदू पक्षकार में से चार ने कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग की थी, जो कि अदालत के आदेश पर कराए गए मस्जिद परिसर के वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के (शेष पेज 8)

# मौलवी पर बच्चे के यौन शोषण का आरोप, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के करावल नगर स्थित एक मदरसे के मौलवी द्वारा 11 साल के बच्चे का यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है। मौलवी इसी मदरसे में रहता है। पीड़ित करीब 20 छात्रों के साथ उस मदरसे में ऊपरी मंजिल में रहकर पढ़ाई करता था। दिल्ली पुलिस ने आरोपी मौलाना मोहम्मद जावेद के खिलाफ धारा 377 और पोक्सो की धाराओं में करावल नगर थाने में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित लड़का पिछले 4 साल से मदरसे में रहकर पढ़ाई कर रहा है। गत 14 अगस्त की रात को मौलवी ने उसका यौन शोषण किया। साथ ही धमकी दी कि इस बात को वह किसी को बताए नहीं। इसके ठीक एक हफ्ते बाद मौलवी ने दोबारा से उसका यौन उत्पीड़न किया। कुछ दिन बाद बच्चा अपने घर चला गया लेकिन 7 अक्टूबर 2022 को उसकी मां उसे फिर दोबारा से मदरसा में छोड़ गई लेकिन 11 अक्टूबर को बच्चा भागकर अपने घर गुरुग्राम चला गया और सारी बात बताई।

# पनडुब्बी से बैलिस्टिक मिसाइल का किया गया सफल परीक्षण



परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● भारत अब एसएलबीएम की क्षमता से लैस विशिष्ट देशों के समूह में शामिल

**भारत** की परमाणु क्षमता से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत ने शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी में बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हथियार प्रणाली ने सभी परिचालन और तकनीकी मानक को पूरा किया।

यह प्रक्षेपण भारत की सामरिक क्षमताओं को और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आईएनएस अरिहंत द्वारा एसएलबीएम (पनडुब्बी से बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण) का 14 अक्टूबर को सफल प्रक्षेपण किया गया।

मिसाइल का परीक्षण एक पूर्व निर्धारित सीमा तक किया गया और इसने बंगाल की खाड़ी में लक्ष्य पर पूरी सटीकता के साथ निशाना साधते हुए सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। भारत की परमाणु शक्ति संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (शेष पेज 8)

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर चाकू से कई वार, हालत गंभीर

**भाषा।** सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया** में लूट के इरादे से एक हमलावर ने 28 वर्षीय एक भारतीय छात्र पर चाकू से कई वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। भारतीय प्राधिकारियों ने आस्ट्रेलिया से इस मामले से गंभीरता से निपटने तथा दोषियों के खिलाफ कार्वाई करने की उम्मीद जताई है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस बल ने एक बयान जारी कर कहा कि घटना छह अक्टूबर को रात करीब साढ़े 10 बजे की है और उस समय शुभम गर्ग पैसिफिक हाईवे पर पैदल जा रहा था।

डेली टेलीग्राफ अखबार ने बताया कि पुलिस ने 27 वर्षीय डेनियल नोर्वुड को गिरफ्तार कर लिया और उस पर हत्या के प्रयास के आरोप लगाए गए हैं। अखबार के मुताबिक, डेनियल के घर से काफी सामान बरामद किया गया और उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस बयान में कहा गया है, गर्ग के चेहरे, सीने और पेट पर चाकू से कई वार किए गए। उसने एक नजदीकी मकान में रह रहे लोगों से मदद मांगी, जिसके बाद उसे रॉयल नॉर्थ शोर अस्पताल ले (शेष पेज 8)

## पिता ने सरकार से बेटे की देखभाल के लिए तत्काल वीजा की मांग की

**आगरा।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकू से किए नस्ली हमले में गंभीर रूप से घायल एक भारतीय छात्र के पिता ने भारत सरकार से वीजा के लिए उनके अनुरोध पर तेजी से कार्यवाही करने का आग्रह किया है,ताकि उनके परिवार का कोई व्यक्ति ऑस्ट्रेलिया जा कर उनके बेटे की देखभाल कर सके। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के किरौली प्रखंड के 28 वर्षीय छात्र शुभम गर्ग पर छह अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर चाकू से 11 बार वार किया था। शुभम के पिता रामनिवास गर्ग ने अपने बेटे पर किए गए नस्ली हमले पर चिंता जताई है (शेष पेज 8)

# कोर्ट ने एकता कपूर को लगाई फटकार



**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को निर्माता एकता कपूर की वेब सीरीज एक्सएक्सएक्स में आपत्तिजनक सामग्री को लेकर फटकार लगाते हुए कहा कि वह इस देश की युवा पीढ़ी के दिमाग को दूषित कर रही हैं। शीर्ष अदालत कपूर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उनके ओटीटी प्लेटफॉर्म अल्ट बालाजी पर प्रसारित वेब सीरीज में सैनिकों का कथित रूप से अपमान करने और उनके परिवारों की भावनाओं को आहत करने के लिए उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को चुनौती दी गई। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा, कुछ (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,919 | ↑ 684 | |
| निफ्टी | 17,185 | ↑ 171 | |
| सोना | 51,098 | ↓ 261 | /10g |
| चांदी | 57,477 | ↓ 692 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक में पुजारी पर पॉक्सो के तहत एक और केस दर्ज

**बेंगलुरु** कर्नाटक मे चार लड़कियों के साथ कथित बलात्कार करने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने लिंगायत मठ के पुजारी शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत एक नया मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुजारी को बचाने के लिए दबाव की बात से इनकार करते हुए गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा कि नए मामले की जांच शुरू हो गई है। मामले को लेकर उन पर किसी प्रकार का दबाव होने की बात को खारिज करते हुए ज्ञानेंद्र ने कहा, कोई दबाव नही है। कानून के सामने कोई बड़ा या छोटा नही होता है। पुलिस ने बताया कि शरणारू के अलावा ताजा प्राथमिकी मे छह अन्य लोगों को नामजद किया गया है। इससे पहले दो अन्य लड़कियों का यौन शोषण करने के आरोप में पुजारी फिलहाल जेल में है।

# खेतों में नहीं जलेगी, किसानों को मालामाल करेगी पराली



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सरकार ने टॉरफेक्शन व पेलेटाइजेशन प्लांट लगाने के लिए तैयार की वित्तीय सहायता योजना

**केंद्र** सरकार ने शुक्रवार को किसानों और कंपनियों के लिए टॉरफेक्शन और पेलेटाइजेशन प्लांट स्थापित करने को एकमुश्त वित्तीय सहायता योजना का ऐलान किया है, ताकि देश के उत्तरी राज्यों को स्वास्थ्य के लिए घातक पराली के जहरीले धुएं से भी निजात मिल जाए और ताप विद्युत संयंत्रों एवं उद्योगों में धान की पराली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। टॉरफेक्शन और पेलेटाइजेशन प्लांट न केवल किसानों की अतिरिक्त आय का जरिए बनेंगे, बल्कि पराली जलने से होने वाले धुएं के प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। धान की पराली के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए (शेष पेज 8)

# फर्श से अर्श पर पहुंची ओडिशा की ब्लैकमेलर पर बनेगी फिल्म

**पीएनएस/एजेंसी।** भुवनेश्वर

● गरीब परिवार में जन्मी अर्चना नाग महलनुमा घर, महंगी गाड़ियों हाइब्रिड कुत्ते और सफेद घोड़े की है मालकिन



**कभी** भुखमरी के लिए पहचाने जाने वाले ओडिशा के कालाहांडी जिले में एक गरीब परिवार से आने वाली अर्चना नाग के पास अब एक महलनुमा घर, महंगी गाड़ियां, चार हाइब्रिड (मिश्रित नस्ल वाले) कुत्ते और एक सफेद घोड़ा है। अर्चना की फर्श से अर्श पर पहुंचने की कहानी इतनी दिलचस्प है कि एक उड़िया फिल्मकार ने उसके जीवन पर फिल्म बनाने की योजना बनाई है।

अर्चना को वसूली के आरोप में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, पुलिस के रिकॉर्ड में 26 वर्षीय अर्चना एक ब्लैकमेलर है, जो कथित तौर पर अमीर और प्रभावशाली लोगों जैसे कि नेताओं, कारोबारियों और फिल्म निर्माताओं से उनके अंतरंग पलों के वीडियो और तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देकर पैसे वसूलती है। कालाहांडी के लंजीगढ़ में जन्मी अर्चना की परवरिश उसी जिले के एक साधारण-से शहर केसिंगा में हुई, जहां 2015 में भुवनेश्वर आने से पहले उसकी मां काम करती थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अर्चना ने शुरूआत में एक निजी सुरक्षा कंपनी में नौकरी की और बाद में एक ब्यूटी पार्लर में काम करने लगी, जहां उसकी मुलाकात बालासोर जिले के जगबंधु चंद से हुई और 2018 में दोनों ने शादी कर ली। आरोप है कि अर्चना ब्यूटी पार्लर में काम करते हुए देह व्यापार से जुड़ा एक गिरोह चलाती थी। जगबंधु पुरानी कार का एक शोरूम चलाता था और वह नेताओं, बिल्डरों, कारोबारियों तथा अन्य अमीर लोगों को जानता था। सोशल मीडिया पर उसकी और अर्चना की कुछ विधायकों समेत प्रभावशाली लोगों के साथ ली गई तस्वीरें सामने आई हैं, जिस पर राज्य में काफी हंगामा बरपा है।

अर्चना ने भी अमीर और प्रभावशाली लोगों से दोस्ती कर ली तथा आरोप है कि वह लड़कियों को उनके पास भेजती थी। पुलिस ने दावा किया कि उसने इन प्रभावशाली लोगों की अंतरंग तस्वीरें ले लीं और बाद में उन्हें पैसों के लिए ब्लैकमेल किया। नयापल्ली पुलिस थाने में दर्ज एक शिकायत में एक फिल्म निर्माता ने आरोप लगाया है कि अर्चना ने अन्य लड़कियों के साथ ली गई उनकी अंतरंग तस्वीरें दिखाकर उनसे तीन करोड़ रुपए मांगे थे। अर्चना को एक लड़की की शिकायत पर छह अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया गया। इस लड़की ने अर्चना पर इस कथित गिरोह में उसका इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। उड़िया फिल्म निर्माता श्रीधर मारथा ने कहा कि उन्होंने अर्चना के जीवन पर एक फिल्म बनाने का फैसला किया है।

भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त प्रतीक सिंह ने कहा, इस संबंध में अभी तक अर्चना के खिलाफ केवल दो मामले दर्ज किए गए हैं। अगर अन्य पीड़ित उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हैं तो पुलिस कार्रवाई करेगी। पुलिस ने अर्चना के बैंक खातों की जानकारियां भी खंगाली है। विपक्षी दल कांग्रेस की विधायक एसएस सलुजा ने दावा किया कि अगर सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के विधायकों और मंत्रियों के साथ अर्चना के तार जुड़े होने का पर्दाफाश किया गया तो ओडिशा में नवीन पटनायक (शेष पेज 8)

# नोएडा-गाजियाबाद में फिर बढ़ने लगा प्रदूषण

## एनसीआर में 10 हॉटस्पॉट चिह्नित किए, इन इलाकों में होता है ट्रैफिक जाम और कूड़ा डंप

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद



नोएडा-गाजियाबाद में प्रदूषण फिर बढ़ने लगा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने गाजियाबाद में प्रदूषण के 10 हॉटस्पॉट चिह्नित किए हैं। ये वे इलाके हैं, जहां ट्रैफिक ज्यादा है, कूड़ा डंप होता है या फिर बिल्डिंगों का कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इन हॉटस्पॉट पर निगरानी बढ़ाने के लिए कहा है। एनसीआर के शहरों में सुबह और देर शाम के वक्त धुंध दिखनी शुरू हो गई है। ये कोहरा है या प्रदूषण, लोग तय नहीं कर पा रहे हैं।

साहिबाबाद, राजनगर एक्सटेंशन, दिल्ली-मेरठ रोड, लोनी, दिल्ली.भोपुरा बॉर्डर, साउथ साइड जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया, संजयनगर, वसुंधरा, सिद्धार्थ विहार और इंदिरापुरम हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि इंदिरापुरम को छोड़कर अन्य सभी स्थलों की पहचान पिछले साल भी प्रदूषण हॉटस्पॉट के रूप में की गई थी। 1 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप का पहला चरण लागू हो गया है। ग्रैप का मतलब होता है कि अब प्रदूषण को पूरी तरह रोकना है। रोकथाम की हकीकत सिर्फकागजों में चल रही है। न एंटी स्मॉग गन से छिड़काव हो रहा और न ही कंस्ट्रक्शन साइटों को ढका जा रहा। सड़कों पर खुले में कूड़ा फेंका जा रहा है। टूटी सड़कें जस की तस हैं। उन पर पेचवर्क नहीं कराया गया है। कूड़ाघरों से रोजाना कूड़ा नहीं उठ पा रहा है। ऐसे में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। नोएडा में प्रदूषण विभाग ने अक्टूबर के शुरुआती दो दिनों में 3.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

फेस-2 क्षेत्र स्थित भूखंड संख्या बी-30, सेक्टर-80 में ए-64, सेक्टर-83 में भूखंड संख्या-16 व 17 पर नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्य हो रहा था। इन पर जुर्माना लगाया गया है।

प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी उत्सव शर्मा ने कहा जो कारक वायु प्रदूषण बढ़ा सकते हैं, उनकी पहचान करके हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं। सबसे ज्यादा प्रदूषण वाहनों के धुएं से फैल रहा है। चिह्नित किए गए हॉटस्पॉट पर सबसे ज्यादा ट्रैफि क रहता है।

**एयर क्वालिटी इंडेक्स**

| | |
|---|---|
| मेरठ | 190 |
| ग्रेटर नोएडा | 162 |
| बुलंदशहर | 162 |
| गाजियाबाद | 160 |
| हापुड़ | 154 |
| नोएडा | 140 |

उदाहरण के तौर पर दिल्ली-मेरठ रोड, राजनगर एक्सटेंशन, लोनी, भोपुरा बॉर्डर के इलाके में सबसे ज्यादा ट्रैफिक रहता है। सिद्धार्थ विहार की सड़कें खराब हैं, इसलिए वहां धूल उड़ती रहती है। जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया में ज्यादातर फैक्ट्रियां हैं। यान हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित करने की कोई न कोई वजह जरूर है। क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा हमारी टीमें अब इन क्षेत्रों की लगातार निगरानी करेंगी। इसके लिए सभी विभागों की मदद ली जा रही है।

**तीनों प्राधिकरण के खिलाफ भकियू का हल्लाबोल**

# बढ़ा मुआवजा नहीं मिलने पर किसान नाराज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्रदशन करते किसान नेता

ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली से सैकड़ों की संख्या में किसान धरना स्थल पर पहुंचे और जमकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान तीनों प्राधिकरण के खिलाफ किसानों ने जमकर हल्ला बोला।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याओं को लेकर वह तीनों प्रधान प्राधिकरण से लंबे समय से वार्ता करते आए हैं, लेकिन उन्हें हर बार आश्वासन मिलता है। तीनों प्राधिकरण के खिलाफ एक महापंचायत का ऐलान किया गया और धरना.प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्राधिकरण की नीतियों से प्रभावित किसान इस महापंचायत में पहुंचे हैं और प्राधिकरण के खिलाफ धरना.प्रदर्शन किया है। पवन खटाना ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा किसानों को अभी तक 64 प्रतिशत बढ़ा हुआ मुआवजा नहीं दिया गया है। इसको लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया गया है, लेकिन हर बार अधिकारी आश्वासन देते हैं। साथ ही 6 प्रतिशत आवासीय भूखंड भी किसानों के नहीं दिए गए हैं। साथ ही जेवर एयरपोर्ट भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला है। इन सभी मांगों को लेकर तीनों प्राधिकरण के खिलाफ हल्ला बोर्ड प्रदर्शन किया गया। पवन खटाना ने कहा कि आज अगर उनकी मांगों को नहीं मानी जाएंगी तो वह या तो दिल्ली कूच करेंगे या लखनऊ कूच करेंगे, लेकिन अब प्राधिकरण के आश्वासन से काम नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए वरना भारतीय किसान यूनियन टिकैत एक बड़ा आंदोलन करेगी। किसानों के आंदोलन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया।

# भारतीय कारोबारी आबू धाबी में हुआ गिरफ्तार पुलिस बोली- एक अपराधी से मिलता है चेहरा

- पत्नी को भेजा स्वदेश, परिवार ने मांगी दूतावास से मदद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा से पत्नी के साथ स्विट्जरलैंड घूमने जा रहे एक बिजनेसमैन के साथ अजीबोगरीब घटना हुई है। पति-पत्नी को आबू धाबी एयरपोर्ट पर वहां की पुलिस ने रोक लिया और पत्नी को वापस भारत डिपोर्ट कर दिया गया, जबकि बिजनेसमैन को आबू धाबी पुलिस ने हिरासत में ले रखा है।

वहां की पुलिस का कहना है कि एक अपराधी के साथ उनकी शक्ल मिलती है, जिसकी तलाश आबू धाबी पुलिस कर रही है। ग्रेटर नोएडा के हबीबपुर गांव की रहने वाली उषा शर्मा ने बताया कि उनके पति प्रवीण कुमार सीमेंट और स्टील का कारोबार करते हैं। अंबुजा सीमेंट कंपनी ने दोनों पति-पत्नी को स्विट्जरलैंड के टूर पर भेजा था। यह दोनों थॉमस कुक टूअर्स लिमिटेड के जरिए 11 अक्टूबर को दिल्ली से स्विट्जरलैंड के लिए रवाना हुए थे। एतिहाद एयरवेज के हवाई जहाज से प्रवीण और ऊषा शर्मा को स्विट्जरलैंड जाना था। यह फ्लाइट बीच में आबू धाबी एयरपोर्ट पर रुकी। इन लोगों को आबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से स्विट्जरलैंड के लिए दूसरी फ्लाइट पकड़नी थी तभी आबू धाबी पुलिस ने प्रवीण शर्मा को रोक लिया। उनसे कहा गया कि आपकी शक्ल एक अपराधी से मिलती है। प्रवीण की पत्नी ऊषा शर्मा को अबू धाबी से भारत के लिए डिपोर्ट कर दिया गया है। उषा शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है, उनका कहना है कि उनके पति प्रवीण का किसी अपराधी से कोई लेना-देना नहीं है।

प्रवीण के खिलाफ कहीं कोई आपराधिक मुकदमा भी नहीं चल रहा है। डीएम सुहास एलवाई ने बताययह गलत पहचान का मामला है। प्रवीण शर्मा का किसी आपराधिक घटना से कोई सरोकार नहीं है। उनके पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य तमाम दस्तावेजों की जांच यहां करवा ली गई है।

# निगम बोर्ड की बैठक में 23 प्रस्तावों पर होगी चर्चा

**गाजियाबाद।** नगर निगम बोर्ड की कल होने वाली बैठक के हंगामेदार होने के आसार हैं। इस बोर्ड की यह अंतिम बैठक हो सकती है। बैठक में शहर में ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर हंगामा हो सकता हैं। नगर निगम आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर में विकास कार्य लगभग ठप पड़े हुए है। वैसे बोर्ड की इस बैठक में कुल 23 प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे। जिन प्रस्तावों पर पहले चर्चा हो चुकी है, उन्हें निगम ने बोर्ड की बैठक के अजेंडे में शामिल नहीं किया है। निगम बोर्ड की पिछली बैठक 16 सितंबर को हुई थी। इस बैठक में हाउस टैक्स के गलत नोटिसों, इंटीग्रेटेड स्मार्ट पार्किंग आदि को लेकर जोरदार बहस और हंगामा सदन में हुआ था। ऐसे नौ प्रस्ताव थे जिन पर पूर्व में हुई बोर्ड की बैठक में चर्चा हुई थी। ऐसे नौ प्रस्तावों को इस बार बोर्ड में पेश होने वाले अजेंडे से हटा दिया है।

# ग्रेटर नोएडा में एसएमएस से भी मिलेगा पानी का बिल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने जल-सीवर विभाग की समीक्षा करते हुए आवंटियों के लिए ये सुविधाएं जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा में लोगों को पानी का बिल जल्द ही मोबाइल पर एसएमएस के जरिए मिलने लगेगा। साथ ही पेटीएम और मित्रा ऐप के जरिए बिल का भुगतान किया जा सकेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने जल-सीवर विभाग की समीक्षा करते हुए आवंटियों के लिए ये सुविधाएं जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

वर्तमान समय में आवंटियों के पानी के बिल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाते हैं। आवंटी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन सर्विसेज के ऑप्शन पर क्लिक करके अपना बिल देख सकते हैं। माहेश्वरी ने जल.सीवर विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी आवंटियों के मोबाइल नंबर पर भी पानी का बिल भेजे जाएं। इससे आवंटियों को पानी का बिल आसानी से पता चल सकेगा। उसी मैसेज के साथ पेमेंट का लिंक भी भेजा जाएगा। उस पर क्लिक करते ही आवंटी भुगतान के विकल्प पर पहुंच जाएंगे और अपना आवंटन संख्या डालकर भुगतान कर सकेंगे।

# रोडवेज ने बनाए तीन कंट्रोल रूम

- प्रतियोगी परीक्षा के लिए शनिवार और रविवार को अतिरिक्त बसों का होगा संचालन



पीएनएस। गाजियाबाद

गाजियाबाद सहित प्रदेश के 75 जिलों में उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। इस परीक्षा में गाजियाबाद में भी 40 से अधिक सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी।

पहली पाली में परीक्षा सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे और दूसरी पाली में तीन बजे से पांच बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को उनके केंद्रों तक पहुंचाने के लिए रोडवेज शनिवार और रविवार दो दिन लगातार अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू करेगा। इसके लिए रोडवेज के गाजियाबाद रीजन ने तैयारी पूरी कर ली है। रोडवेज प्रशासन ने इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं।

रोडवेज के आरएम एके सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम रीजन में तीन जगह बनाए जा रहे हैं। पहला कंट्रोलरूम गाजियाबाद में पुराना बस अड्डे पर बनाया गया है, जिसके प्रभारी एआरएम एनके वर्मा बनाए गए हैं। उनका मोबाइल नंबर 8929465967 जारी किया गया है। इस मोबाइल पर कोई भी अभियार्थी अगर ट्रांसपोर्ट को लेकर परेशानी में है तो वह इस से जानकारी हासिल कर सकता है। इसी तरह से रोडवेज की बुलंदशहर डिपो और हापुड़ में एआरएम संदीप कुमार नायक को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है।

रोडवेज प्रशासन ने इसके लिए तैयारी पूरी कर ली है। रोडवेज प्रशासन का कहना है कि रोडवेज के गाजियाबाद रीजन में तीन जनपद जुड़े हैं। इनमें गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ शामिल हैं।


**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

Mahindra HOME FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय :– महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741

**कब्जा सूचना**

आंचलिक कार्यालय : द्वितीय तल, अशोक राज टावर, प्लॉट नंबर सीपी–162, सेक्टर डी–1, एलडीए कालोनी, निकट पावर हाउस चौराहा, आशियाना, पिन–226012, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139–141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250002, शाखा कार्यालय : एफ/एफ, प्लॉट नंबर 17, संजय नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, निकट विशाल मेगा मार्ट और पीएनबी बैंक, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश– 201001

(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में और शाखा कार्यालय गाजियाबाद, मेरठ में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का कब्जा इस 7 तारीख को ले लिया है। विशेष रूप से उपरिवर्णित कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर : 579088/ XSEMMER00476266 मेरठ शाखा) वसीम (कर्जदार) फरीद अहमद (सह–कर्जदार) अमीर जहा (सह–कर्जदार) खुशनुमा (सह–कर्जदार) | खसरा नंबर 2156/1, फ्रेन्ड्स कालोनी, निकट इरा गार्डन, मेरठ –250002 पूरब : स्वामी का प्लॉट, पश्चिम : 20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण : मोहम्मद आरिफ का प्लॉट, उत्तर : स्वामी का प्लॉट, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 675 | 31–05–2022 रू. 14,35,431/– | 13–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 2. | (एलसी नंबर : 754352/ XSEMMER00640558 मेरठ शाखा) कविता (कर्जदार) संतोष कुमार (सह–कर्जदार) | खसरा नंबर 1273, ग्राम अब्दुल्लापुर, मोहल्ला अहमदपुरा, नगर, परगना तहसील एवं जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश पूरब : नारायण सिंह और महेन्द्र की सम्पत्ति, पश्चिम : मेन अब्दुल्लापुर रोड, दक्षिण : शून्य, उत्तर : परीक्षित गढ़ रोड, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 630 | 31–05–2022 रू. 9,59,319/– | 12–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 3. | (एलसी नंबर : 539103/ XSEMMER00451176 मेरठ शाखा) मोहम्मद सुहैल (कर्जदार) आस्मा खातून (सह–कर्जदार) | खसरा नंबर 253, ग्राम पीलना, ग्राम सोफीपुर रूड़की रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250001 पूरब : पोखर की भूमि, पश्चिम : जाकिर का मकान, दक्षिण : रास्ता 10 फीट, उत्तर : अन्य का प्लॉट, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 459 | 31–05–2022 रू. 13,17,354/– | 12–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 4. | (एलसी नंबर : 708631/ XSEMMER00591820 मेरठ शाखा) देवेन्दर सिंह (कर्जदार) कुंती (सह–कर्जदार) राम सरन (सह–कर्जदार) | खसरा नंबर 351, न्यू मुल्तान नगर, माजरा मलियाना, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250002, पूरब : रास्ता 30 चौड़ा, पश्चिम : अन्य का प्लॉट, दक्षिण : प्लॉट नंबर ए–78, उत्तर : प्लॉट नंबर ए–80, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 1800 | 11–06–2022 रू. 20,66,428/– | 12–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 5. | (एलसी नंबर : 740121/ XSEMMER00628902 मेरठ शाखा) शकील (कर्जदार) शादाब (सह–कर्जदार) शबनम (सह–कर्जदार) | मकान नंबर 42/137, मोह लुहारान आबादी कस्बा पिलखुवा परगना डासना, तहसील धौलाना, जिला हापुड़–245304 पूरब : दलवीर का मकान., पश्चिम : इस्तियार का मकान, दक्षिण : 3 फीट चौड़ी गली उसके बाद सुरेश का मकान, उत्तर : अन्य का मकान, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 750 | 11–06–2022 रू. 7,88,925/– | 13–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 6. | (एलसी नंबर : 761697/ XSEMMER00656767 मेरठ शाखा) संगीता (कर्जदार) सुरेन्द्र (सह–कर्जदार) | प्लॉट नंबर ए–46 का भाग, खसरा नंबर 304, ओम साई वाटिका, मोहिउद्दीनपुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250103 पूरब : प्लॉट नंबर ए–45, पश्चिम : प्लॉट नंबर ए–46 का भाग, दक्षिण : प्लॉट नंबर ए–35, उत्तर : रास्ता 20 फीट चौड़ा, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 900 | 30–05–2022 रू. 13,40,240/– | 13–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 7. | (एलसी नंबर : 881296/ XSEMGZB00858786 गाजियाबाद शाखा) सलमान (कर्जदार) सलमा (सह–कर्जदार) | प्लॉट नंबर 14 एवं 14 ए, खसरा नंबर 602, रामगिरि, पिलखुवा, हापुड, उत्तर प्रदेश–245301 पूरब : नाला, पश्चिम : 15 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण : 15 फीट चौड़ी रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर 14, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 647 | 31–05–2022 रू. 8,40,942/– | 11–10–2022 भौतिक कब्जा |
| 8. | (एलसी नंबर : 713999/ XSEMGZB00615689 गाजियाबाद शाखा) इरफान (कर्जदार) रूबीना (सह–कर्जदार) | आवासीय प्लॉट नंबर 239, मोहल्ला ईदगाह, मुराद नगर, जलालाबाद, मोदीनगर, गाजियाबाद पूरब : सम्पत्ति इस्लाम, पश्चिम : सम्पत्ति मस्जिद, दक्षिण : 9 फीट चौड़ी रोड, उत्तर : उस्मरदीन की सम्पत्ति, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 472 | 13–08–2021 रू. 5,13,430/– | 11–10–2022 भौतिक कब्जा |

स्थान : दिल्ली, एनसीआर, मेरठ तिथि : 15–10–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS TARUNDEEP SINGH, CS NO. 2836/17 | Vehicle No. DL8CAJ2590, Make and Model- MARUTI SUZUKI INDIA LTDSWIFT VXI, Manu Year -2014 |
| ICICI BANK LTD VS VINOD, CS no. 389/2018 | Vehicle No. UP16DT5090, Make and Model- TATA MOTORS LTDSUPPER ACE, Manu Year -2016 |
| ICICI BANK LTD VS VIPUL VOHRA, CS SCJ No. 151/19 | Vehicle No. DL1RTA6383, Make and Model- WAGON R LXI CNG, Manu Year -2016 |
| ICICI BANK LTD VS MOHAN BROS NIZAMUDDIN, C.S. (COMM) 1757/19 | Vehicle No. UP16DT2235 and UP16DT2232 Make and Model- TRAVELLER 26 PLUS D WB 4020, Manu Year -2015 |
| ICICI BANK LTD VS SUCHETA SHARMA, CS.(C) 2700 OF 19 | Vehicle No. DL12CK7439, Make and Model- MARUTI UDYOG LTD WAGON R, Manu Year- 2016 |
| ICICI BANK LTD VS SARVJEET., CS (COMM) No. 959/2021 | Vehicle No. DL1ZC7097, Make and Model- HYUNDAIGRAND I10, Manu Year -2019 |
| ICICI BANK LTD VS NAVNEET KUMAR , CS(Comm) No 1089 of 2020 | Vehicle No. HR26CU2230, Make and Model – TOYOTA KIRLOSKAR ETIOS SEDAN, Manu Year -2015 |
| ICICI BANK LTD VS SUNDER, CS – 3033/17 | Vehicle No. HR55W0272, Make and Model– TATA ACE, Manu Year -2015 |

**Auction Date:** October 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS PLANMAN HR PVT LTD, O.A No.279 of 2020 | Vehicle No. DL4CAQ9000, Make and Model- LAND ROVER, Manu Year-2011. Reserve Price: Rs. 9,00,000/-, EMD Amount: Rs. 90,000/- |
| ICICI BANK LTD VS AJAY DHARIWAL, O.A No. 434/2018 | Vehicle No. DL1RTA6924, Make and Model- MARUTI UDYOG LTDSWIFT DZIRE, Manu Year -2016.Reserve Price: Rs.1,40,000/-, EMD Amount: Rs14,000/- |
| ICICI BANK LTD VS RAJNI, OA No. 131/2021 | Vehicle No. DL8CAR9164, Make and Model- BMW, Manu Year -2017.Reserve Price: Rs. 27,00,000/-, EMD Amount: Rs. 2,70,000/- |

**Auction Date:** November 02, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASLAM KHA, CS (Comm) No.3444 of 2021 | Vehicle No. UP14HT7751, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD PARTNER, Manu Year -2019 |
| ICICI BANK LTD VS RASHID ALI, CS (Comm) No 1695/2022 | Vehicle No. UP14JT1112, Make and Model – TATA MOTORS LTDLPT 909, Manu Year - 2019 |

**Auction Date:** October 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and EMD (wherein applicable) to participate in the auction. DD/PO of EMD amount is to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi.

Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount(wherein applicable) will be forfeited.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MAHINDRA_FURIO REG. NO. UP14HT8805-YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 338600

2) TATAMOTORS_TATAXENON REG. NO. HR55AG3807- YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 203502

3) TATAMOTORS_LPT1412 REG. NO. HR38AA1748-YOM - 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 558907

4) TATAMOTORS_LPT909CH REG. NO. DL1MA3043-YOM- 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 382767

5) SWRJ_MAZDA_SM_SARTAJ REG. NO. DL1LAA6846-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 274068

6) SWRJ_MAZDA_SM_SARTAJ REG.NO. DL1LAA6811-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 274068

7) TATAMOTORS_T1518FBGD REG.NO. UP14HT4779-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 497786

8) TATAMOTORS_TLPT1109CT REG. NO. UP16GT0480-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 530115

9) SML_SMLSARTAJ REG. NO. DL1LAC1870-YOM- 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 361314

10) TATAMOTORS_T1518CBGD REG. NO. UP14GT7298-YOM -2017
MINIMUM RESERVE PRICE 453629

11) TATA_LPT709FB REG. NO. DL1LAC6109-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 540088

12) EICHR_VECV_EICHER1114 REG. NO. HR55AF4730-YOM- 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 795245

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 29.10.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR CONTACT :RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL-rajesh.antil@kotak.com


# संक्षिप्त समाचार

## डोर टू डोर कलेक्शन की जद में होंगे सभी गांव



सीईओ ऋतु माहेश्वरी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा के हर गांव व सेक्टर को स्वच्छ बनाने के लिए डोर टू डोर कलेक्शन से जोड़ने और हर घर से कूड़ा उठवाने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान समय में डोर टू डोर कलेक्शन से कुछ गांव व सेक्टर अछूते रहे गए हैं। दरअसल, वर्तमान समय में डोर टू डोर कलेक्शन के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा को पांच क्लस्टर में बांटकर डोर टू डोर कलेक्शन कराया जा रहा है। क्लस्टर एक के अंतर्गत सेक्टर 20, अल्फा वन व टू, बीटा वन व टू, गामा वन व टू, रामपुर जागीर, नवादा गांव है। क्लस्टर दो के अंतर्गत डेल्टा वन, टू व थ्री, ईटा वन व टू, जीटा वन व टू, नॉलेज पार्क फोर, थीटा टू, साकीपुर व जैतपुर गांव हैं। क्लस्टर तीन में ज्यू वन, टू व थ्री, म्यू, म्यू वन व टू, रायपुर बांगर व घोड़ी बछेड़ा शामिल हैं।

## झपटमारों ने युवक के गले से सोने की चेन लूटी

**नोएडा।** बाइक सवार बदमाशों ने गुरुवार शाम को अंतरिक्ष ग्रीन सोसाइटी के गेट के बाहर एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन लूट ली। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर-49 थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत सत्य नारायण ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-50 में रहते हैं। सत्य नारायण शाम को अंतरिक्ष ग्रीन सोसाइटी के बाहर टहल रहे थे। जब वह सोसाइटी के मुख्य गेट के बाहर पहुंचे तो पीछे से बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उनके गले से सोने की चेन तोड़ ली और दोनों भाग गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों का पता लगाने के लिए वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं, बाइक सवार बदमाशों ने ही सेक्टर.126 थानाक्षेत्र के रायपुर गांव की अनीशा नाम की महिला से मोबाइल लूट लिया।

## आप का युवा सम्मेलन 16 को: भूपेद्र जादौन

**नोएडा।** 16 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के युवा प्रकोष्ठ द्वारा युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने दी। उन्होंने बताया कि मोरना बारातघर में पश्चिमी प्रांतीय युवा महासम्मेलन होगा जिसमें राज्यसभा सांसद तथा उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन में शिरकत करेंगे। जादौन ने कहा कि इस सम्मेलन में युवाओं की बेरोजगारी, विभिन्न परीक्षाओं को देरी से कराने, पेपर लीकेज तथा नौकरी न देने की मांगों पर विचार किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश भर के खासतौर पर पश्चिमी उप्र के हर जिले से हजारों युवा भाग लेंगे। आज सेक्टर.29 गंगा शॉपिंग काम्पलैक्स स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष ने उक्त जानकारी दी। इस मौके पर आम आदमी पार्टी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना, जिला महामंत्री राकेश अवाना आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

## गौतम बुद्ध नगर में दिल्ली फेयर शुरू, लगा जाम

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों का सबसे बड़ा मेला ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुरू होने के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों के वहां गाड़ियों से पहुंचने के कारण सड़कों पर भीषण जाम गया। यह जाम नॉलेज पार्क अंडरपास के नीचे दिल्ली से आने वाले एक्सप्रेस-वे से यमुना प्राधिकरण तक लगा है। जाम की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नोएडा ट्रैफिक पुलिस और थाना नॉलेज पार्क पुलिस यातायात को सुचारू करने में जुटे हैं। सुबह-सुबह लोग जब अपने घरों से कार्यस्थल के लिए निकले तो उन्हें जाम का सामना करना पड़ा। यह जाम एक्सपो मार्ट में शुरू हुए दिल्ली फेयर के कारण लगा। जहां लोग अपनी अपनी कारों से पहुंच रहे थे।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भव्य तरीके से 1100 जगहों पर मनेगा छठ महापर्व

## घाटों पर एलईडी स्क्रीन, पावर बैकअप, पीने का पानी, शौचालय, एम्बुलेंस व प्राथमिक उपचार की होगी सुविधाएं : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव के मद्देनजर दिल्ली की राजनीति गर्मा गई है। पार्टियां अभी से मतदाताओं को लुभाने में जुट गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी संख्या में बिहार और पूर्वांचल के लोग रहे हैं।

चुनावों में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में इन लोगों पर डोरे डालने के मकसद से आम आदमी पार्टी लोक अस्था का महापर्व छठ इस साल 1100 जगहों पर भव्य तरीके से मनाने का ऐलान किया है। इसके आयोजन के लिए सरकार 25 करोड़ रुपये खर्च करेगी।


फाइल फोटो

छठ घाटों व्रतियों के लिए एलईडी स्क्रीन, पावर बैकअप, पीने का पानी, शौचालय, एम्बुलेंस और प्राथमिक उपचार समेत सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराएगी। इसके अलावा घाटों पर लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस संभालेगी और चप्पे-चप्पे की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहा कि कोरोना की तीव्रता कम हो गई है, लेकिन अभी गया नहीं है इसलिए सब लोग कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन जरूर करें। अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार ने इस बार छठ महापर्व को बड़े पैमाने पर मनाने की तैयारियां तेज कर दी है। कोविड-19 महामारी के बाद पहली बार भव्य तरीके से 1100 जगहों पर छठ महापर्व मनाया जाएगा। वर्ष 2014 में केवल 69 स्थानों पर छठ पूजा मनाई जाती थी और तब की तत्कालीन सरकार 2.50 करोड़ रुपए पर खर्च करती थी, जबकि इस बार उनकी सरकार 25 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। उन्होंने छठ महापर्व की तैयारियों के संबंध में कहा कि 30 और 31 अक्टूबर को छठ का त्योहार है।

पूरे देश के लोग मिलकर छठी मैया से आशीर्वाद मांगेंगे और सूर्य भगवान की पूजा कर उनसे आशीर्वाद मांगेंगे। सभी लोग अपने व अपने परिवार, देश वासियों के स्वास्थ्य और उनकी तरक्की के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। गत वर्ष सार्वजनिक रूप से बड़े स्तर पर छठ पूजा नहीं मना पाए थे, क्योंकि कोरोना था। हालांकि सब लोगों ने अपने-अपने घरों में छठ पर्व मनाया, लेकिन जिस तरह से हम सभी लोग बाहर आकर सामूहिक रूप से छठ महापर्व मनाते थे, वो नहीं मना पाए। लेकिन इस बार सभी लोग अपने परिवार के साथ धूमधाम से छठ महापर्व मनाएंगे।

### बिजली आपूर्ति के लिए बैकअप की होगी व्यवस्था

हर साल की तरह टेंट, साउंड सिस्टम, चेयर टेबल लगाए जाएंगे। जगह-जगह बहुत सारे एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएंगी। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिसे देखने के लिए काफी लोग आते हैं। दिल्ली में अब 24 घंटे बिजली है, फिर भी अगर कहीं कोई स्थानीय गड़बड़ी की आपूर्ति बाधित हो जाए तो हर जगह पावर बैकअप का भी इंतजाम किया है। साफ-सफाई का भी विशेष इंतजाम किया गया है। इसके अलावा, हर जगह एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार का भी इंतजाम किया गया है, ताकि अगर कहीं कोई बीमार हो जाए, तो उसे तुरंत प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। ज्ञात हो एमसीडी चुनाव के चलते दिल्ली सरकार ने छठ की तैयारियों को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है।

# साईबाबा की नौकरी बहाली पर डीयू करेगा विचार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● रामलाल कॉलेज में कार्यरत थे प्रोफेसर

दिल्ली विश्वविद्यालय के राम लाल आनंद कॉलेज ने कहा कि अगर जीएन साईबाबा की संकाय सदस्य के रूप में बहाली के संबंध में कोई अभ्यावेदन मिलता है तो उसका शासी निकाय इस मामले पर गौर करेगा।

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को माओवादियों से कथित संबंध से जुड़े मामले में बरी कर दिया। अदालत ने उन्हें तत्काल जेल से रिहा करने का भी आदेश दिया। वहीं, उच्चतम न्यायालय ने साईबाबा को कथित माओवादी संपर्क मामले में बरी करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, न्यायालय ने एनआईए को अनुमति दे दी कि वह तत्काल सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध करते हुए रजिस्ट्री के समक्ष आवेदन दे सकती है। कॉलेज ने पिछले साल साईबाबा की सेवाएं बर्खास्त कर दी थीं। उनकी पत्नी ए.एस. वसंत कुमारी ने कॉलेज की इस कार्रवाई को कर्मचारी के अधिकारों का हनन करार दिया था। यह पूछे जाने पर कि अदालत द्वारा बरी किए जाने पर क्या साईबाबा को बहाल किया जाएगा, प्रधानाचार्य राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कॉलेज इस मामले को स्वयं नहीं उठा सकता है।

यदि उन्हें कोई अभ्यावेदन प्राप्त होता है, तो मामले को चर्चा के लिए शासी निकाय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उनकी बर्खास्तगी का मामला पहले से ही अदालत में विचाराधीन है। पुलिस द्वारा वर्ष 2014 में गिरफ्तारी के बाद अंग्रेजी के प्रोफेसर साईबाबा को निलंबित कर दिया गया था।

# मांगों को लेकर सफाई कर्मियों की हड़ताल

● बकाया वेतन और नियमित नहीं करने से नाराज है कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सफाई सैनिकों का एक गुट अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इन लोगों की मांग है कि बकाया वेतन और 20 साल से अधिक समय से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों को नियमित किया जाए। पक्के हुए कर्मचारियों का बकाया एरियर दिया जाए।

करुणामूलक आधार पर लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए नौकरी दी जाए। कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए कैशलेस इलाज स्कीम जारी की जाए। केंद्र सरकार द्वारा घोषित मंहगाई भत्ते की बढ़ोत्तरी को निगम में लागू किया जाए, दिवाली पर बोनस दिया जाए। इस बीच दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत का कहना है कि सभी कर्मचारियों को समय रहते बोनस तो मिलेगा। साथ कई और उपहार भी मिलेंगे।

गहलोत ने बताया कि इस बाबत उनकी नगर निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बृहस्पतिवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एमसीडी सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष संत लाल चावरिया ने कहा कि 15,000 से अधिक सफाई कर्मी हैं, जो पिछले 20-25 वर्षों से खुद को नियमित किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। कर्मचारियों को पिछले तीन साल से बोनस भी नहीं मिला है और उनका एक महीने का वेतन भी बकाया है। चावरिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दिवाली का त्योहार नजदीक है, लेकिन सफाई कर्मियों के पास इसे मनाने के लिए पैसा नहीं है। उन्हें न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही उन्हें स्थाई किया जा रहा है। इसे बंद करना होगा।

उन्होंने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का फैसला किया है। चावरिया ने दावा किया कि सफाई कर्मियों को पहले भी नियमित किए जाने के कई आश्वासन दिए गए हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब वह अपनी मांगें पूरी न होने तक हड़ताल खत्म नहीं करेंगे।

## बिजली की कीमतों को लचीला बनाना घातक होगा : सिसोदिया

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उदयपुर में देशभर के उर्जा मंत्रियों की बैठक में शिरकत की। इसमें अलग-अलग राज्यों में चल रही बिजली कंपनियों की माली हालत, स्मार्ट बिजली मीटर लगवाने, रीन्यूबल एनर्जी जैसे सौर उर्जा, पवन उर्जा आदि के उत्पादन को बढ़ाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में केंद्र सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि सरकार जल्द ही यह व्यवस्था भी लाने वाली है जिसमें बिजली की दरों के निर्धारण का वर्तमान तरीका बदल जाएगा और नई व्यवस्था में बिजली उत्पादन, सप्लाई आदि में हो रहे खर्चों की वर्तमान कीमतों के आधार पर बिजली के दामों में निरंतर उतार-चढ़ाव आता रहेगा।

# पीडब्ल्यूडी की सड़कें सप्ताहभर में होंगी गड्ढा मुक्त

● बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पिछले दो हफ्तों में हुई झमाझम बारिश से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके चलते दुर्घटना की की आशंका बढ़ गई है। साथ ही लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए, सरकार ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्ग आने वाली सभी सड़कों को एक सप्ताह में गुड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने विभाग के अधिकारी को अपने कार्यक्षेत्र में आने वाली सभी सड़कों का निरीक्षण करने और जरुरत के अनुसार उसकी मरम्मत कर एक सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि पिछले दो हफ्तों के दौरान, दिल्ली में भारी बारिश हुई है, जिसके परिणामस्वरूप सड़कों को काफी नुकसान हुआ है। पीडब्ल्यूडी की कई सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे लोगों को आवाजाही करने में काफी असुविधा हो रही है। इसके मद्देनजर सरकार ने फैसला लिया है और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सप्ताह भर के भीतर पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों को गड्ढामुक्त बनाया जाए व सड़कों पर और जरुरी मरम्मत कार्य किए जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि लगभग 1400 किमी सड़क का विस्तार पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत है और बाकी सभी सड़कें एमसीडी, डीडीए, एनडीएमसी, एनएचएआई आदि के पास हैं। ऐसे में इन 1400 किलोमीटर सड़कों को मजबूत और बनाए रखने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है। वह सड़कों को बेहतर बनाकर लोगों को अवरोध मुक्त सड़क देने के लिए प्रतिबद्ध है।

सिसोदिया ने कहा कि इस बाबत पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि संबंधित डिवीजनल, एग्जीक्यूटिव इंजिनियर द्वारा तुरंत निरीक्षण किया जाए और सभी गड्ढों की मरम्मत और सड़क पर किसी भी अन्य बाधाओं को एक सप्ताह के भीतर समयबद्ध तरीके से दूर किया जाए।

# दिवाली पर न लगे आग, 30 स्थानों पर अग्निशमन उपकरण किए तैनात



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिवाली के निकट आने के मद्देनजर दिल्ली दमकल सेवा यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजना बना रहा है कि रोशनी के इस त्योहार को मनाते समय कोई परेशानी पैदा नहीं हो। दमकल विभाग ने शुक्रवार को बताया कि उसके कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और समूची दिल्ली में 30 स्थानों पर अग्निशमन उपकरण तैनात किए गए हैं। उसने कहा कि विभाग आग से संबंधित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस साल दिवाली 24 अक्टूबर को है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद विभाग को 2021 में दिवाली पर आग लगने की घटनाओं से संबंधित 152 से अधिक फोन आए थे। बहरहाल, 2020 से इस संख्या में 25 प्रतिशत की कमी आई और यह संख्या 15 वर्षों में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा नियंत्रण कक्ष आमतौर पर दिवाली पर फोन से मिलने वाली अधिकतम सूचना का जवाब देता है और आपात स्थिति से निपटने के लिए दमकलकर्मियों को हर समय तैयार रहने की जरूरत होती है। इस साल भी करीब 2,900 दमकलकर्मी आपात स्थिति से निपटने के लिए ड्यूटी पर होंगे। दमकल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि व्यवस्थाओं के अनुसार, दमकल विभाग 23 और 24 अक्टूबर को शाम पांच बजे से मध्यरात्रि तक 22 व्यस्त स्थानों में से प्रत्यक पर दमकल वाहन तैनात करेगा। इसके अलावा, अग्निशमन उपकरणों से लैस मोटरसाइकिल को संकरी और भीड़भाड़ वाले पांच अन्य स्थानों पर तैनात किया जाएगा। इनमें अंबेडकर नगर, चांदनी चौक, सब्जी मंडी घंटा घर, पहाड़गंज शीला सिनेमा और गांधी नगर शामिल हैं। विभाग कनॉट प्लेस, गीता कॉलोनी और जे रोड जैसे स्थानों पर अग्निशमन उपकरणों से लैस अन्य वाहनों को तैनात करेगा। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, हम इस दिवाली आग से संबंधित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमारा विभाग यात्रा के समय को कम करने के लिए विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती कर रहा है।

# भाजपा महिला मोर्चा का आप दफ्तर पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केजरीवाल गोपाल इटालिया जैसे नेताओं को पार्टी से निकालें और देश से मांगे माफी : बिधूड़ी

गुजरात आम आदमी पार्टी अध्यक्ष गोपाल इटालिया के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान से भाजपा नेता भड़क गए हैं।



उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और इटालिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने आम आदमी पार्टी के दफ्तर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल और इटालिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष योगिता सिंह की अगुवाई महिलाओं ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता देश की संस्कृति को भूल बैठे हैं और एक मां का अपमान करके मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल ने एक बार भी अपने कार्यकर्ताओं की अभद्रता पर रोष व्यक्त नहीं किया और न ही उन्हें ऐसा करने से रोका। इसके विपरीत वह सोशल मीडिया पर गोपाल इटालिया को बढ़ावा दे रहे हैं।

केजरीवाल गोपाल इटालिया और उनके जैसे तमाम नेताओं को पार्टी से निकालें और पूरे देश से इस अपराध के लिए माफी मांगें।

# एलजी बनकर बहन की नियुक्ति की सिफारिश, एफआईआर दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के एक सहायक प्रोफेसर ने एलजी बनकर बहन की नियुक्ति की सिफारिश की।

विश्वविद्यालय के कुलपति महेश वर्मा ने फोन कॉल की वास्तविकता का पता लगाने के लिए उपराज्यपाल कार्यालय से संपर्क किया, लेकिन पता चला कि एलजी की ओर से कोई कॉल नहीं की गई थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कर लिया है। उपराज्यपाल बनकर फोन करने के इस मामले में दो अक्टूबर को द्वारका पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद नियुक्ति की कवायद रद्द कर दी गई। छानबीन फोन कॉल करने वाले आरोपी की पहचान अर्थशास्त्र विभाग के एक सहायक प्रोफेसर के रूप में हुई, जिसने विश्वविद्यालय में शिक्षक पद के लिए अपनी बहन के नाम की सिफारिश की थी। जांच में यह भी पता चला कि यह कॉल ब्रिटेन स्थित नंबर से की गई थी। यह भी पता चला कि सहायक प्रोफेसर की बहन और उसके पिता को भी कॉल करने में इसी नंबर का इस्तेमाल किया गया था।

# सत्येंद्र जैन को मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित करने की याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● धन शोधन के मामले में जेल में बंद है दिल्ली सरकार के मंत्री



उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन को मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित करने का अनुरोध करने वाली अर्जी पर दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को शुक्रवार को याचिकाकर्ता पर 20,000 रुपए का जुर्माना लगाकर खारिज कर दिया।

उच्च न्यायालय ने 16 अगस्त को अपने आदेश में इस संबंध में याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह जैन को मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति नहीं घोषित कर सकता तथा उन्हें विधानसभा की सदस्यता और दिल्ली सरकार के मंत्री के तौर पर अयोग्य नहीं ठहरा सकता।

न्यायमूर्ति एस.के. कौल और न्यायमूर्ति ए.एस. ओका की पीठ ने कहा, याचिका इतनी भ्रामक और न्यायिक समय की बर्बादी है कि याचिकाकर्ता से अदालत खर्च के तौर पर 20,000 रुपए वसूले जाने की जरूरत है। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए निर्देश दिया कि यह रकम उच्चतम न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के पास चार हफ्तों के अंदर जमा की जाए। याचिका में दावा किया गया है, यह भी दलील दी गई है कि दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के समक्ष कहा था कि उनकी याददाश्त चली गई है और इस बात की सूचना विशेष न्यायाधीश, राउज एवेन्यू जिला अदालत, नई दिल्ली को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने दे दी है। जैन 2015 से शकूर बस्ती सीट से विधानसभा सदस्य हैं।

# बम से उड़ाने की धमकी के बाद आईजीआई पर उतरा रूसी विमान

● सीआईएसएफ को भेज गया था धमकी भरा ईमेल, जारी हुआ अलर्ट

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली

रूस की राजधानी मॉस्को से आ रहे एक यात्री विमान में बम की धमकी के बाद बृहस्पतिवार देर रात से इसे दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। विमान में कुल 400 लोग सवार थे।

रूसी विमानन कंपनी एयरोफ्लोट की उड़ान संख्या एसयू-232 ने बृहस्पतिवार देर रात करीब दो बजकर 48 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग की। यात्रियों और चाल दल के सदस्यों को विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस के अनुसार, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को बृहस्पतिवार रात को विमान में बम की चेतावनी वाला ईमेल मिला था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान जैसे ही उतरा, उसमें सवार 386 यात्रियों और चालक दल के 14 सदस्यों को तुरंत उतारा गया। अधिकारी के मुताबिक, विमान की जांच की गई और अब तक उसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

उन्होंने बताया कि विमान को अलग रखा गया है। एक अधिकारी ने बताया, बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे आईजीआई नियंत्रण कक्ष के सोशल मीडिया अकाउंट पर एक धमकी भरा संदेश मिला था, जिसमें आईजीआई हवाई अड्डा आ रहे रूसी विमान एसयू-272 में बम होने की सूचना दी गई थी।

विमान देर करीब दो बजकर 48 मिनट पर सुरक्षित उतर गया। अधिकारी ने कहा कि एअरोफ्लोट द्वारा संचालित बोइंग 777 विमान की लैंडिंग के लिए पूर्ण आपातकाल की घोषणा की गई थी।

# कनॉट प्लेस के स्मॉग टावर 300 मीटर तक असरदार

## आबोहवा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए और बेहतर तरीके से करेंगे काम : गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एक साल पहले कनॉट प्लेस में लगाये गए स्मॉग टावर करीब 300 मीटर तक असरदार साबित हो रहे है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने टावर की कार्यक्षमता की जानकारी दी।

गोपाल राय ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टावर का दौरा किया। पर्यावरण ने बताया यह स्मॉग टावर वायु प्रदूषण को 50 मीटर तक 70 से 80 प्रतिशत और 300 मीटर की दूरी पर 15 से 20 प्रतिशत तक कम करता है।


कनॉट प्लेस में लगे स्मॉग टावर का निरीक्षण करते गोपाल राय।

वायु प्रदूषण को कम करने में 300 मीटर की दूरी तक स्मॉग टावर का प्रभाव रहा है। आइआइटी मुंबई के पिछले एक साल के अध्ययन की अंतरिम रिपोर्ट आने के बाद राय ने यह दावा किया है।

राय ने बताया कि इसको और बेहतर किया जा रहा है। वैज्ञानिक को जो दिक्कतें सामने आ रही हैं उन्हें एक-एक करके दूर कर रहे हैं। आने वाली सर्दियों में यह कितना प्रभावशाली होगा इसका अध्ययन करने के बाद ही यह टीम अपनी फाइनल रिपोर्ट सौंपेगी। इसके आधार पर सरकार आगे निर्णय लेगी। राय ने कहा कि राजधानी में और अधिक स्मॉग टावरों का निर्माण पायलट परियोजना की सफलता पर निर्भर करेगा।

### 'कम लागत के लिए अध्ययन की जरूरत'

गोपाल राय ने एक्सपर्ट टीम से आग्रह किया है कि इस स्मॉग टावर को लगाने में 20 करोड़ की लागत आई है। यदि हमें दिल्ली के और भी जगहों पर इसे लगाने हैं तो इसकी लागत में कमी लाने का अध्ययन करें। दिल्ली के परिस्थिति के हिसाब से स्मॉग टावर को और कैसे बेहतर किया जा सके, इसको लेकर भी एक्सपर्ट टीम को अध्ययन करने को कहा गया है। एक्सपर्ट टीम के रिपोर्ट के आधार पर सरकार आगे का कदम उठाएगी। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पिछले साल स्मॉग टावर स्थापित किया गया था। दुनिया के अंदर चीन में इस प्रकार के स्मॉग टावर स्थापित किया गया था।

## लखनऊ से दिल्ली लाए गए 103 किलो पटाखे जब्त

नई दिल्ली। राजधानी में पटाखों के इस्तेमाल और उसकी बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद बिक्री की इरादे से 103 किलोग्राम पटाखे रखने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सदर बाजार इलाके के तेलीवाड़ा चौक इलाके में बृहस्पतिवार की रात गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक के हाथों में प्लास्टिक का थैले देखे। उन थैलों की जांच के दौरान पुलिस ने पटाखे बरामद किए। पटाखों का कुल वजन 103 किलोग्राम है। मशरूल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने कहा कि बिहार के खगड़िया निवासी मशरूल ने खुलासा किया कि उसने करीब एक हफ्ते पहले सदर बाजार के गांधी मार्केट में एक गोदाम किराए पर लिया था।

# अदालत ने जहांगीरपुरी हिंसा केस में आरोपी को जमानत दी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● दंगा करने और हत्या का प्रयास जैसे मामले में थे दर्ज

जहांगीरपुरी हिंसा मामले में दंगाई भीड़ का हिस्सा होने के आरोपी एक व्यक्ति को अदालत ने जमानत दे दी।

अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है और आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

अदालत तबरेज की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत दंगा, हमला और हत्या का प्रयास समेत विभिन्न अपराध करने का आरोप लगाया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार ने आरोपी तबरेज को 25,000 रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पेश करने का आदेश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है और आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया जा चुका है। अदालत ने कहा, मुकदमे की सुनवाई पूरी होने में लंबा समय लगेगा और आरोपी को न्यायिक हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 16 अप्रैल, 2022 को जब हनुमान जयंती शोभायात्रा जहांगीरपुरी के ई ब्लॉक से सी ब्लॉक में जामा मस्जिद के पास पहुंची तो अंसार नाम के एक व्यक्ति ने शोभायात्रा संचालकों के साथ बहस शुरू कर दी।

## सोहना खंड की ग्राम पंचायतों का आरक्षण ड्रॉ फिर से किया

**सोहना।** पंचायत चुनाव को लेकर दोबारा से हुए आरक्षण ड्रॉ में कई पंचायतों में सरपंच पद में उल्टफेर हुआ है। महिलाओं को आरक्षण में 50 फीसदी हिस्सा दिया गया है। हाई कोर्ट के आदेश पर ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा की सामान्य वर्ग की जनसंख्या अधिक होने के कारण ड्रॉ फिर से किया गया था। शुक्रवार को खंड की 35 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद का आरक्षण ड्रॉ निकालने का एक मात्र कारण ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा में सामान्य वर्ग की आबादी अधिक होना था। इससे पहले 29 सितम्बर को पहली बार निकाले गए आरक्षण ड्रॉ में हरियाहेड़ा पंचायत को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया था। जिसको लेकर इसी गांव के निवासी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए आरक्षण को चुनौती दी थी।

# गुरुग्राम में 20 अक्टूबर से स्वीकार नहीं होगा मिक्स कचरा

### गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करना अनिवार्य

### वार्ड वाईज टीमें रखेंगी कचरा कलेक्शन प्रणाली पर नजर

### नियमों की अवहेलना पर किए जाएंगे चालान

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम की ओर से आगामी 20 अक्टूबर 2022 से मिक्स कचरा नहीं उठाया जाएगा। यानी अब सभी घरों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखना होगा, तभी आपके घरों से कचरा उठाया जाएगा। नगर निगम की ओर से यह निर्णय लेने के साथ यह भी कहा गया है कि अगर नियमों की अवहेलना की गई तो चालान भी काटे जाएंगे। वार्ड वाईज टीमें कचरा कलेक्शन प्रणाली पर नजर रखेंगी।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि बंधवाड़ी में कोई भी ताजा कचरा नहीं डाला जाएगा। ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के अनुसार विकेन्द्रीकृत तरीके से अन्य वैकल्पिक स्थानों पर प्रोसेसिंग किया जाएगा। नियम के अनुसार प्रत्येक नागरिक, आरडब्ल्यूए, बल्क वेस्ट जनरेटर, होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, उद्योग, संस्थान व धार्मिक स्थलों सहित सभी प्रकार के कचरा उत्पादकों को प्राथमिक स्तर पर ही कचरे को तीन श्रेणियों में अलग-अलग करना अनिवार्य है। इसमें गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक श्रेणी का कचरा शामिल है, जिसे प्राथमिक स्तर पर ही अलग-अलग करके नगर निगम गुरुग्राम द्वारा अधिकृत एजेंसी को देना जरूरी है।

**50 किलो से अधिक कचरे का खुद ही करें निपटान** : ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की धारा-4 के अनुसार प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पादन करने वालों को बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा गया है। इनके लिए अपने परिसर के अंदर ही जैविक कचरे को खाद या जैव-मिथेनेशन के माध्यम से प्रोसेसिंग, उपचारित या निपटान करना अनिवार्य है। साथ ही शेष बचे कचरे को अधिकृत एजेंसी को सौंपा जाए।




**कचरे की अनाधिकृत डंपिंग की अनुमति नहीं: डा. नरेश कुमार** : नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार का कहना है कि 20 अक्टूबर से केवल अलग-अलग कचरा ही उठाया जाएगा, मिश्रित कचरा किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा। अगर कोई व्यक्ति इन नियमों की अवहेलना करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चालान भी होगा। इसके लिए वार्ड वाईज टीमें तैयार की जा रही हैं। इसके साथ ही ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 को सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत कचरे की अनाधिकृत डंपिंग की अनुमति नहीं होगी।

सभी प्रकार के कचरा उत्पादकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने यहां से निकलने वाले कचरे को तीन श्रेणियों में विभाजित करके ही कचरा उठान गाड़ियों में डालें। इस प्रकार एक ओर जहां हम अपने शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देंगे, वहीं दूसरी ओर अलग-अलग किए गए कचरे का निपटान भी सही तरीके से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रैगन बोट एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन कल



**गुरुग्राम।** नवंबर में थाईलैंड में होने वाली 14वीं एशियन ड्रैगन बोट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन रविवार 16 अक्टूबर को दिल्ली में किया जाएगा। पुरुष और महिला टीमों के लिए ट्रायल लेकर टीम का चयन किया जाएगा। भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ द्वारा ट्रायल और चयन प्रक्रिया दिल्ली के भलस्वा ग्राम स्पोर्ट्स क्लब में की जाएगी। शुक्रवार को भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद शर्मा ने बताया कि 16 से 22 नवंबर तक थाईलैंड में एशियन ड्रैगन बोट फेडरेशन द्वारा चैम्पियनशिप आयोजित की जाएगी, जिसके लिए भारतीय ड्रैगन बोट के पुरुष और महिला वर्ग की टीमों के लिए ट्रायल एवं चयन से संबंधित तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि ट्रायल में संपूर्ण भारत से विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी भाग लेंगे और चयनित टीम एशियन चैंपियनशिप में भाग लेगी। विनोद शर्मा ने बताया कि ड्रैगन बोट खेल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक देशों में खेला जाता है। ड्रैगन बोट खेल की एशियन चैंपियनशिप व वर्ल्ड चैंपियनशिप इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा आयोजित की जाती है, जिसमें भारतीय ड्रैगन बोर्ड टीम भी भाग लेती रही है। ड्रैगन बोट राष्ट्रमंडल खेलों में भी शामिल है। वर्ष 2023 में चाइना में होने वाले राष्ट्रीय मंडल खेलों में भी ड्रैगन बोट को शामिल किया गया है। विनोद शर्मा ने यह भी बताया कि भारत में यह खेल धीरे-धीरे और अधिक लोकप्रिय हो रहा है। पुरुष और महिलाएं पहले के मुकाबले इस खेल के लिए अधिक आगे आ रहे हैं। भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि इस बार ट्रायल में पहले के मुकाबले ज्यादा प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है।

### 31 जनवरी 2023 तक पटाखे बनाने, चलाने व बिक्री पर रोक




**गुरुग्राम।** जिला में तुरंत प्रभाव से ग्रीन पटाखों के अलावा अन्य सभी प्रकार के पटाखों के बनाने, बिक्री करने तथा चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। ये आदेश पूरे गुरुग्राम जिला में तुरंत प्रभाव से लागू होकर 31 जनवरी 2023 तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश द्वारा ये आदेश दंड प्रक्रिया अधिनियम 1973 की धारा 144, एक्सप्लोसिव एक्ट 1883 तथा अन्य विस्फोटक नियमों के तहत जारी किए गए हैं। इन आदेशों को लागू करने की जिम्मेदारी गुरुग्राम पुलिस आयुक्त, नगर निगम गुरुग्राम तथा मानेसर, सभी एसडीएम, सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सभी डीसीपी, नगर पालिका और नगर परिषदों के कार्यकारी अधिकारी व सचिव, सभी पुलिस थानों के थाना प्रभारी, फायर ऑफिसर गुरुग्राम तथा उनके स्टाफ को दी गई है। इन सभी अधिकारियों को आदेशों को अमलीजामा पहनाने और रेड डालने की हिदायत दी गई हैं। साथ ही इन अधिकारियों को प्रतिदिन के आधार पर जिलाधीश को रिपोटज़् भेजने के लिए कहा गया है। उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशानुसार एनसीआर क्षेत्र सहित पूरे राज्य में ग्रीन पटाखों के अलावा अन्य सभी प्रकार के पटाखों को बनाने, चलाने व उनकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। उपायुक्त एवं जिलाधीश निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला गुरुग्राम में इस आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। श्री यादव के अनुसार बोर्ड ने कहा है कि अक्टूबर से जनवरी के बीच प्रदेश में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है इसलिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया है ।

### वन विभाग ने पेड़ों की गणना के लिए अभियान शुरू किया

**सोहना।** वन विभाग खंड के 66 गांवों में लगती सरकारी, गैरसकारी जमीन से लेकर निजी घर के आंगन, खाली प्लाट और किसान के खेत-खलियान पर खड़े पेड़ों की गणना करेगा। जिसकी शुरुआत विभाग द्वारा तीन दिन पहले से शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार ने वन विभाग को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगती सरकारी, गैर-सरकारी जमीन से लेकर निजर घर के आंगन, खाली प्लाट और किसान के खेत-खलियान पर खड़े पेड़ों की गणना करने के आदेश जारी किए थे। पेड़ों की गणना से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली के साथ-साथ पेड़ों की श्रेणी मालूम होगी। किस-किस प्रजाति के कहां पर कितने पेड़ खड़े हैं। ताकि आने वाले समय में आक्सीजन देने वाले पेड़ों की संख्या में इजाफा किया जा सके। वन विभाग ने प्रदेश सरकार के आदेशों का पालन करते हुए अभियान नगर परिषद के गांव लाखूवास से शुरू किया है। तीन दिन में विभाग द्वारा आठ गांवों के पेड़ों की गणना की है। इसके साथ फलदार, छायादार और औषधी वाले पेड़ों की अलग-अलग श्रेणी में गिनती की जानी है। वन विभाग के रेंज अधिकारी संजय यादव ने बताया कि वन विभाग द्वारा की जा रही पेड़ों की गणना के दौरान बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। रोजगार की तलाश में घर बैठे युवक अपने निकटतम वन विभाग के खंड स्तरीय कार्यालय में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। युवाओं को पेड़ों की गणना करने के कार्य में लगाया जा रहा है। पेड़ों की गणना के दौरान उसकी लॉकेशन प्रदेश सरकार को ऑनलाइन भेजी जाएगी। पेड़ों की गणना का कार्य 31 दिसम्बर तक पूरा किया जाना है।

# अब 700 बेड का बनाया जाएगा नागरिक अस्पताल

### पुराने नागरिक अस्पताल में नहीं बनाएंगे स्टाफ क्वार्टर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** के पुराने नागरिक अस्पताल से सीटी स्कैन और एमआरआई सेंटर को सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने इस सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान सिविल सर्जन द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पुराने नागरिक अस्पताल को 700 बेड का बनाया जाएगा। वहां पर स्टाफ क्वार्टर नहीं बनेंगे। इससे करीब दो एकड़ जमीन अस्पताल के ही काम आएगी।

एमआरआई केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बातचीत में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में आने वाले मरीजों को एमआरआई व सिटी स्कैन करवाने के लिए पुराने नागरिक अस्पताल जाना पड़ता था। आने वाले मरीज व उनके तीमारदारों के लिए काफी परेशानी का काम था। उन्होंने कहा कि अब यह मशीन नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में ही शिफ्ट हो गयी है, ऐसे में मरीजों को राहत मिलने के साथ पुराने नागरिक अस्पताल के भवन को तोड़कर वहां बनने वाले 600 से 700 बेड के अस्पताल के निर्माण की प्रक्रिया में भी तेजी आने के आसार हैं।



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में सीटी स्कैन व एमआरआई सेंटर का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**बहुमंजिला होगा नया नागरिक अस्पताल** : राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में बनने जा रहा नया नागरिक अस्पताल बहुमंजिला इमारत का होगा, जोकि देश के सरकारी अस्पतालों में सबसे श्रेष्ठ होगा। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन ने उन्हें बताया कि उनकी टीम के सभी डॉक्टर्स ने यह निर्णय लिया है कि नए नागरिक अस्पताल में केवल आपात सुविधाओं में सेवाएं दे रहे डॉक्टर्स के ही क्वार्टर बनाए जाएं, ताकि नागरिक अस्पताल की अधिक से अधिक जमीन को मरीजों की सुविधा के इस्तेमाल में लाया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने सिविल सर्जन व उनकी टीम की इस पहल का स्वागत किया।

**कादीपुर से हीरो होंडा चौक तक सड़क का निरीक्षण**: नागरिक अस्पताल से प्रस्थान के बाद केंद्रीय मंत्री ने कादीपुर से हीरो होंडा चौक सड़क का निरीक्षण कर एनएचएआई के अधिकारियों से इस सड़क को जाममुक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत इसको जमीन पर ही चौड़ा करने अथवा एलिवेटेड सड़क बनाने की विस्तृत रिपोर्ट भी ली।

## खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 12 नवंबर को होगा आम चुनाव

**सोहना।** सोहना की 35 ग्राम पंचायतों में 9 और 12 नवंबर को अपने मत से पंच, सरपंच, समिति सदस्य और जिला पार्षद के लिए वोट डालेंगे। पंचायत चुनाव में 52,311 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश के नौ जिलों में पंचायत चुनावों का ऐलान कर दिया है। जिसमें नौ नवंबर को समिति सदस्य और जिला पार्षद पद का चुनाव होगा। 12 नवंबर को पंच और सरपंच पद के लिए वोट डाले जाएंगे। सोहना ब्लॉक की 35 ग्राम पंचायतों के लिए 12 जुलाई को मतदान होगा। जिसमें 35 सरपंच के साथ-साथ 318 पंच भी चुनें जाएंगे। पहली बार पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया गया है। 35 ग्राम पंचायतों में छह पंचायत अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। जिनमें 3 में अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हुआ तो संबंधित अधिकारी होगा जिम्मेदार : कृषि मंत्री

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने ली पहली मासिक बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कृषि** एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हुआ तो जिस विभाग की वह जमीन होगी, उस विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वे शुक्रवार को यहां पहली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल में आयोजित इस बैठक में कुल 13 समस्याएं अथवा शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से मंत्री ने मौके पर ही 8 का निपटारा कर दिया। सेक्टर-45 में द रॉयल रेजीडेंसी सीजीएचएस लिमिटेड नामक रिहायशी सोसायटी के आस पास अवैध अतिक्रमण की शिकायत का निपटारा करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी द्वितीय इस अतिक्रमण को हटवाएंगे और अगले महीने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक से दो दिन पहले वीडियो के साथ सर्टिफिकेट देंगे कि यह जमीन पूरे महीने अवैध कब्जे से मुक्त रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर संपदा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही होगी। इसके साथ कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का गंभीर विषय है और वे इस मामले में सख्ती बरतते हैं। यदि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होता है तो वह संबंधित विभाग के अधिकारी की लापरवाही या ढिलाई की वजह से संभव होता है और ऐसे में उस अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उस पर कार्यवाही की जाएगी।



गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लेते कृषि मंत्री जेपी दलाल।

संपदा अधिकारी संजीव सिंगला ने बताया कि गांव कन्हई के पास एचएसवीपी की जमीन पर न्यायालय का स्टे था जो अब खारिज हो गया है। उन्होंने बताया कि वहां पर लगभग एक एकड़ जमीन से अवैध कब्जे हटवाए गए हैं और लगभग आधा एकड़ जमीन पर पार्क विकसित करने के लिए टेंडर कर दिए हैं। अतिक्रमण से जुड़ा हुआ एक और मामला गांव तिगरा का रखा था जिसमें कृषि मंत्री ने नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार को भी एक महीने तक जमीन खाली करने के लिए कहा गया है।

# हीरो होंडा से उमंग भारद्वाज चौक तक एलिवेटेड रोड की मांग गडकरी के सामने रखेंगे : इंद्रजीत

### जीएमडीए और एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा एलिवेटेड ही है जाम का हल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत ने शुक्रवार को जीएमडीए द्वारा बनाए जा रहे बसई रोड व एनएचआई द्वारा बनाए जा रहे उमंग भारद्वाज चौक से हीरो चौक तक का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जीएमडीए अपने निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि लोगों को हो रही असुविधा समाप्त हो सके और यातायात सुगम हो सके।

उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि उमंग भारद्वाज चौक से हीरो चौक तक की एलिवेटेड रिपोर्ट तैयार करें और मंत्रालय को इससे होने वाले लाभ के बारे में अवगत करवाएं। निरीक्षण के दौरान औद्योगिक संगठनों व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष मांग रखी थी कि हीरो चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक रोड को एलिवेटेड बनाया जाए, ताकि यातायात सुगम हो सके।



गुरुग्राम में हीरो होंडा चौक से शहीद कैप्टन उमंग भारद्वाज चौक तक की सड़क का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से पूर्व में भी इस बारे में भी बात कर चुके हैं। वह अपनी मौखिक सहमति जता चुके थे। औद्योगिक संगठनों व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की मांग पर वे मुख्यमंत्री व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात कर भावनाओं से अवगत करवाएंगे। केंद्रीय मंत्री के निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि एलिवेटेड रोड बनने से बजट में वृद्धि करनी होगी, लेकिन स्थाई हल समस्या का निकाला जा सकेगा। एनएचएआई के अधिकारियों का तर्क था कि एलिवेटेड रोड के नीचे सर्विस लेन का प्रयोग भी निवासी आने जाने के लिए कर सकेंगे।

# दूसरे चरण के चुनावों में गुरुग्राम जिला की पंचायतें भी शामिल

### 12 नवंबर को होंगे गुरुग्राम से 9 जिलों के पंचायत चुनाव

### 9 नवंबर को होंगे इन 9 जिलों के जिला परिषद व पंचायत समिति के चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दूसरे** चरण के पंचायत चुनावों की घोषणा शुक्रवार को हो गई। गुरुग्राम समेत 9 जिलों अम्बाला, चरखी दादरी, करनाल, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा और सोनीपत जिला शामिल है। इन जिलों में जिला परिषद सदस्यों व पंचायत समिति सदस्यों के लिए 9 नवंबर तथा सरपंच व पंच पद के लिए 12 नवंबर को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह की ओर से शुक्रवार को यह घोषणा की गई और तत्काल प्रभाव से जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। बाकी 4 जिलों में अभी आचार संहिता नहीं लगेगी।

सरपंच, पंचायत समिति सदस्यों व जिला परिषद सदस्यों का मतदान ईवीएम से होगा, जबकि पंच पद का मतदान बैलेट पेपर से होगा। चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए लगभग 36 हजार कर्मचारियों व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

**इस तरह से रहेग पंचायत चुनाव कार्यक्रम** : 15 अक्टूबर को चुनाव वाले 9 जिलों में संबंधित जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), पंचायत चुनाव की विधिवत अधिसूचना जारी करेंगे। 21 अक्टूबर से इन जिलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। 28 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन होगा। 29 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी।

31 अक्टूबर को उम्मीदवार दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसके बाद इसी दिन यानी 31 अक्टूबर को मैदान में डटे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 12 नवंबर को सरपंच और पंच पद के लिए मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। सरपंच व पंच पद के नतीजे उसी दिन चुनाव के बाद घोषित कर दिए जाएंगे। यदि किसी सरपंच व पंच पद के लिए दोबारा मतदान (रि-पोल) होता है तो वह 14 नवंबर को होगा। पंचायत समिति सदस्यों व जिला परिषद सदस्यों का मतदान 9 नवंबर को होगा। यदि किसी जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति सदस्य के लिए दोबारा मतदान (रि-पोल) होता है तो वह 12 नवंबर को करवाया जाएगा। जिला परिषद सदस्यों व पंचायत समिति सदस्यों के नतीजे सभी चरणों का चुनाव पूरा होने के बाद घोषित किए जाएंगे।




**चुनाव लड़ने के लिए यह होगी शैक्षणिक योग्यता** : पंच पद के लिए अनारक्षित उम्मीदवार के लिए 10वीं, अनुसूचित जाति के पुरुष उम्मीदवार व किसी भी श्रेणी की महिला उम्मीदवार के लिए 8वीं व अनुसूचित जाति की महिला उम्मीदवार के लिए 5वीं कक्षा पास होना जरूरी है।

सरपंच पद के लिए अनारक्षित उम्मीदवार के लिए 10वीं, अनुसूचित जाति के पुरुष उम्मीदवार व किसी भी श्रेणी की महिला उम्मीदवार के लिए (जिसमें अनुसूचित जाति की महिला भी शामिल है) 8वीं पास होना जरूरी है। पंचायत समिति सदस्य के लिए अनारक्षित उम्मीदवार के लिए 10वीं, अनुसूचित जाति के पुरुष उम्मीदवार व किसी भी श्रेणी की महिला उम्मीदवार के लिए 8वीं पास होना जरूरी है। जिला परिषद सदस्य के लिए अनारक्षित उम्मीदवार के लिए 10वीं, अनुसूचित जाति के पुरुष उम्मीदवार व किसी भी श्रेणी की महिला उम्मीदवार के लिए 8वीं पास होना जरूरी है।

**दूसरे चरण में 48 लाख 67 हजार 132 हैं मतदाता** : धनपत सिंह ने बताया कि दूसरे चरण के 9 जिलों में कुल 48 लाख 67 हजार 132 मतदाता हैं। इनमें 25 लाख 89 हजार 270 पुरुष, 22 लाख 77 हजार 795 महिलाएं और 67 अन्य शामिल हैं। श्री धनपत सिंह ने बताया कि इन 9 जिलों में कुल 5 हजार 963 पोलिंग स्टेशन हैं, इनमें से 976 संवेदनशील और 1023 अतिसंवेदनशील हैं। दूसरे चरण के 9 जिलों में कुल 57 ब्लॉक हैं। इनमें 2683 सरपंच, 25,655 पंच, 1244 पंचायत समिति, 158 जिला परिषद के लिए चुनाव होगा।

# केवल सात-दिन में क्विक मेकओवर कर अपने घर को दीपावली के लिए तैयार कीजिए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अगले** कुछ दिनों में दीपावली का त्योहार आने वाला है। तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। यह साल का वह समय है, जब हमें अपने घरों को सजाने-संवारने की जरूरत पड़ती है, जिसको देखते-देखते हम बड़े हुए हैं और जिसके लिए हमारे दिल में काफी जगह है। मकानों को घरों में बदलने में वाकई काफी मेहनत लगती है। घर में फर्नीचर की प्लेसमेंट, दीवारों पर खूबसूरत पेंट के साथ आपको अपने घर की सीलिंग के हिसाब से फर्श का चुनाव करना पड़ता है।

फेस्टिव सीजन में इन कारकों का महत्व बढ़ जाता है। हम अपने घर को संवारकर उसमें नई ऊर्जा का संचार करते हैं। हालांकि हम में कई लोग होम रिनोवेशन प्रोजेक्ट्स को टालते ही रहते हैं क्योंकि उसमें काफी समय तो लगता ही है। परेशानी भी होती है, लेकिन सही योजना और इंटीरियर डिजाइनिंग के नए आइडियाज से साल के इस बहुप्रतीक्षित समय के लिए घरों का लुक पूरी तरह से बदला जा सकता है। इंटीरियर डिजाइनिंग ऐसा होना चाहिए, जो आपकी जरूरतों को पूरा करे और प्राथमिकताओं की कसौटी पर खरी उतरे। इसके लिए बजट बहुत जरूरी



है। आपको इस प्रक्रिया में अपने घर के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से को नहीं भूलना चाहिए। घर की छत(सीलिंग) ऐसा ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**सीलिंग घर की महत्वपूर्ण पांचवी दीवार** : आमतौर पर घर की छत यानी सीलिंग को अक्सर नजरअंदाज ही किया जाता है। जब भी आपके घर को सजाने या फिर से संवारने की बात आती है तो हमारा पूरा ध्यान घर की दीवारों और फर्श पर रहता है। जहां घरों की सारी सजावट का आपके पसंद के हिसाब से होना बहुत जरूरी है, वहीं छत भी आपके घरों के माहौल को खुशनुमा बनाने काफी मदद करती है। घरों को अपनी जरूरत के हिसाब से बेमिसाल और खूबसूरत बनाने में घरों की छतों का भी काफी योगदान होता है। कई लोग घर की इस पांचवी दीवार को खूबसूरत टच देने के लिए डिजाइनर आर्टिफिशियल सीलिंग्स का चुनाव करते हैं। इसका किसी भी घर के लुक पर बेहतरीन प्रभाव पड़ता है। मौजूदा समय में बिल्डर्स, रीयल स्टेट डिवेलपर्स के साथ आर्किटेक्ट्स भी आपके घर की डिजाइनिंग प्रक्रिया की शुरुआत से खूबसूरत डिजाइनों में मिलने वाली फॉल्स सीलिंग का उपयोग करने पर काफी जोर देते हैं।

**छत का साथी** : घर के मालिक के रूप में अपने घर की भीतरी सजावट नए सिरे से कराना काफी कीमती हो सकता है। हालांकि काम को पूरा करने और घरों की छत की री-डिजाइनिंग से आपको अपने बैंक से बहुत ज्यादा पैसे निकालने की जरूरत नहीं है। आपको इस रिनोवेशन प्रोजेक्ट के लिए एक विश्वसनीय साझीदार की जरूरत है। सेंट गोबेन जिप्रोक ने आपके मूड, बजट और समयसीमा पर खरे उतरने वाले पूरे कैटालॉग का निर्माण किया है। इससे आपके घर की छत को सात दिन में ही नया लुक मिल जाता है। जिप्सम सीलिंग की लागत एक नहीं, बल्कि चार कारकों पर निर्भर करती है। इसमें डिजाइन का विकल्प, फिटिंग की लागत, ट्रांसपोर्टेशन और लेबर चार्ज शामिल हैं। सब कुछ जोड़कर आप यह अनुमान लगा सकते हैं कि घरों की इंटीरियर डिजाइनिंग की आपकी लागत 60 से 100 रुपये प्रति वर्गफीट आएगी।

# बीके : अव्यवस्था और लापरवाही से मरीज हो रहे परेशान

### एक री-पंजीकरण काउंटर के कारण दोपहर बाद तक लगी रही लम्बी लाइन

**कविता।** फरीदाबाद



एक काउंटर चालू होने से कमरा नम्बर 22 के बाहर दोपहर को साढ़े 12 बजे के बाद भी लगी लम्बी लाइन।

**शहर** के बादशाह खान अस्पताल में मरीजों को जहां एक तरफ रेफर करके अपना पल्ला झाड़ दिया जाता है तो वहीं दूसरी तरफ रात में आए मरीजों को बिना इलाज दिये सुबह ओपीडी में आकर इलाज करवाने की सलाह देकर लौटा दिया जाता है। ऐसा ही आज कल बीके सिविल अस्पताल में देखने को मिल रहा है।

**बिना इंजेक्शन लौटाया :** बृहस्पतिवार की रात को एनएच-पांच निवासी प्रिया को एक कुत्ते ने काट लिया था। जिस पर वह अपनी मां के संग बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में इंजेक्शन लगवाने पहुंची। लेकिन उसे न तो ऐंटी रेबिज का इंजेक्शन लगाया और न ही एहतियात के तौर पर उसे टैटनेस का इंजेक्शन लगाया। बिना प्राथमिक इलाज दिये ही उसे लौटा दिया और कहा कि अगले दिन वह दोपहर को ओपीडी में इंजेक्शन लगवाने आए। अगले दिन शुक्रवार को आने पर तो उसे कार्ड बनवा कर पैसों की पर्ची कटवा कर रूम नम्बर सात में भेजा गया। जहां से उसे रूम नम्बर 41 में भेजा गया। वहां ऐंटी रेबिज का इंजेक्शन लगाने के बाद टैटनेस का इंजेक्शन लगवाने के लिए एक बार फिर अपातकालीन कक्ष भेज दिया गया। पीड़ित प्रिया ने बताया कि यदि रात को ही उसे टैटनेस का इंजेक्शन लगा दिया जाता तो उसे दोबारा अपातकालीन कक्ष में नहीं जाना पड़ता।

**मात्र एक काउंटर से परेशानी :** शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को हजारों की संख्या में इलाज करवाने के लिए मरीज पहुंचे। यहां री-पंजीकरण काउंटर (अस्पताल में दोबारा पुराने कार्ड पर पर्ची लगवाने वाला काउंटर) पर दोपहर बाद भी भीड़ देखने को मिली। यहां जब भीड़ का कारण पता करने का प्रयास किया तो मालूम हुआ कि काउंटर पर एक ही महिला कर्मचारी मौजूद है। जिसके कारण काउंटर पर मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। वहीं ओपीडी के भीतर चिकित्सकों के कक्ष के सामने भीड़ बिल्कुल भी नहीं थी। जिस कारण कुछ मरीज तो काउंटर पर बैठी महिला कर्मचारी से लड़ने तक लगे। अस्पताल में व्याप्त इस तरह की व्यवस्था के कारण हर रोज मरीजों के साथ गर्भवतियों और बुर्जुगों को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# 32 लाख कैश और 750 ग्राम सोने की लूट में चार आरोपी गिरफ्तार

### वारदात का मास्टर माइंड निकाला चांद ज्वेलर्स का पड़ोसी ज्वेलर्स

**पानियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



पत्रकारों से बातचीत करते एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण।



लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार मयंक, कुनाल, रोहित और रक्षक।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश तथा डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा व एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने 11 अक्टूबर को चांद ज्वेलर्स के लिए काम करने वाले कारीगर गणेश के साथ मुजेसर एरिया में हुई 32 लाख रुपये की लूट का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपी मयंक उर्फ मन्नू, कुनाल, रोहित उर्फ चैटा तथा रक्षक उर्फ अक्कू सारन एरिया के रहने वाले हैं। इस मामले में वारदात के मास्टरमाइंड मनीष और आरोपी गज्जी की गिरफ्तारी बकाया है। आरोपी मयंक और कुणाल ने रैकी की, रोहित, रक्षक और गजेंद्र ने पीड़ित गणेश से 11 अक्टूबर की रात पौने नौ बजे 32 लाख रुपये और 750 ग्राम सोना हार्डवेयर प्याली रोड पर लूट लिया था। लूट का मास्टरमाइंड चांद ज्वेलर्स का पड़ोसी रूप ज्वेलर्स का कारीगर मनीष उर्फ मन्नू ने लूट की वारदात की योजना बनाई थी।

मनीष काम के सिलसिले में चांद ज्वेलर्स में आता जाता था। मनीष को पता था कि दिल्ली का रहने वाला कारीगर गणेश चांद ज्वेलर्स के लिए काम करता है और हर तीन-चार दिन में चांद ज्वेलर्स से गोल्ड और नकदी लेकर दिल्ली जाता है। मनीष ने अपनी कॉलोनी के निवासी मयंक, कुनाल, गजेंद्र, रोहित तथा रक्षक के साथ लूट की योजना बना ली। मयंक तथा कुनाल पिछले एक महीने से रोज शाम को चांद ज्वेलर्स के बाहर खाने पीने वाली रेहड़ी के पास बैठकर रेकी करने लगे।

आरोपियों ने 11 अक्टूबर को गणेश जब चांद ज्वेलर्स से एक बैग में रुपये तथा सोना लेकर अपनी स्कूटी लेकर निकला तो आरोपी मयंक और कुनाल रेकी करते हुए चल रहे थे। कुनाल ने रोहित को फोन करके बताया कि गणेश निकल चुका है। जिसके बाद रोहित, रक्षक तथा गज्जी ने लूट की वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

अपराध शाखा ने रोहित को ओल्ड रेलवे स्टेशन के बाहर से 5.37 लाख रुपये सहित काबू किया। रोहित से पूछताछ के बाद रक्षक को बल्लभगढ़ बस स्टैंड से 3.32 लाख रुपये सहित और मयंक और कुनाल को सारण एरिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी मयंक के कब्जे से 5.56 लाख और कुनाल के कब्जे से 75 हजार रुपये बरामद किए गए। आरोपियों के कब्जे से करीब 15 लाख रुपये की बरामदगी की गई। आरोपी इससे पहले गणेश को लूटने के तीन प्रयास कर चुके हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लूटा गया सोना मास्टरमाइंड मनीष को दिया है।

कुनाल नीमका के पास एक कॉलेज से मैकेनिकल का डिप्लोमा कर रहा है। मयंक और रक्षक 12 कक्षा के छात्र हैं। 21 वर्षीय रोहित सिगरेट की मार्केटिंग करता है। गज्जी बाइक मैकेनिक का काम करता है। 32 वर्षीय मास्टरमाइंड मनीष की ज्वेलरी की पुश्तैनी दुकान है। पुलिस मनीष और गज्जी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# विधायक ने निगमायुक्त को दिखाई इलाके की समस्याएं



विधायक संग एनआईटी के वार्ड नम्बर पांच का दौरा करते निगमायुक्त।

### विधायक नीरज शर्मा संग नगर निगम आयुक्त ने एनआईटी के वार्ड-5 का दौरा किया

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने करवाचौथ के दिन नगर निगम आयुक्त एंव अन्य अधिकारियों को लेकर एनआईटी विधानसभा वार्ड-5 के बाल कल्याणा स्कूल पाकेट एवं जीवन नगर भाग-एक एवं दो का दौरा किया। नरकीय स्थिति देख आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद ने अधिकारियों को दिशा निदेश दिए है कि जल्द से जल्द इनके एस्टीमेंट बनाकर तैयार करे ताकि लोगो को नरकीय जीवन से निजात दिलाएं।

**शर्मा ने उठाया था मुद्दा :** विधायक नीरज शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के लिए किसी भी स्तर पर जाने को तैयार रहते हैं फरीदाबाद की ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में विधायक नीरज शर्मा में अपनी विधानसभा के वार्ड 5 बालकल्याण स्कूल पॉकेट, वेद रोड, जीवन नगर भाग 1 एवं 2 की नारकीय स्थिति को लेकर ग्रीवेंस कमेटी के अध्यक्ष के समक्ष रखा जिस पर अध्यक्ष ने विधायक नीरज शर्मा की प्रशंसा भी की वह ऐसे मुद्दे लेकर आते हैं। विधायक नीरज शर्मा में बताया था कि कैसे बालकल्याण स्कूल पॉकिट को लेकर उनके द्वारा विधानसभा मे प्रश्न लगाए गए लेकिन कोई उचित कार्य नहीं हुआ। इसी पॉकेट से एक बहन बेटी को मुख्यमंत्री को ट्वीट करके यह कहना पड़ा था कि मेरी शादी है बारात कैसे आएगी जिस पर संज्ञान लेने उपरांत नगर निगम द्वारा सिर्फ टेंपरेरी सफाई कराई गई और आज इस बात को लगभग दो वर्ष हो गए आज तक पूर्ण समाधान नहीं हुआ है। ऐसी ही स्थिति वार्ड पांच के वैध रोड की है। इसके अतिरिक्त विधायक नीरज शर्मा ने बताया था कि जीवन नगर भाग 1 एवं 2 की स्थिति नारकीय है।

## बीटेक दाखिले 15 अक्टूबर तक होंगे

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा बीटेक तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों में सभी श्रेणियों की खाली सीटों पर दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे पहले बीटेक तथा बीटेक (लीट) के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि क्रमश: 12 अक्टूबर तथा 14 अक्टूबर थीं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने बीटेक तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संस्थान स्तर पर होने वाली काउंसलिंग का कार्यक्रम भी जारी किया है। बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 18 व 19 अक्तूबर को तथा ओपन काउंसलिंग 21 व 22 अक्तूबर को आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार, बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 19 अक्तूबर को तथा ओपन काउंसलिंग 22 अक्तूबर को होगी। विभिन्न बीटेक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की स्थिति विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर देखी जा सकती है।

# अमित शाह की रैली की तैयारी को लेकर बैठक




**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा फरीदाबाद की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 27 अक्टूबर को फरीदाबाद में होने वाली रैली के निमित कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की और रैली के सफल आयोजन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। भाजपा संसदीय बोर्ड और केन्द्रीय चुनाव समिति की सदस्य, भाजपा वरिष्ठ नेत्री सुधा यादव ने मुख्य तौर पर बैठक में भाग लिया। हरियाणा सरकार में मंत्री मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, प्रवीण जोशी, पार्षद, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा संसदीय बोर्ड और केन्द्रीय चुनाव समिति की सदस्य चुने जाने पर भाजपा वरिष्ठ नेत्री, पूर्व सांसद सुधा यादव का पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया।

# इस त्योहारी सीजन में एक्स्ट्रा पर मिलेगा 12 प्रतिशत सालाना का रिटर्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### फ्यूचरिस्टिक और फ्लेक्सिबल इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट एक्स्ट्रा के साथ बढ़ाएं अपनी बचत

**भारत** की अग्रणी फिनटेक फर्म मोबिक्विक ने अपने फ्यूचरिस्टिक एवं फ्लेक्सिबल अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट 'एक्स्ट्रा' को लॉन्च करने का ऐलान किया है। इससे करोड़ों फोन पर आसानी से वित्तीय सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जीरो लॉक-इन, रोजाना क्रेडिट होने वाले ब्याज, 12 प्रतिशत सालाना की दर और 1000 रुपये के न्यूनतम डिपोजिट के साथ एक्स्ट्रा में ऐसी कई खूबियां हैं, जो नई पीढ़ी की निवेश की जरूरतों के अनुरूप हैं। यूजर फ्रेंडली मोबिक्विक एप पर उपलब्ध एक्स्ट्रा का लक्ष्य डिजिटल को अपनाने वाले युवाओं के लिए निवेश का नया पैटर्न तैयार करना है।

फिनटेक मोबिक्विक ने कई ऐसे प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं, जो इंडस्ट्री में अपनी तरह के पहले प्रोडक्ट हैं। एक्स्ट्रा भी इसी कड़ी में एक और प्रोडक्ट है। मोबिक्विक के सीईओ, फाइनेंशियल सर्विसेज मुकुल सक्सेना ने कहा, 90 प्रतिशत भारतीयों के पास सही फाइनेंशियल प्रोडक्ट तक पहुंच नहीं है या फिर उन्हें यह पता नहीं कि अपनी बचत को कैसे बढ़ाया जाए। एक्स्ट्रा को सभी भारतीयों की बचत को बढ़ाने और उन्हें सर्वाधिक संभावित ब्याज देने के लिए बनाया है। एक्स्ट्रा सुपर फ्लेक्सिबल प्रोडक्ट है। इसकी मदद से छोटी या बड़ी अवधि के लिए निवेश किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी निवेशक ने महीने की शुरुआत में निवेश किया। अब उसके निवेश पर रोजाना ब्याज जुड़ेगा। अगर महीने की 16 तारीख को किसी जरूरत के लिए उसने अपना पैसा निकाल लिया, तब भी उसे उस राशि पर 0.5 प्रतिशत का ब्याज मिल जाएगा।' एक्स्ट्रा को आरबीआई द्वारा रेगुलेटेड पी2पी लाइसेंसधारी लेंडबॉक्स के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है। एक्स्ट्रा के माध्यम से मोबिक्विक का लक्ष्य एक टेक-फ्रेंडली तरीके से निवेश एवं बचत को डिजिटल एवं आसान बनाते हुए नई पीढ़ी को शानदार रिटर्न देना है। कंपनी का मानना है कि एक्स्ट्रा जैसे फ्लेक्सिबल एवं अल्टरनेटिव प्रोडक्ट भारतीयों को वित्तीय आजादी पाने और अपनी बचत पर अच्छा रिटर्न पाने में मददगार हो सकते हैं। पिछली दो तिमाहियों में लाभ कमाने के बाद कंपनी एक फुल सर्विस नियोबैंक के रूप में खुद को बदलने की तैयारी कर रही है, जिससे अपने 12.7 करोड़ ग्राहकों और 37 लाख मर्चेंट को पेमेंट, क्रेडिट एवं इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट दे सके। वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में कंपनी का राजस्व 540 करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर इसमें 80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विकास के मामले में कंपनी सभी प्रतिस्पर्धी कंपनियों से आगे है। मोबिक्विक अपने यूजर्स और मर्चेंट्स के लिए एक गो-टू फाइनेंशियल एप बनने के लक्ष्य के साथ बढ़ रही है।

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में जिला उत्सव का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नेहरू** युवा केन्द्र फरीदाबाद द्वारा शुक्रवार को जेसी बोस यूनिवर्सिटी में जिला उत्सव का आयोजन किया गया।

उत्सव के तहत चित्रकला, कविता लेखन, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक लोक नृत्य, युवा सम्वाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रियंका एवं लेखा एवं कार्यक्रम करिश्मा एवं कर्मचारी केशव देव की देखरेख में किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव नागरिकों में कर्तव्य की भावना थीम पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति सुशील कुमार तोमर के द्वारा किया गया। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवा देश के लिए सामाजिक सुधार लाने के भी जिम्मेदार हैं। देश के युवा ही देश का भविष्य निर्माण करते हैं। आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्य के लिये आगे आना चाहिये। समापन समारोह में रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने युवाओं को सम्बोधित किया और पुरस्कार वितरण किया। युवा सम्वाद प्रतियोगिता में रुद्रा, यशिका, इकमीत एवं रविन्द्र विजेता रहे। काव्य लेखन में प्रथन स्थान पर खुशबू, द्वितीय स्थान पर विशाखा श्रीवास्तव एवं तृतीय स्थान पर दक्षिता भाटिया का रहा।

# अस्पताल स्टाफ पर परिजनों से दुर्व्यवहार का आरोप

### पिता की मृत्यु की जानकारी मांगने गए युवक से मारपीट कर मोबाइल फोन छीना

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़



बल्लभगढ़ अस्पताल में हंगामा करता पीड़ित परिवार के लोग।

**बल्लभगढ़** सिविल अस्पताल के अपातकालीन कक्ष के गार्ड ने मृतक के परिजनों के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की करते हुए मोबाइल फोन तक छीन लिया। जब इस मामले की जानकारी मीडिया को पहुंची, तो एसएमओं तक मामला पहुंचाया गया। तब कही जाकर सुरक्षाकर्मी ने पीड़ित पक्ष का मोबाइल फोन वापस किया।

**ये है पूरा मामला :** राहुल कॉलोनी निवासी पवन ने बताया कि उसके पिता रामसिंह राव नौ अक्टूबर को सुबह बाइक से बल्लभगढ़ काम के लिए निकले थे। करीब आठ बजे उसका एक्सीडेंट हो गया। घटना के दौरान उनकी जेब में मोबाइल फोन और आईडी थी। पुलिस ने उन्हें बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल तो पहुंचा दिया लेकिन परिजनों को सूचना नहीं दी। घायल को बल्लभगढ़ से बीके और वहां दिल्ली सफदरजंग रैफर कर दिया। इसके बाद सुबह 11 बजे सूचना मिलने पर परिजन उन्हें यहां ईएसआइ अस्पताल ले आए। ईएसआई द्वारा रेफर करने पर उन्हें नोएडा स्थित अस्पताल में वैंटी लेटर पर रखा गया। 12 अक्टूबर की रात को रामसिंह ने दम तोड़ दिया। 13 अक्टूबर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को मिला। 14 अक्टूबर को पवन अपनी मौसी दुर्गा के साथ दुर्घटना और पिता की बाइक व मोबाइल फोन की जानकारी लेने के लिए बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि पूछताछ करने पर अस्पताल के स्टाफ और गार्ड ने अपशब्द कहते हुए मारपीट की व उनका मोबाइल फोन छीन लिया।

**ये कहा :** पवन और दुर्गा ने बताया कि अपातकालीन में पहुंच कर उन्होंने स्टाफ रचना से एमएलसी समेत अन्य जानकारी मांगी।। क्योंकि भर्ती करते समय एडमिट करवाने वाले का नम्बर और नाम लिखा जाता है।

आरोप है कि जानकारी देने की बजाए स्टाफ ने पवन के साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया। ऐसे में पवन उनकी वीडियो बनाने लगा। उसी दौरान गार्ड सुभाष वहां पहुंचा और मारपीट करते हुए पवन को मोबाइल फोन छीन लिया। मामले का पता चलने पर अस्पताल के एसएमओ ने परिजनों को आश्वासन देकर मोबाइल फोन वापस दिलवाया।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों को पहचान पत्र व पाठ्य सामग्री भेंट की



गांव पाली के सरकारी स्कूल में पहचान-पत्र व पाठ्य सामग्री पाकर खुश हुए विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** ब्लॉक पंचायत समिति फरीदाबाद वार्ड नंबर-9 पाली क्षेत्र के पूर्व सदस्य श्यामवीर भड़ाना ने एक बार फिर अपने पैतृक पाली गांव के सरकारी स्कूल में 500 छात्रों को पहचान-पत्र व पाठ्य सामग्री भेंट की। श्यामवीर भड़ाना सहित पूर्व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी एवं समाजसेवी तिलक बिधूड़ी, पाठशाला के प्रभारी कर्मवीर तंवर तथा अन्य स्टाफ कर्मियों के सहयोग से छात्रों को आई-कार्ड वितरित किए। श्यामवीर भड़ाना ने कहा कि उन्होंने अपनी नेक कमाई से अपने गांव के दोनों सरकारी स्कूलों की चारों इकाइयों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अच्छी क्वालिटी के कुल लगभग 1500 पहचान-पत्र तथा पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई। श्री भड़ाना ने कहा कि उनका प्रयास है कि उनके गांव के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राएं स्वयं को निजी विद्यालयों की तरह ही सक्षम, समर्थ व समकक्ष महसूस करें। स्कूल की शिक्षिका मोनिका, ललिता, सीमा यादव व शिक्षक अमित कुमार, विनोद चौधरी भी उपस्थित थे।

### विज्ञापन में उभरते रुझान पर आयोजित व्याख्यान


**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा विज्ञापन में उभरते रुझानों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान सत्र का आयोजन यूजी और पीजी छात्रों के लिए किया गया था। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में सहायक प्रोफेसर अलका रावत व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ वक्ता रहीं। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने विशेषज्ञ वक्ता का स्वागत किया। अलका रावत ने छात्रों समझाया कि किस तरह से विपणन के चार स्तंभों विज्ञापन, उत्पाद, स्थान और मूल्य में विज्ञापन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रचार की विभिन्न तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी, जिनका उपयोग एक विज्ञापनदाता वर्तमान और संभावित ग्राहक के साथ संवाद करने के लिए करता है। सत्र के दौरान, उन्होंने विज्ञापन और जनसंपर्क उद्योग के लिए कार्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने प्रचार की पांच सामान्य श्रेणियों - विज्ञापन, व्यक्तिगत बिक्री, बिक्री संवर्धन, जनसंपर्क और प्रचार, और प्रत्यक्ष बिक्री पर भी चर्चा की। छात्रों को विज्ञापन उद्योग के बारे में व्यापक व्यावहारिक और औद्योगिक अनुभव प्राप्त हुआ। व्याख्यान का आयोजन डीन (फ्लैम्स) प्रो. अतुल मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक की देखरेख में किया गया। विभागाध्यक्ष ने व्याख्यान आयोजन के लिए संकाय सदस्यों के प्रयास की सराहना की। व्याख्यान का संचालन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान द्वारा किया गया।

### स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन




**फरीदाबाद।** भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गाजीपुर रोड नंगला एनक्लेव पार्ट टू स्थित केडी स्कूल परिसर में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदा के माध्यम से सीनियर सिटीजन (वृद्धों) के लिए फ्री जांच व औषधि वितरण शिविर के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभांरभ भाजपा जिला महामंत्री डॉ. आरएन सिंह ने रिबन काटकर किया। वहीं विशेष रूप से पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना मौजूद रहे। शिविर में आये सभी अतिथियों का केडी स्कूल के चेयरमैन एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव तथा नंगला मंडल अध्यक्ष आदेश यादव ने स्वागत किया। इस मौके पर 20 रक्तवीरों ने रक्त भेंट किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री डॉ. एनआर सिंह ने कहा कि भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर बुजुर्गों के लिए इस तरह के स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। साथ ही बुजुर्गों के लिए खाद्य सामग्री की व्यवस्था भी भेंट की जाती है। शिविर को सफल बनाने में भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नांदल ने कार्यक्रम के संयोजक वार्ड नंबर 8 से पार्षद पद के उम्मीदवार मामचंद प्रधान, धारा सिंह नांदल, मेट्रो लैंब से विनोद भाटी, शुभम नांदल, यश सक्सेना, चमन लाल, डॉक्टर मदन पाल रावत, प्रधान गोपाल शर्मा, नरेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, डालचंद भोले व बाबा वीरभद्र नाथ कपालिक के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो पाया। कार्यक्रम में 55 से 60 बुजुर्ग व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाके औषधियां, च्वनप्राश भेंट किया। पूर्व पार्षद महेंद्र सरपंच, वरिष्ठ भाजपा नेता झम्मन लाल शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली, ऊं ब्राह्मण सभा के अवधेश कुमार ओझा, नंगला व्यापार मण्डल अध्यक्ष एम.पी.भड़ाना, रन्नू लोहिया, सतीश भड़ाना, सचिन तंवर, अमित नंबरदार, प्रेम भड़ाना, गजेंद्र भड़ाना, बबलू भड़ाना और गुलाब ठाकुर उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्य पूर्ण कराएं : चौधरी



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री के सलाहकार योगेंद्र चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा घोषित किए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता पूरी तरह से नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। मुख्यमंत्री घोषणा के जो विकास कार्य शुरू नहीं किए गए हैं उन्हें यथाशिघ्र शुरू करवाना सुनिश्चित करें और जिन कार्यों पर काम चल रहा है, उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। योगेंद्र चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि विकास कार्य प्रभावी रूप से हो सकें। उन्होंने कहा कि जिस भी विकास परियोजना पर कार्य शुरू हो उस कार्य पर पूरी नजर रखें ताकि विकास कार्य अच्छी तरह से हो सकें। निर्माण प्रक्रिया के दौरान विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी समय निर्माण सामग्री के नमूने लेकर जांच लैब से कराई जा सकती है। जिला के आमजन को विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि वो विकास योजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही समय-समय पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और विकास कार्य समय पर पूरे होंगे। जिला में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और सम्बधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। डीसी विक्रम ने खेल, पीडब्लूडी बी एण्ड आर, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, एचएसवीपी, परिवहन, कृषि, पशु पालन एवं डेयरी विभाग सहित सभी विभागों के मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों की एक-एक करके विभागवार समीक्षा की। बैठक में डीडीपीओ राकेश मोर, जिला राजस्व अधिकारी बिजेन्द्र राणा, पीडब्लूडी बी एण्ड आर के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिन्धु, डिस्ट्रिक्ट खेल अधिकारी बिजेंद्र सिंह, एसीपी सत्यपाल यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हिजाब मामला
## खंडित निर्णय

**हिजाब** मामले पर सर्वोच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने दो दृष्टिकोण सामने रखे हैं। इस खंडित फैसले को समस्या की तरह देखा जा सकता है क्योंकि इससे एक महत्वपूर्ण सवाल का जवाब नहीं मिला है कि कक्षाओं में हिजाब पर प्रतिबंध उचित है अथवा नहीं। लेकिन इससे हमारे सर्वोच्च न्यायाधीशों में व्याप्त विविधता स्पष्ट होती है। जहां जस्टिस हेमंत गुप्ता ने हिजाब पर प्रतिबंध का समर्थन किया है, वही जस्टिस धूलिया ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि 'यह अंतत: लड़की की पसंद का मामला है।' जस्टिस गुप्ता का निर्णय मुख्यत: 'अनिवार्य व्यवहार' के सिद्धान्त पर आधारित है, जिसका अर्थ यह पता लगाना है क्या यह व्यवहार धर्म का अनिवार्य हिस्सा है। उदाहरणार्थ, बाल व दाढ़ी न कटवाना सिखों का अनिवार्य अंग है। यही कारण है कि सिख सैनिकों को दाढ़ी रखने तथा पगड़ी पहनने की अनुमति है क्योंकि बिना दाढ़ी और पगड़ी के उसे पक्का सिख नहीं माना जाएगा। लेकिन सशस्त्र बलों में मुस्लिम को दाढ़ी रखने की अनुमति नहीं है। दिसंबर, 2016 में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय वायुसेना के एक व्यक्ति के लंबी दाढ़ी रखने पर उसे बर्खास्त करने को उचित माना था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, 'वायुसेना के हर व्यक्ति को कार्यस्थल पर निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य तथा एक दूसरे से अलग पहचान वाले किसी संकेत या वस्तु का प्रयोग करना मना है। एक जैसी छवि सशस्त्र बलों के सुसंगठित, अनुशासित व समन्वित ढंग से काम के लिए जरूरी है।' अदालत ने यह भी कहा था कि इस निषेध से उसके धार्मिक मूलाधिकार का उल्लंघन नहीं होता है। इसी प्रकार एक हिंदू सैनिक को ड्यूटी पर माथे पर टीका लगाने की अनुमति नहीं है क्योंकि बिना टीका लगाए उसका विश्वास नष्ट नहीं होगा। इसी



प्रकार यदि कोई मुस्लिम महिला हिजाब या बुर्का नहीं पहनती है तो इससे उसका इस्लाम धर्म नष्ट नहीं होगा।

दूसरी ओर जस्टिस धूलिया ने मुस्लिम लड़कियों के शिक्षा के अधिकार पर ज्यादा जोर दिया है। उन्होंने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को अवैध बताते हुए कर्नाटक सरकार का 5 फरवरी, 2022 का आदेश रद्द कर दिया जिसने कालेज प्रबंधन समितियों को इस मामले पर निर्णय का अधिकार दिया था। उन्होंने कहा, 'अदालत ने संभवत: गलत रास्ता अपनाया। उसने इसे केवल मुख्यत: अनुच्छेद 19-1-ए तथा उसके प्रयोग व अनुच्छेद 25-1 का मामला मान लिया। मेरे विचार से यह मामला तय करने के लिए लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।' हालांकि, लड़कियों की शिक्षा के प्रति जस्टिस धूलिया का विचार प्रशंसनीय है, पर उनको यह कथन बहुत सुसंगत नहीं लगता है कि उनकी 'पसंद' को महत्व मिलना चाहिए। क्योंकि मुस्लिम या हिंदू लड़कियां क्या पहनती हैं, यह मुख्यत: उनके माता-पिता, परिवार तथा सामाजिक परिवेश पर निर्भर करता है। दूसरा, अनिवार्य व्यवहार सिद्धान्त को कमतर मानना भी बहुत अच्छा नहीं है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में इसे विकसित किया है। भारत जैसे 'कामन ला' का पालन करने वाले देश पूर्व-उदाहरणों पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। आखिरकार 2017 में सर्वोच्च न्यायालय का सबरीमला पर फैसला केवल इसी सिद्धान्त पर आधारित है। अब यह मामला उपयुक्त दिशानिर्देश के लिए प्रधान न्यायाधीश जस्टिस यू.यू. ललित के पास भेजा गया है। उम्मीद है कि यह मामला 'अनिवार्य व्यवहार' सिद्धान्त के आधार पर हल किया जाएगा। लेकिन इसके साथ ही यह ध्यान रखना जरूरी होगा कि मुसलमानों की संवेदनशीलता प्रभावित न हो जिनमें कट्टरपंथी भी शामिल हैं।

# मजबूत डालर और उभरती अर्थव्यवस्थाएं

दुनिया की मुद्राओं में डालर काफी मजबूत हुआ है, पर इससे अमेरिकी निर्माताओं को भी कुछ समय बाद काफी नुकसान पहुंच सकता है।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं।)

ब्राजील के रियाल व मैक्सिको के पीसो को छोड़ कर दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तरह ही भारतीय रुपया डालर की तुलना में पिछले कुछ महीनों में तेजी से गिरा है। हालांकि, डालर को कभी-कभी 'सौंदर्य प्रतियोगिता में शामिल सबसे कम खराब चेहरा' कहा जाता है, लेकिन वह हर गुजरते दिन के साथ मजबूत होता जा रहा है। ब्रिटिश पौंड, जापानी येन व यूरो में सबसे ज्यादा गिरावट आई है और वे डालर की तुलना में दिल-प्रतिदिन के आधार पर अपने मूल्य का क्रमश: 22, 20 व 15 प्रतिशत खो चुके हैं। यहां तक कि चीन के रेनमिबी को अपना 11 प्रतिशत मूल्य खोना पड़ा है। इसकी तुलना में अक्टूबर, 2021 व अक्टूबर, 2022 के रुपये में केवल 10 प्रतिशत की गिरावट आई है और वह 74 रुपये से गिर कर 82 रुपये तक पहुंच गया।

डालर की शक्ति या अमेरिका की मुद्रा की तुलना उसके प्रमुख व्यापारिक साझीदार देशों, जैसे जापान व यूरोजोन की मुद्राओं से कर समझा जाता है। इस दृष्टिकोण से डालर सूचकांक पर व्यापार भारी है जिसमें पिछले 12 महीनों में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है और अब वह 20 साल के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया है। यह किसी सूचकांक का सर्वोच्च मूल्यांकन है जो रोज-रोज थोड़ा बहुत बदलता रहता है। रुपये को मजबूत बनाए रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने विदेशी मुद्रा भंडार से कम से कम 110 बिलियन डालर खर्च किए हैं और यह अब 532 बिलियन डालर रह गया है जो नौ महीनों के आयात के लिए काफी है। उसके द्वारा लगातार चार बार ब्याज दर में वृद्धि की घोषणा के बावजूद बढ़ते तेल मूल्यों तथा निर्यात घटने के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है और इसने रुपये को और नीचे घसीटा है। इसमें अमेरिकन फेडरल रिजर्व का आक्रामक ढंग से ब्याज दरें बढ़ाना भी शामिल है। इससे वैश्विक पूंजी अमेरिका की ओर आकर्षित हुई तथा डालर मजबूत हुआ। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस वर्ष के अंत तक रुपया डालर की तुलना में 82-84 पर पहुंच सकता है।



वैश्विक ऊर्जा मूल्य बढ़ने पर ऊर्जा आयातक यूरोप जैसों को नुकसान होता है, जबकि ऊर्जा निर्यातक अमेरिका, ब्राजील व रूस को लाभ होता है। वर्तमान उथलपुथल का मुख्य कारण यूक्रेन युद्ध है, लेकिन अन्य स्थितियों में भी दुनिया की सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्रा डालर को लाभ होता है क्योंकि इसे अव्यवस्था के समय भी सुरक्षित स्वर्ग माना जाता है। यूरोप वर्तमान समय में मंदी के करीब है, जबकि चीन में बार-बार लाकडाउन के कारण निर्यात वृद्धि घटी है। इसका प्रभाव सभी प्रमुख एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। ऐसा लगता है कि आने वाले कुछ और समय तक डालर में मजबूती बनी रहेगी। दुनिया भर में केन्द्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के उद्देश्य से ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व अधिकांश अन्य देशों की तुलना में ब्याज दरें ज्यादा आक्रामक रूप से बढ़ा रहा है।

इसके परिणामस्वरूप वर्तमान समय में अमेरिका की ब्याज दरें अधिकांश विकसित देशों से अधिक हैं। स्वाभाविक रूप से इससे निवेशक ललचा रहे हैं क्योंकि अमेरिकन ट्रेजरी बांड में निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित हैं और वह आकर्षक ब्याज भी दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पैसा जाने से डालर अधिकांश अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत हुआ है और यह 2013 में उथलपुथल की स्थिति से बहुत बेहतर हुआ है। हमेशा की तरह उभरते बाजारों को इसका सर्वाधिक नुकसान हुआ है। अगस्त तक लगातार 6 महीनों से विदेशी निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकाल रहे हैं और यह पैसा निकालने का रिकार्ड सबसे लंबा समय है। इससे उनकी महत्वपूर्ण निवेश पूंजी डालर की तुलनात्मक सुरक्षा की ओर जा रही है। लेकिन इसमें नया कुछ नहीं है क्योंकि पहले भी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने पर उभरती अर्थव्यवस्थाओं को गहरा धक्का लगा है। लैटिन अमेरिका में 1980 के दशक को 'खोया दशक' तथा 1990 के दशक में मैक्सिको में 'टेक्वीला' संकट आया जिसने अंतत: रूस तथा पूर्वी एशिया को गंभीर वित्तीय संकट में धकेल दिया था। वास्तव में डालर की मजबूती पूरी दुनिया के लिए गंभीर आर्थिक नतीजे देने वाली है। इससे वैश्विक कर्ज सिकुड़ रहा है क्योंकि अधिकांश देश ज्यादातर डालर में कर्ज लेते हैं और डालर के मजबूत होने पर डालर-प्रभुत्व वाले कर्ज ज्यादा महंगे हो जाते हैं। इनका भुगतान घरेलू-मुद्रा भंडारों से करना पड़ता है। मुद्रा का मूल्य गिरने पर कर्ज का भुगतान ज्यादा महंगा हो जाता है और वह निर्यात लाभ से अधिक हो जाता है।

हालांकि, डालर की मजबूती से अमेरिका में मुद्रास्फीति घटती है क्योंकि उसके आयात सस्ते हो जाते हैं, लेकिन अन्य आयाम इसके खिलाफ भी काम करते हैं। अमेरिका में कीमतें पहले से ही बढ़ी होने तथा रोजगार दर तुलनात्मक रूप से कम होने के कारण अमेरिका में उच्च वेतन मुद्रास्फीति जैसी स्थिति पैदा होती है। यदि अमेरिका में मुद्रास्फीति इसी प्रकार बनी रहे तथा फेडरल रिजर्व को ब्याज दरें और बढ़ाने पर मजबूर होना पड़े तो डालर की दरों में बेलगाम वृद्धि अगले साल भी जारी रह सकती है। मजबूत डालर का प्रभाव खासकर भारत जेसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर हानिकारक होगा क्योंकि विदेशी पूंजी, खासकर एफपीआई के माध्यम से वित्तीय बाजारों में निवेश किया पैसा देश से बाहर जाने लगता है। ऐसे में चीन, भारत या ब्राजील जैसे उच्च विदेशी मुद्रा भंडार वाले देश झटका झेल सकते हैं। अमेरिका के पूर्व ट्रेजरी सचिव जान कोनोली का अपने समकक्षा से कहा गया यह कथन मशहूर है, 'डालर हमारी मुद्रा है, लेकिन यह आपकी समस्या है।'

लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए भी मजबूत डालर का प्रभाव इतना सकारात्मक नहीं होगा। इससे अमेरिकी निर्माताओं व निर्यातकों को नुकसान होगा क्योंकि उनके उत्पादों की अन्य देशों में अधिक दाम के कारण मांग घट जाएगी। इससे अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़ेगा जो पहले ही काफी ज्यादा है। अमेरिकी अर्थशास्त्री विलियम रीनश्च ने संकेत किया है, ऐतिहासिक रूप से डालर मजबूत होने के बाद राजनीतिक धक्के लंबे समय तक महसूस किए जाते हैं। इससे अंतत: फेडरल रिजर्व पर दबाव पड़ता है कि वह अपनी ब्याज दरों में कमी कर अमेरिकी वस्तुओं को विश्व बाजार में प्रतियोगी बनाए। माइक्रोसाफ्ट व नाइक जैसी अमेरिकी कंपनियों के मुनाफे में पहले ही भारी कमी आई है। अन्य बड़ी टेक कंपनियों की तरह एपल की भी 60 प्रतिशत बिक्री अमेरिका से बाहर होती है और वे सब मिल कर अनेक शेयर बाजारों पर प्रभावी हैं। ये सभी कंपनियां डालर की मजबूती से प्रभावित होंगी। अनुमान है कि डालर की मजबूती के कारण एसएंडपी में दर्ज 500 कंपनियों की आय में लगभग 5 प्रतिशत कमी आएगी जो 100 बिलियन डालर से अधिक होगी।

ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संस्थानों व समुदायों को कर्ज के पुनर्गठन को तेज करने के कदम उठाने होंगे ताकि देश फिर से टिकाऊ राजकोषीय रास्ते पर लौट सकें। डालर को कमजोर करने के लिए वैश्विक आर्थिक प्रगति तेज होनी चाहिए क्योंकि ऐसा न होने पर गिरवट के कारण बची-खुची पूंजी भी डालर की सुरक्षा की ओर चली जाएगी। डालर दुनिया की सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुरक्षित मुद्रा है और इस परिघटना से उसमें और मजबूती आएगी। डालर की मजबूती में तभी परिवर्तन आएगा जब अमेरिका अर्थव्यवस्था में मंदी के कारण फेडरल रिजर्व को ब्याज दरें घटाने पर मजबूर होना पड़े अथवा अमेरिका में कीमतों में तेजी से कमी तथा वेतनों पर पड़ने वाला दबाव घटने के कारण फेडरल रिजर्व एक मौद्रिक ठहराव जैसी स्थिति स्वीकार करे।

लेकिन डालर के उस समय तक कमजोर होने की संभावना नहीं है जब तक वैश्विक ऊर्जा कीमतें कम नहीं होती हैं। इसके लिए अंतत: रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति जरूरी है। ये सभी संभावनायें अभी बहुत धुंधली तथा सुदूर नजर आ रही हैं। इसी कारण अब दुनिया के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि वह रूस व यूक्रेन पर दबाव डाल कर उनको बातचीत के आधार पर समझौते के लिए मजबूर करे। पुतिन जितना ज्यादा गुस्सा व निराशा होंगे, दुनिया के लिए उतना ही महत्वपूर्ण होगा कि वे तार्किक दृष्टिकोण अपना कर विचारहीन क्रूरता छोड़ें।

# हिजाब पर विकृत उदारवादी दृष्टिकोण



**रवि शंकर कपूर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारत और ईरान में हिजाब को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच का विरोधाभास और गहरा नहीं हो सकता। इस्लामी गणतंत्र ईरान में बहादुर महिलाएं और पुरुष हैं जो हिजाब का विरोध कर रहे हैं, जिसे वे महिलाओं के उत्पीड़न के प्रतीक और साधन के रूप में देखते हैं। दूसरी ओर, भारत के धर्मनिरपेक्ष गणराज्य में महिलाओं सहित कुछ अत्यंत शिक्षित उदारवादी हैं, जो हिजाब को सही ठहराने के लिए बहुत ही खास तर्क दे रहे हैं। बहादुर ईरानी महिलाएं, यहां तक कि स्कूली छात्राएं भी खुले तौर पर हिजाब का विरोध कर रही हैं। वे 22 वर्षीय ईरानी कुर्द महिला महसा अमिनी की मौत का विरोध कर रहे हैं, जिसे कथित तौर पर इस्लामिक रिपब्लिक के ड्रेस कोड का पालन नहीं करने के लिए कुख्यात नैतिकता पुलिस ने पिछले महीने मार दिया था। तब से अब तक दर्जनों की मौत हो चुकी है, लेकिन इससे प्रदर्शनकारी भयभीत नहीं हो रहे हैं।

संवैधानिक कानून और राजनीतिक दर्शन पढ़ाने वाली एक वकील राफिया जकारिया ने 28 सितंबर को पाकिस्तान के डॉन में लिखा, 'पाकिस्तानी नारीवादियों को ईरानी महिलाओं की आवाज को- जो लड़ रही हैं और विरोध कर रही हैं और दुनिया को दिखा रही हैं कि असली नारीवादी साहस का सच्चा अर्थ क्या है - और बुलंद करने के लिए इसे अपना व्यवसाय बनाना चाहिए ।''संक्षेप में, दो प्रमुख इस्लामी गणराज्यों (जिनमें से एक इस्लाम के नाम पर अस्तित्व में आया था) में महिलाएं और पुरुष हिजाब का विरोध कर रहे हैं। और, भारत में, कुछ मुस्लिम महिलाओं सहित फैशनेबल उदारवादी, उस ड्रेस कोड को सही ठहरा रहे हैं जिसका उद्देश्य महिलाओं को अपने अधीन बनाना है। वे महिलाओं की 'पसंद' के नाम पर हिजाब का समर्थन करते हैं। मानो हिजाब सम्मान का बिल्ला हो, न कि कुप्रथा और उत्पीड़न का प्रतीक! हमारे उदारवादियों के साथ ऐसा नहीं हुआ है कि तथाकथित महिलाओं की पसंद अक्सर सदियों से धार्मिक शिक्षा का परिणाम होती है। यहां सभी धर्मों की महिलाओं पर धार्मिक हठधर्मिता और सदियों पुराने रीति-



रिवाजों के भयानक प्रभाव के बारे में जानना शिक्षाप्रद होगा।

इंडियन जर्नल ऑफ सोशल वर्क के लिए लिखे एक पेपर में, हवाई विश्वविद्यालय धर्म विभाग के प्रोफेसर क्रॉमवेल क्रॉफर्ड ने सती-उन्मूलन के लिए राजा राम मोहन राय की वीरतापूर्ण लड़ाई का वर्णन किया। क्रॉफर्ड ने लिखा कि राजा का सती-विरोधी अभियान 1811-12 में रंगपुर में रहते हुए शुरू हुआ। उनकी भाभी (1812) की भयावह मृत्यु ने उन्हें अपने देश की सभी बहनों को इस अनुचित प्रथा से बचाने का दृढ़ संकल्प प्रदान किया। अपने शुरुआती प्रयासों में, वह कलकत्ता क्षेत्र में श्मशान घाटों में उन महिलाओं को रोकने का प्रयास किया करते थे जो अपने जीवन का बलिदान करने वाली थीं। एशियाटिक जर्नल की रिपोर्ट है कि एक अवसर पर उन्होंने पुजारियों को, इस उम्मीद में कि आग की लपटें उसे डरा देंगी, महिलाओं को चिता पर चढ़ने से पहले आग जलाने के लिए कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रक्रिया शास्त्रों द्वारा निर्देशित है। उनकी उम्मीदों के विपरीत, उनमें से एक पत्नी साहसपूर्वक आग की लपटों में चली गई और दूसरी उसके पीछे चली गयी। जैसे ही वह आग की लपटों के सामने खड़ी हुई, उसने साथ खड़े लोगों को संबोधित किया कि आपने अभी-अभी मेरे पति की पहली पत्नी को अपने कर्तव्य का पालन करते देखा है, और अब मुझे उसी मिसाल को दोहराते हुए देखेंगे। आगे से, मैं प्रार्थना करती हूं, हिंदू महिलाओं को जलने से रोकने का प्रयास न करें, अन्यथा, तुम्हें हमारा श्राप लगेगा।''

स्वतंत्र भारत में भी सामाजिक सुधार का विरोध किया गया था। उदाहरण के लिए, हिंदू कोड बिलों का राजनीति में हिंदुओं के समर्थकों द्वारा जमकर विरोध किया गया। हिंदी व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने आश्चर्य के साथ कहा था कि कुछ महिलाएं भी उन विधेयकों के खिलाफ थीं, जो महिलाओं की मुक्ति के लिए बनाए गए थे! हिजाब की प्रकृति से परिचित, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मार्च में उडुपी में गवर्नमेंट प्री-युनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज में हिजाब पर प्रतिबंध को सही ठहराया। इसके फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिसने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और फैसला सुरक्षित रख लिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रितुराज अवस्थी द्वारा पढ़े गए अपने आदेश के सार में पूर्ण पीठ ने कहा, ''हमारा विचार है कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा हिजाब पहनना इस्लामी आस्था में एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है।'' न्यायमूर्ति अवस्थी ने कहा, ''हमारा विचार है कि स्कूल यूनिफॉर्म का निर्धारण संवैधानिक रूप से स्वीकार्य एक उचित प्रतिबंध है, जिस पर छात्र आपत्ति नहीं कर सकते हैं। '' बेंच, जिसमें कि जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित और जस्टिस जेएम खाजी भी शामिल हैं, ने भी यह कहा।

न्यायमूर्ति रितुराज अवस्थी का फैसला उन आवश्यक प्रथाओं के सिद्धांत का पालन कर रहा था जिसकी सुप्रीम कोर्ट ने 1954 में कल्पना की थी और उसे कई मामलों में लागू किया गया है। इसके अनुसार किसी भी धार्मिक प्रथा, जो कि अनिवार्य नहीं है, पर प्रतिबंध, धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं माना जा सकता है। उदारवादी अनावश्यक रूप से हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन को बढ़ावा दे रहे हैं। हिजाब को, जो स्त्रीद्वेष का एक प्रतीक साधन है, को लगभग रूपांतरित कर रहे हैं। उनकी दुनिया में गुलामी ही आजादी है और आजादी गुलामी है। वास्तव में एक अत्यंत ऑरवेलियन दुनिया।

## आप की **बात**

### डेंगू का खतरा

**वर्तमान** समय में डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डेंगू बीमारी एडिस इजिप्ट नामक प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलती है। डेंगू बीमारी में 104 डिग्री का बुखार होता है जिसके साथ सिर दर्द, मांस पेशियों, हड्डियों और जोड़ों का दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखों के पीछे दर्द, ग्रंथियों में सूजन, त्वचा पर लाल चकत्ते होना, ब्लड प्रेशर का तेजी से गिरना और हृदय गति का कम होना, भूख ना लगना, चिड़चिड़ापन का लक्षण, कमजोरी होना आदि हो सकता है। पीड़ित को तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए एवं उसका समुचित इलाज करवाना चाहिए एवं कुछ सावधानियां बरतने की भी जरूरत है जैसे कि घरों एवं घरों की आसपास की साफ सफाई, व्यक्तिगत साफ-सफाई, संतुलन आहार, डिटॉल, एवं मच्छरदानी का प्रयोग अति आवश्यक है क्योंकि ऐसी बीमारी का पनपने का कारण, कहीं ना कहीं दूषित वातावरण होना या आस पास इस लक्षण से ग्रसित व्यक्ति का होना है जिससे सावधान रहने की जरूरत है बच्चे और गर्भवती महिलाएं को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है आपकी सतर्कता है एवं लक्षण को पहचानना डेंगू से बचाव के लिए बहुत जरूरी है

-**एस कुमार,** वैशाली

### दुनिया में अशांति

**बेकाबू** महंगाई और आर्थिक मंदी की आशंकाओं के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था का संकट गहराता जा रहा है। मुद्राकोष ने भारत के आर्थिक विकास अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत की चुनौतियों में मुद्रास्फीति, सख्त वित्तीय स्थिति, यूक्रेन पर रूस के हमले और कोविड महामारी का असर शामिल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महंगाई आर्थिक तंगी और लोगों का मध्यमवर्ग से खिसक कर गरीब वर्ग में आने का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। दुनिया की आधी आबादी के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना एकमात्र लक्ष्य रह गया है। यूक्रेन जैसे राष्ट्र भी रूस से बदला लेने को तैयार है। यूक्रेन सामरिक रूप से कमजोर होने के बावजूद भी अमेरिका के राष्ट्रपति की शह पर ताल ठोक रहे हैं। इन राष्ट्रों को अपने निजी हितों को त्याग कर विश्व शांति की ओर अग्रसर होना चाहिए। युद्ध की तपिश से अतत: इन बड़े देशों के भीतर भी आग लगा कर रहेगी। यूरोप में अनेक राष्ट्रों के नागरिक भी युद्ध का विरोध कर रही है मगर उनकी सरकारों में से कोई पीछे हटने को तैयार नहीं!

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### कश्मीर में चुनाव

**जम्मू कश्मीर** में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं उससे पहले प्रदेश में वे कर्मचारी, जो बाहरी तो है परंतु साल भर से भी अधिक समय से जम्मू कश्मीर में रहकर अपनी शासकीय सेवाएं राज्य सरकार को दे रहे हैं। अत: उनके नाम अब यहां की वोटर लिस्ट में जोड़ने की कार्यवाही निर्वाचन आयोग कर रहा है। अत: यह कोई नई बात नहीं है कि पूरे ही देश में यह प्रक्रिया हमेशा ही समय-समय पर सतत चलती रहती है देश में यह प्रक्रिया हर प्रदेश में होती है क्योंकि अब आजकल जम्मू कश्मीर भी धारा 370 हटने के बाद केंद्र सरकार से जुड़ गया है अत: उस राज्य में भी देश के सारे नियम एवं कानून भी एक साथ जुड़ गए हैं। तब उस राज्य में भी काम करने वाले बाहरी कर्मचारी जो काफी समय से इस राज्य को अपनी सेवा दे रहे थे अब उन्हें भी यहां वोट देने का पावर अब निर्वाचन आयोग दे रहा है। लेकिन कॉन्फ्रेंस एवं पीडीपी को निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही इस तरह की कार्रवाई से घोर आपत्ति है। हालांकि, इस फैसले पर निर्वाचन आयोग द्वारा पुन: विचार हो रहा है।

**मनमोहन राजावत राज**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“ **कांग्रेस** गुजरात में निष्क्रिय दिख रही है, पर वह खामोशी से गांवों और कस्बों में सक्रिय है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**क्या** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात चुनाव में कांग्रेस का प्रचार कर रहे हैं?

– **अरविंद केजरीवाल**
आप के राष्ट्रीय समन्वयक





**भारत** का हित पहले है। मेरा नैतिक दायित्व ऊर्जा के संबंध में सबसे अच्छा समझौता करना है।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री ”

# बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावितों से किया संवाद, राहत सामग्री व मुआवजा राशि बांटी

● मुख्यमंत्री ने महाराजगंज व गोरखपुर का हवाई सर्वेक्षण कर लिया बाढ़ की स्थिति का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनपद महाराजगंज का हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने धानी विकासखंड के महेशराम अशोक कुमार कन्या इंटर कॉलेज में स्थित बाढ़ राहत केन्द्र पहुंच कर बाढ़ प्रभावितों का कुशलक्षेम पूछा और उनसे संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की गयी। उन्होंने गृह हानि तथा पशुहानि के प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि का चेक तथा 13 अन्य लोगों को अनुदान राशि का चेक वितरित किया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर की कैम्पियरगंज तहसील में भी बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करने के साथ उनके साथ संवाद किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की इस आपदा के समय, प्रदेश सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों की भरपूर मदद का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे बाढ़ पीड़ित जिनके घर में पानी भर गया है उन्हें कम से कम दो बार भोजन उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर के महीने में पहली बार बाढ़ की त्रासदी का सामना हम सबको करना पड़ रहा है। यह असमय बाढ़ है। बाढ़ की स्थिति में सभी जनप्रतिनिधिगण तथा जिला प्रशासन के अधिकारीगण आपकी सेवा में तत्परता से कार्य कर रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकार ने सभी पीड़ित परिवारों के लिए हर प्रकार की सहायता के लिए पर्याप्त धनराशि और सामग्री सभी प्रभावित जनपदों को उपलब्ध करायी है। जहां घरों में पानी भर गया है, वहां भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जहां लोग अपने घरों में भोजन बना सकते हैं, वहां हर पीड़ित परिवार को राशन किट प्रदान की जा रही है। राशन किट में 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, 5 किलो लाई, 2 किलो भुना चना, 2 किलो अरहर की दाल, रिफ इण्ड तेल, नमक, मिर्च-मसाले समेत 5 लीटर कैरोसिन तेल देने की व्यवस्था की गयी है। साथ ही महिलाओं के लिए डिग्निटी किट भी शासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना की तर्ज पर आवास बनाने के लिए एक लाख 20 हजार रुपए की दर से धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा से हुई जनहानि पर पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। अंग-भंग होने पर 75 हजार रुपए से 2 लाख 50 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से भारी पैमाने पर फसलों को क्षति पहुंची है। जिला प्रशासन को इसके सर्वेक्षण के आदेश दिए गए हैं। शीघ्र ही प्रभावित किसानों को फसलों के मुआवजे की धनराशि उनके खाते में उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। पहले सूखा तथा फिर बाढ़ के कारण जो स्थिति उत्पन्न हुई है, इसके दृष्टिगत पीड़ित किसानों को निशुल्क दलहन, तिलहन तथा सब्जी के बीज उपलब्ध कराने की कार्रवाई चल रही है, ताकि उनकी खेती प्रभावित न होने पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि जहां भी जलजमाव हुआ है या जहां भी बाढ़ की स्थिति है, वहां पर्याप्त संख्या में नौकाओं की व्यवस्था करते हुए लोगों को सुरक्षा दें।

बाढ़ का पानी अगले 3-4 दिनों में पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। गांव में स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि दीपावली के पहले हर जगह साफ सफाई, दवाओं के छिड़काव की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत तथा जहां बिजली बाधित हुई है वहां बिजली को बहाल करके पूर्व की स्थिति में लाने की व्यवस्था करें, जिससे लोग दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मना सकें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम योगी ने फ्लीट रोककर एंबुलेंस को दिया रास्ता, महिला को भेजवाया अस्पताल

● काशी दौरे पर सामने आयी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मानवीय संवेदना

● वीआईपी प्रोटोकॉल के बीच मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एम्बुलेंस को किया गया स्कॉर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के वाराणसी भ्रमण के दौरान मानवीय संवेदना की बड़ी मिसाल पेश की है। सीएम के निर्देश पर वीआईपी प्रोटोकॉल के दौरान फंसी एक एंबुलेंस को ना सिर्फ रास्ता दिया गया बल्कि वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस की ओर से एंबुलेंस को स्कॉर्ट कराते हुए सही समय पर तत्काल अस्पताल तक पहुंचाया गया। एंबुलेंस में एक महिला डिलवरी के बाद काफी क्रिटकल कंडीशन में थीए जिन्हें उनके परिजन अस्पताल लेकर जा रहे थे। इसी बीच मुख्यमंत्री का काफिला उधर से गुजर रहा था। वाराणसी के पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने बताया कि मुख्यमंत्री का काफिला पुलिस लाइन से सारनाथ के लिए निकला ही था कि एक एंबुलेंस आती दिखी। एंबुलेंस में एक महिला जिनका नाम अंजलि सिंह हैए काफी क्रिटकल कंडीशन में थीं। उन्हें डिलवरी के बाद ब्लीडिंग की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी थी। ऐसे समय में तुरंत इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गयी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही एंबुलेंस के लिए तुरंत रास्ता खाली कराया गया। एंबुलेंस को वाराणसी ट्रैफिक पुलिस की ओर से स्कॉर्ट किया गया और अति शीघ्र अस्पताल तक पहुंचाया गया। महिला के पति अभिषेक सिंह ने बताया कि वे वाराणसी के चौबेपुर स्थित धरहरा गांव के निवासी हैं। उनकी पत्नी को डिलवरी के बाद काफी ज्यादा ब्लीडिंग हो रही थी। वे लोग उन्हें लेकर अस्पताल जा रहे थेए तभी रास्ते में मुख्यमंत्री जी का काफिला आता दिखा। लगा कि हमारी एंबुलेंस अब फंस जाएगी और हम समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकेंगे। अभिषेक के अनुसार हमने अपनी स्थिति की जानकारी वाराणसी के पुलिस कमिश्नर को दीए जिसके बाद मुख्यमंत्री तक ये बात पहुंची और उन्होंने खुद संज्ञान लेते हुए हमारी एंबुलेंस को रास्ता मुहैया कराया। अभिषेक की मानें तो उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि प्रशासन उनकी एंबुलेंस को आगे जाने देगाए लेकिन खुद मुख्यमंत्री जी ने जो संवेदनशीलता दिखायी है, उसके लिए उनका परिवार सदा आभारी रहेगा। परिजनों ने महिला को वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।





सफैई में सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अपर्ति करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना एवं रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे

# योजनाओं को यूजर फ्रेंडली बनाकर भ्रष्टाचार को किया जाएगा खत्मः असीम अरुण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाज** कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि आईटी सेल के माध्यम से तकनीकी का समुचित उपयोग कर योजनाओं को यूजर फ्रेंडली बनाते हुए भ्रष्टाचार की संभावनाओं को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाएं ऑनलाइन संचालित है तथा समस्त योजनाओं में भुगतान ऑनलाइन माध्यम से ही किया जा रहा है। सभी योजनाओं की कुशल तकनीकी मॉनिटरिंग के लिए आईटी सेल, निदेशालय समाज कल्याण स्तर पर स्थापित किया गया है। जिसकी सहायता से योजनाओं में आवेदन प्रक्रिया सरल करते हुए तकनीकी के बेहतर प्रयोग से योजनाओं को सर्व सुलभ प्रकार से लाभार्थी तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। आवश्यक अभिलेखों यथा आधार, जाति, आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक अभिलेख इत्यादि का आवेदन के समय ही रियल टाइम सत्यापन संबंधित वेबसाइट से करते हुए भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। आईटी सेल द्वारा योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर योजनाओं के क्रियान्वयन में आवश्यक सुझाव भी दिए जाएंगे जिससे योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम एवं आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से संदेहास्पद ट्रांजेक्शन एवं गलत व्यक्ति द्वारा योजना का लाभ प्राप्त करने की संभावनाओं को समाप्त किया जाएगा।

# पीपीपी मोड पर होगा प्रयागराज के हेलीपोर्ट का संचालनः जयवीर सिंह

**लखनऊ।** जनपद प्रयागराज स्थित हेलीपोर्ट का संचालन पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया गया है। मेसर्स केपीएमजी द्वारा इस संबंध में फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने की कार्यवाही की जा रही है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज हेलीपोर्ट की शुरुआत होने पर श्रद्धालुओं तथा आगन्तुकों को कम समय में अपने गन्तव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। इसके अलावा प्रयागराज में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कुम्भ 2025 के लिए यह एक आकर्षण का केन्द्र होगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश में रोप.वे परियोजनाओं का संचालन पीपीपी मॉडल पर दो स्थलों चित्रकूट तथा अष्टभुजा एवं कालीखोह (विन्ध्याचल) में कराया जा रहा है।

## अब तक 146 मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज की कीमत मूल्य समर्थन योजना के अनुरूप दिलाने के उद्देश्य से किसानों से सीधे धान की खरीद की जा रही है। खरीफ क्रय वर्ष 2022-23 में अब तक 146 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस वर्ष धान का समर्थन 2040 रूपये कॉमन धान तथा 2060 रूपये प्रति कुंतल ग्रेड ष्एष् धान निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को अपना धान बेचने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश की विभागीय वेबसाइट पर धान विक्रय हेतु किसानों के पंजीकरण की व्यवस्था ऑनलाइन उपलब्ध है। किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800.1800.150 या संबंधित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते

## कनहर सिंचाई परियोजना के लिए 340 लाख रुपए स्वीकृत

**लखनऊ।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा कनहर सिंचाई परियोजना हेतु 340 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में यह निर्देश दिये गये हैं कि परियोजना हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों पर नियमानुसार सेन्टेज चार्ज एवं लेवर सेस का भुगतान तथा व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय.समय पर जारी निर्देशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। परियोजना में कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता एवं समय से पूर्ण कराया जाना मुख्य अभियन्ता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

## अलकायदा माड्यूल अंसार गजवातुल हिन्द के सदस्य की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विसं)।** एनआईए/एटीएस के विशेष जज नरेन्द्र कुमार, तृतीय ने अलकायदा माड्यूल (अंसार गजवातुल हिन्द) के सक्रिय सदस्य मुल्जिम तौहीद अहमद शाह की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इस पर यूपी में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए असलहा व विस्फोटक आदि मुहैया कराने की साजिश में लिप्त होने व विस्फोटक बनाने की ट्रेनिंग देने का भी इल्जाम है। सात फरवरी 2022 को इसे जम्मू कश्मीर के बड़गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। एनआईए के वरिष्ठ लोक अभियोजक एमके सिंह ने इसकी जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया।

# मनरेगा में एमआईएस से सम्बंधित दिया जायेगा प्रशिक्षण

● 1600 नामित कार्मिकों प्रतिनिधियों को बनाया जायेगा मास्टर ट्रेनर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर और उनके कुशल दिशा निर्देशन में प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत एमआईएस (मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम) से सम्बंधित कार्यों को और अधिक बेहतर व सुव्यवस्थित तरीके से कराये जाने हेतु सम्बंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 17 से 20 अक्टूबर तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य स्तर पर पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में आयोजित किया जा रहा है।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपदों, विकास खंडों व ग्राम पंचायत स्तर के नामित अधिकारी, कर्मचारी व प्रधान प्रतिभाग करेंगे। राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षणार्थी ही मास्टर ट्रेनर के रूप में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे। जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षणार्थियों के चयन के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों को दिशा निर्देश पूर्व में ही भेजे जा चुके हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि 17 से 20अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1600 नामित कार्मिकों, प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के मुताबिक 17 अक्टूबर को आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, सीतापुर, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेलीएव बस्ती के 400 लोगो को, 18अक्टूबर को बिजनौर, बुलन्दशहर, चन्दौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, बागपत, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस व जालौन के 399 कार्मिकों को 19 अक्टूबर को जौनपुर झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज, कौशांबी, खीरी, कुशीनगर, ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद व मुजफ्फरनगर के 404 लोगों को तथा 20 अक्टूबर को पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, सम्भल सन्तरविदास नगर, सन्त कबीर नगर, शाहजहांपुर, अमरोहा, हापुड़, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव व वाराणसी के नामित 398कार्मिकों, प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खादी भवन में आयोजित होगा सात दिवसीय माटीकला मेला

**लखनऊ।** दीपावली के अवसर पर उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा डालीबाग स्थित खादी भवन में 17 से 23 अक्टूबर तक सात दिवसीय माटीकला मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान 17 अक्टूबर को मेले का उद्घाटन करेंगे। माटीकला मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के उत्कृष्ट शिल्पियों द्वारा निर्मित मिट्टी से बने उत्पादों का भव्य प्रदर्शन एवं बिक्री की जायेगी। प्रदर्शनी में लगभग 75 स्टाल होंगे और कारीगरों को यह स्टाल निःशुल्क आवंटित किये गये हैं। माटीकला बोर्ड द्वारा वितरित डाई से बनी लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, चुनार की पाटरी, आजमगढ़ की ब्लैक पाटरी, गोरखपुर का टेराकोटा, खुर्जा की ग्लेज्ड पॉटरी एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के डिजाइनर दीये प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण होंगे। माटीकला व्यवसाय में उपयोग होने वाली पगमिल, ब्लंजर, जिगर जॉली, विद्युत चालित चाक एवं गैस भट्ठी आदि का क्रियात्मक प्रदर्शन भी जायेगा।

# हिमांचल व गुजरात में होगा बीजेपी का सफाया, कांग्रेस की बनेगी सरकारः प्रमोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भारतीय जनतापार्टी चाहे जितना भी प्रयास कर ले और हथकंडे अपना ले किन्तु हिमांचल प्रदेश और गुजरातए इन दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का सफाया होगा और चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएंगे, कांग्रेस की सरकार इन दोनों राज्यों में बनेगी। तिवारी ने भारतीय जनतापार्टी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि उसके 8 सालों के शासनकाल में उसने पिछले 35 साल की सबसे बड़ी महंगाई देकर आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है । वहीं तिवारी ने सर्वोच्च न्यायाालय के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें अडानी को सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के पूर्णतः चालू 'वेयर हाउस' को देने के निर्णय को निरस्त कर दिया है और प्रतिकूल टिप्पणी करते हुए कहा है कि ये जनहित में नहीं है।

तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा हिमांचल प्रदेश के विधान सभा चुनाव की तिथि 12 नवम्बर 2022 घोषित कर दी गयी है और गुजरात के विधान सभा चुनाव भी सम्भवतः माह दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में होने की संभावना है । चूंकि 8 दिसम्बर 2022 को हिमांचल प्रदेश के चुनाव परिणाम आएंगे, अतः इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी की आंतरिक रिपोर्ट एवं एजेसियों की रिपोर्ट यह दर्शा रही है कि भारतीय जनता पार्टी के हाथ से ये दोनों ही राज्य निकल रहे हैं और इसीलिए गुराजत के विधानसभा चुनाव बाद में कराये जा रहे हैं क्योंकि वहां की स्थिति भाजपा के लिए काफी खराब है। यदि दोनों राज्यों के चुनाव में दो-तीन सप्ताह का अंतर होगा तो प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं को गुजरात में स्थिति संभालने का और समय मिल जाएगा। इसीलिए दोनों राज्यों ने अलग-अलग तिथियों में चुनाव कराने की सिफ ारिश की और निर्वाचन अयोग दानों राज्यों में अलग-अलग तिथियों में चुनाव कराने जा रहा है। तिवारी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा के चुनाव एक साथ कराए गए थे। हिमांचल प्रदेश और गुजरात प्रदेश के कार्यकाल का अंतर जब 6 माह से कम का था तो फिर निर्वाचन आयोग ने स्वयं के उस परम्परा का पालन क्यों नहीं किया कि जहां 6 माह से कम का समय होता है वहां के चुनाव एक साथ कराए जाएं। हिमांचल प्रदेश और गुष्जरात यह दोनों राज्य बहुत बड़े भी नहीं है, बहाना यह बनाया गया कि पिछली बार का फ ार्मूला अपनाया गया है। यदि इन दोनों राज्यों के चुनाव एक साथ होते तो इन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी भी स्थिति में नहीं बनती।

# पीड़ित परिवार से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, मदद का दिलाया भरोसा



● एटा के एक गांव में हुई पिता-पुत्री की हत्या का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यख बृजलाल खाबरी ने एटा जिले के थाना जसरथपुर के अंतर्गत गांव नंगला बलू पहुंचकर पिता-पुत्री की हुई हत्या की घटना की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात करके उन्हें मदद का भरोसा दिलाया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया की गांव नंगला बलू में पिता अनंत पाल एवं पुत्री तनीषा पाल की हत्या कर दी गई तथा उसकी माता फूलश्री को बुरी तरह से घायल कर दिया जो अभी भी अस्पताल में है । स्थानीय प्रशासन का रवैया ढुलमुल है और प्रतीत होता है कि अपराधी को बचाने की कोशिश हो रही है। खाबरी ने भाजपा सरकार पर पीड़ितों के साथ ना खड़े होने का और किसी भी प्रकार की मदद ना करने कर आरोप लगाया। प्रवक्ता ने आगे बताया कि बृजलाल खाबरी तथा सुभाष पाल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बिलग्राम जनपद हरदोई ने पीड़ित परिवार को सहायता राशि प्रदान की और परिवार को हर संभव मदद देने का आशवासन दिया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, अनिल यादव, प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान लोधी, श्याम सुन्दर उपाध्याय बिट्ठू, महिला कांग्रेस आगरा जोन की अध्यक्ष ममता राजपूत, प्रदेश सचिव मुनीन्द्र पाल लोधी, एटा जिलाध्यक्ष गंगा सहाय लोधी, आदि मौजूद रहे।

## वर्तमान पेराई सत्र के लिए गन्ने के सट्टे व आपूर्ति की नीति जारी

# डिजिटलीकरण को मिलेगा बढ़ावा, गन्ना माफियाओं पर लगेगा अंकुशः भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के गन्ना एवं चीनी आयुक्त संजय आर. भूसरेड्डी ने पेराई सत्र 2022-23 के लिए गन्ने के सट्टे एवं आपूर्ति की नीति जारी कर दी है। आयुक्त ने बताया कि इस वर्ष जारी सट्टा नीति से डिजिटलीकरण को और बढ़ावा मिलेगा। बिचौलियों का उन्मूलन होकर वास्तविक कृषकों को ही गन्ना आपूर्ति का लाभ मिलेगा तथा छोटे गन्ना कृषक अपना गन्ना समय से चीनी मिल को आपूर्ति कर सकेंगे एवं अस्वीकृत प्रजातियों के स्थान पर कृपक उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

भूसरेड्डी ने बताया कि जारी सट्टा एवं आपूर्ति नीति में किसानों के हितों के दृष्टिगत मुख्य रूप से भूमि क्रय-विक्रय के प्रकरणों में बेसिक कोटा हस्तान्तरण, ड्रिप विधि से सिंचाई करने वाले किसानों को सट्टे में प्राथमिकतरा, सैनिकों, अर्द्धसैनिक बलों, भूतपूर्व सैनिकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके विधिक उत्तराधिकारियों को गन्ना आपूर्ति में प्राथमिकता, उत्तम गन्ना किसानों को उपज बढोत्तरी के लिए निशुल्क प्रार्थना पत्र देने की सुविधा एवं सट्टाधारक सदस्य किसान की मृत्यु पेराई सत्र के दौरान होने पर सट्टा चालू रखे जाने सम्बन्धी प्राविधान प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की आपूर्ति नीति में प्रति किसान गन्ना सट्टे की सीमा सीमान्त कृषक (1 हेक्टेयर तक) के लिए अधिकतम 850 कुंतल, लघु कृषक (2 हेक्टेयर तक) के लिए 1700 कुंतल तथा सामान्य किसान (5 हेक्टेयर तक) के लिए 4250 कुंतल एवं उपज बढ़ोत्तरी की दशा में सट्टे की अधिकतम सीमा सीमान्त, लघु एवं सामान्य किसान के लिए क्रमशः 1350 कुंतल, 2700 कुंतल तथा 6750 कुंतल निर्धारित की गयी है। भूसरेड्डी ने बताया कि ड्रिप इरीगेशन पद्धति अपनाने वाले किसानों को उनको अतिरिक्त सट्टे में प्राथमिकता दी जाएगी तथा अतिरिक्त सट्टे में अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों को सम्मिलित नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त सट्टे के लिए किसी गन्ना किसान्से प्रशासनिक शुल्क के रूप में धनराशि की कटौती नहीं की जाएगी। ड्रिप विधि से बुआई सहफसली खेती एवं ड्रिप के प्रयोग एक ही खेत पर शुरू करने वाले चयनित उत्तम गन्ना किसानों से उपज बढ़ोत्तरी के प्रार्थना-पत्र निशुल्क प्राप्त किए जाएंगे। आयुक्त ने बताया कि गन्ना किसानों की मांग के चलते इस वर्ष सट्टा नीति में यह भी निर्णय लिया गया है कि यदि किसी सट्टाधारक सदस्य किसान की मृत्यु पेराई सत्र के दौरान हो जाती है तो कृषक की आपूर्ति योग्य गन्ने की सामयिक खपत के दृष्टिगत उसका सट्टा चालू रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आदर्श कैलेण्डर 2022-23 के सिद्धान्तों में भी कुछ नए बिन्दु जोड़े गए हैं, जैसे यदि किसान के पास अवशेष कैलेण्डर पर्ची उसकी सप्लाई मोड पर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है तो कृषक के कैलेंडर की अन्तिम पर्ची उसके वर्तमान मोड में ही निर्गत होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान पेराई सत्र में कृषक के पास उपलब्ध कृषि योग्य भूमि गाटा संख्यावार फ ीड कराई जा रही है तथा गाटा संख्या के अनुसार ही कैलेंडर का संचालन कराया जायेगा। इसी कारण इस वर्ष ग्रामवार समिति सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेला के दौरान कृषि योग्य भूमि का प्रदर्शन भी कराया गया है। उपर्युक्त प्रक्रिया अपनाए जाने से गन्ना माफियाओं पर अंकुश लगेगा तथा सही गन्ना किसानों को गन्ना आपूर्ति में सुगमता होगी। इस वर्ष एक मोबाईल नम्बर पर अधिकतम पांच सट्टों की एसएमएस पर्ची ही जा सकेगी तथा एक बैंक खाते में अधिकतम पांच सट्टों का गन्ना मूल्य भुगतान जा सकेगा।

### ब्रजेश पाठक के लखीमपुर जाते समय सीतापुर में हुआ हादसा...

# डिप्टी सीएम के काफिले की चार गाड़ियां आपस में टकरायीं

- सीतापुर मार्ग पर नानकारी के पास हुआ हादसा, कई घायल
- घायल सिपाही के मुताबिक स्कार्पियों के ओवर टेक करने से हुआ हादसा






संवाददाता। सीतापुर

**लखनऊ से** लखीमपुर के लिए शुक्रवार को सीतापुर होकर कार से जा रहे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के काफिले में हुए हादसे से हड़कंप मच गया। डिप्टी सीएम का काफिला सीतापुर मुख्यालय से महज तीन किलो मीटर लखीमपुर रोड पर पहुंचा था कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे 4 गाड़ियों की भिड़त हो गयी। सुरक्षा में सेकेंड स्कार्ट से लेकर एम्बुलेंस चल रही थी, इसी बीच विधायक के साथ स्कार्पियों गाड़ी भी घुसने लगी, तभी एक के बाद एक चार गाड़ियां टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्काट टाटा सूमो डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ पहुंच गई। गनीमत रही कि दूसरी तरफ से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था, वरना किस रूप में हादसा बदलता इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। लखनऊ से राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीतापुर की तरफ से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का काफिला बहुत तेजी से आ रहा था गाड़ियों की स्पीड बहुत तेज थी। हादसे में सेकेंड स्कार्ट पर सवार तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए और एम्बुलेंस पर सवार चालक सहित 8 स्वास्थ्य कर्मियों को हल्की-फुल्की चोटें आयी। महज 500 मीटर आगे चल रहे डिप्टी सीएम और उनके साथ चल रहा काफिला बिना रूके ही लखीमपुर की तरफ चला गया। डिप्टी सीएम के काफिले के साथ दुर्घटना होने की खबर लगते ही समूचे प्रशासन में हड़कंप मच गया। घायलों को आनन-फानन दो एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां सबसे पहले महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सीएमओ डा. मधू गैरोला, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी राजीव दीक्षित, नगर मजिस्टेंट्र अमृता सिंह, सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह भी पहुंच गए। मौके पर सीओ सदर राजू कुमार साव और कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह भी पहुंचे। घायलों में स्काट जीप पर सवार उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा, हेड कांस्टेबल इन्द्रदेव सिंह, राजवीर सिंह को चोटे आयी है जबकि एम्बुलेंस पर सवार चिकित्सक फिजीशियन डा. अरशद जमाल खांन, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. पीसी विश्वकर्मा, एनेस्थेटिस्ट डा. नबी सरवर, फार्मासिस्ट डा विनय सिंह, एलटी राजीव कुमार, वार्ड ब्याय अजीत कुमार, एमटी विशाल, पायलट रामबाबू को हल्की चोटे लगी। हादसे के अलग-अलग कारण बताए जा रहे है। कोई स्कार्ट कार को स्कारर्पिओ के ओवर टेक करते समय स्कार्ट कार से लड़ जाने के बाद अचानक बेक्र मार देने से एम्बुलेंस पीछे से टकरा जाना बता रहा है तो कोई काफिले में अचानक साईकिल सवार के आ जाने से गाड़ियों के अनियंत्रित होकर टकराने की बात कह रहा है। हादसे में घायल हुए सिपाही इन्द्रसेन सिंह का कहना है कि चालक की सजगता से बड़ा हादसा होने से बच गया और बताया कि अचानक स्कार्पियों के आ जाने से यह हादसा हुआ है।

# परचून की दुकान से बुखार की दवा लेने को मजबूर बाढ़ पीड़ित

संवाददाता। सीतापुर

- स्वास्थ्य विभाग की टीमें बाढ़ प्रभावित गांवों से नदारद
- प्रशासन बाढ़ पीड़ितों को लगातार पहुंचा रहा राशन किट
- बैराजों से छोड़े गए पानी से प्रभावित हुए सैकड़ों गांव
- बाढ़ क्षेत्र में पशुओं के लिए चारे की भी बनी समस्या

**सीएम योगी** बाढ़ पीड़ितो के लिए हर तरह की मदद करने के निर्देश दे रहे है, लेकिन राजधानी से सटे सीतापुर में अधिकतर बाढ़ पीड़ित ऐसे है, जहां अभी तक प्रशासन स्तर से पीड़ितों तक मदद नही पहुंच पाई है, हालांकि प्रशासन लगातार पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए प्रयासरत है, चूंकि बाढ़ ऐसे समय पर अचानक आई, जब यह मान लिया गया था कि मानसून अब वापस जा चुका है, लेकिन इसी दौरान कई दिनों तक हुई जोरदार बारिश और बैराजों से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से जिले की महमूदाबाद बिसवां और लहरपुर के सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। ऐसे में पहले से न तो ग्रामीण बाढ़ आने को लेकर ससंकित थे और न ही प्रशासनिक स्तर से कोई खास तैयारियां की गई थी। लेकिन अब प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए दिनरात एक किए हुए है। प्रतिदिन बाढ़ पीड़ितों तक भोजन के पैकेट पहुंचाए जा रहे है। राशन किटों का वितरण किया जा रहा है। अभी तक जिन बाढ़ पीड़ितों तक मदद नहीं पहुंची है, प्रशासन उन सभी को जल्द मदद पहुंचाने जा रहा है। वैसे ग्रामीणों की माने तो कुछ गांवों के बाढ़ पीड़ित आज भी मदद पाने की राह तक रहे है। तहसील महमूदाबाद की ग्राम पंचायत बगस्ती के बाढ़ पीड़ितों तक प्रषासनिक इमदाद एक सप्ताह बाद भी नहीं पहुंच पाई है। बगस्ती और उसके मजरे कमलपुरवा, राजापुरवा, रामपुरवा, मेड़ईपुरवा, दशरथपुरवा, लक्ष्मणपुरवा, कटेसरपुरवा सहित कुल 17 मजरों के घरों में अभी तक सरयू का पानी भरा हुआ है। करीब पांच हजार आबादी को राहत पहुंचाने के लिए पास में कहीं बाढ़ राहत शिविर भी नहीं स्थापित किया गया है। बगस्ती सहित उसके मजरों के अधिकतर परिवारों में बुखार फैला हुआ है। प्रत्येक घर के कई-कई सदस्य बीमार है। गांव के रामदुलारे, रामाशीष, मोती, छोटेलाल, अरविन्द के घर के सभी सदस्य बुखार से पीड़ित है। क्षेत्र में कहीं भी स्वास्थ्य विभाग की टीम नजर नहीं आई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आस-पास जिन प्राइवेट डाक्टरों से दवा मिल जाती थी, वह भी बाढ़ आते ही भाग गए अब परचून की दुकानों पर दवाएं ली जा रही है। डर भी बना रहता है कि कहीं दवा रिएक्सन न कर जाए। फिर भी दवा लेना मजबूरी है। बगस्ती प्रधान श्रीराम ने बताया कि सभी मजरों के घरों में पानी भरा है। फसलें भी डूबकर नष्ट हो गई है। गांव में बुखार फैला है, बुखार पीड़ित यदि दवा लेना चाहे तो 12 कि.मी. दूर सीएचसी रामपुर मथुरा जाएं या फिर गांव की दुकानों ने उल्टी सीधी दवा लेकर काम चलाएं। इसी तहसील के सुकुलपुरवा और उसके मजरे कुन्नापुरवा, लोधनपुरवा, टपरा, रामरूपपुरवा, छोटेपुरवा, सोहलियागंज, पीतांबरपुरवा, झंगटुपुरवा सहित सभी मजरें 8 दिनों से जलमग्न है, कुछ ग्रामीणों ने बंधे पर शरण ले रखी है, जबकि अधिकतर ग्रामीण गांव में ही गुजर-बसर कर रहे है, आवागमन के लिए जो रास्ते थे, उनपर पानी भरा हुआ है, प्रधानप्रतिनिधि श्रीराम निषाद ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के एक बार राशन किट बांटी गई है, सबसे ज्यादा दिक्कत उन ग्रामीणों के लिए है, जो किसी बीमारी से ग्रसित है। फिलहाल बाढ़ कटान जैसी कोई आपदा नहीं है। बाढ़ के पानी में फंसे ग्रामीणों से तो मोबाइल पर बातचीत संभव हो जा रही है, लेकिन तहसील स्तरीय अधिकतर प्रशासनिक अधिकारियों के फोन इन दिनों नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर ही है। गुरूवार को जब पायनियर ने बाढ़ और कटान आदि को लेकर महमूदाबाद, बिसवां एसडीएम और तहसीलदार के मोबाइल नंबरों पर संपर्क तो सभी के मोबाइल नंबर से एक ही जवाब मिला कि डायल किया गया नंबर नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर है, जबकि लहरपुर एसडीएम के मोबाइल नंबर पर बेल गई, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया, जबकि लहरपुर तहसीलदार का नंबर भी नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर होना बताता रहा।

# लहरपुर पुलिस का अजब-गजब कारनामा, मृतक को भेजा सम्मन

- लहरपुर कोतवाली पुलिस ने मृतक रामखेलावन का भेजा चालान, मृतक रामखेलावन के घर सम्मन पहुंचने के बाद मचा हड़कंप
- आठ अप्रैल को नवीपुर के रामखेलावन की हो चुकी है मौत, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के नबीनगर गांव का है मामला

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**पुलिस को** रस्सी का सांप बनाने की कहावत तो सुनी ही होगी, लेकिन हकीकत में ही कुछ ऐसा लहरपुर कोतवाली इलाके में भी हो गया है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आपको बता दें कि कोतवाली लहरपुर के ग्राम नवीनगर में मृतक व्यक्ति के नाम चालानी भेजने के संबंध में पुलिस की लापरवाही का नतीजा सामने आया है। ग्राम नवीनगर निवासी मृतक रामखेलावन पुत्र जानकी की मृत्यु लंबी बीमारी के चलते विगत 8 अप्रैल को हो गई थी जिसके बाद परिवार द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनवा लिया गया। इसके बाद परिवार को बिना जानकारी दिए कोतवाली पुलिस किसी मुकदमे को लेकर मृतक के घर चालानी भेज दिया जबकि रामखेलावन की मृत्यु 7 माह पूर्व हो चुकी है। कोतवाली पुलिस के द्वारा बीते 8 अक्टूबर को सम्मन तामील लेकर जब मृतक को बच्चों बताया गया तो वह सब हक्का-बक्का रह गए। परिजनों ने कहा कि उनकी मृत्यु 8 अप्रैल को हो चुकी है तो कोतवाली पुलिस ने कहा कि कोई भी बच्चा तहसील पहुंच जाए। गौरतलब है कि कोतवाली पुलिस ने बिना जांच किए मृतक रामखेलावन के नाम चालानी काटकर तहसील न्यायालय में आने को कहा, तथा 14 अक्टूबर को पेशी के लिए भी बुलाया गया है। मृतक रामखेलावन के 7 बच्चे है जिनमें पांच पुत्री व दो पुत्र हैं। बताते चलें कि रामखेलावन एक असहाय व्यक्ति था तथा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। ऐसी स्थिति में परिवार का पेट पालना मुश्किल पड़ रहा है तो मृतक रामखेलावन व उसका परिवार मुकदमा कहां से लड़ेगा यह सोचने वाली बात है। मृतक रामखेलावन की पत्नी रूपा देवी ने बताया कि बीते 8 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस से 2 सिपाही आए थे उन्होंने बिना किसी मुकदमे की जानकारी दिए आगामी 14 अक्टूबर को तहसील न्यायालय आने के लिए कहा इससे पूर्व में किसी प्रकार की जांच नहीं की गई।

# पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी



**औरंगाबाद सीतापुर।** पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर शुक्रवार को कस्बे में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। यह जुलूस प्रमुख मार्गों से होते हुए गढ़ी में जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में तिरंगा लहराते समाज के लोग जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। इस मौके पर सुबह लोगों ने घरों में कुरानख्वानी और नजरों-नियाज भी कराई। शुक्रवार को कस्बे में मुख्य अतिथि अकील मियां-जामा मस्जिद पेश इमाम हाफिज इरफान बेग ने फीता काटकर जुलूस का आगाज किया। यह जुलूस कस्बे की बड़ी मस्जिद से खिन्नी मोहल्ला, खंगला, बारादरी, गौशिया मदरसा, रौजे बाबा मजार, किला मोहल्ला होते हुए पुरानी बाजार पहुंचा। वहां से कमईपुर, औरंगाबाद, गोडियन, नई बाजार होते हुए गढ़ी पहुंचा, जहां पर जुलूस का समापन किया गया। जुलूस में भारी संख्या में दोपहिया-चौपहिया वाहनों पर सवार अकीदतमंद तकबीर अल्लाहु अकबर आदि के नारे लगा रहे थे। इस मौके पर रंग-बिरंगी झालरों से कस्बे को सजाया गया था। यही नहीं बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, कमईपुर मस्जिद, किला मसजिद और मदरसा को भी रोशन किया गया था। इस मौके पर हाफिज इरफान बेग, अकिल मियां, उमेश चंद्र पाण्डेय हाजी मोहर्रम अली, शहबाज बेग, नफीस अहमद, हाफिज वारिश अली, जावेद बेग शहबाज़ बेग, फहद बेग, नम्मू सलमानी गुड्डू अंसारी आरिफअंसारी अकिब रब्बानी राजू इमरान बेग शादाब बेग अहमद गाज़ी आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर दिया ज्ञापन



**मोहम्मदी-खीरी।** युवा प्रेस क्लब के माध्यम से निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला के माध्यम से नगर में चल रहे मतदाता पुनिरीक्षण के संबंध में ज्ञापन दिया गया जिसमें जिसमें क्लब के माध्यम से यह अनुरोध किया गया कि नगरी चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों के भारी संख्या में मतदाता बने हुए हैं जिन का परीक्षण किया जाए और मतदाता सूची से उनको विलुप्त किया जाए। उप जिलाधिकारी के माध्यम से घर घर जाकर बीएलओ मतदाता बढ़ाने और घटाने का काम करने का काम शुरू कर दिया है। वहीं इस क्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि देखने में आया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता नगरी क्षेत्र में भी अपना वोट बनवा कर चुनाव को प्रभावित करते हैं जिससे सभासदी जैसा छोटा चुनाव प्रभावित होता हैं। वहीं ऐसे मतदाता ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर क्षेत्र की सारी सुविधाएं लेते हैं। वही नगर क्षेत्र के वोटर भी ग्रामीण क्षेत्रों में वोट बनाकर वहां के चुनाव को प्रभावित करते हैं। अधिकारियों से अनुरोध है इस काम को देख रहे बीएलओ को इस पर विशेष नजर बनाए रखने के दिशा-निर्देश देने का कष्ट करें। आधार कार्ड के माध्यम से मतदाता सूची में मतदाताओं का परीक्षण करें। जिससे ऐसे मतदाता दोनों हाथों में लड्डू न ले सके और चुनाव को भी प्रभावित न कर सके। ज्ञापन देते समय क्लब के अध्यक्ष कमल कुमार गुप्ता पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी महामंत्री इरफान अहमद शिब्लू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष आकाश सैनी, उपाध्यक्ष जर्रार खां, देव रंजन मिश्रा, शावेज खां, मुन्ना, रवि उल्ला खां व इंतजार खा सहित अन्य मीडिया के लोग मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

- उपमुख्यमंत्री ने संबोधन के बाद किए भोलेनाथ के दर्शन

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी




**स्थानीय** पब्लिक इंटर कालेज के मैदान में आयोजित गोला विधानसभा में होने जा रहे उपचुनाव के लिए आयोजित नामांकन सभा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथिऔर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अमन गिरी के संयोजन में बड़ी ही भव्यता से संपन्न हुई जिसमें हजारों की संख्या में उमड़ने वाले जनसैलाब ने एकतरफा गोला विधानसभा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जिताए जाने का संकल्प लिया। प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ए उत्तर प्रदेश के भाजपा महामंत्री एवं लखीमपुर जनपद के एमएलसी अनूप गुप्ता, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह विधायक योगेश वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, विधायक मंजू त्यागी, विधायक रोमी साहनी, विधायक विनोद धौरहरा, विधायक शशांक वर्मा, विधायक सौरभ सिंह सोनू समेत जनपद के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण व जनपद के सम्मानित मीडिया कर्मी मौजूद रहे कार्यक्रम में गोला विधानसभा भारी मतों से विजई कराने का संकल्प लिया।

# ...प्यार इंसान को बीमार बना देता है

- कुल हिंद मुशायरा का आयोजन

**मोहम्मदी-खीरी। मेला श्री** राम लीला के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कुल हिंद मुशायरा का आयोजन एक सिटी पैलेस में किया गया। मुशायरे में देश के नामी.गिरामी शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुशायरे की सदारत लखनऊ से आए शायर संजय मिश्र ने की। वही मुशायरे के मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा रहे एमंच पर मौजूद सभी शायरों का नगर पालिका परिषद के सभासदों ने बैच लगाकर उनका इस्तकबाल किया। मुशायरे में श्रोताओं की बड़ी तादाद रही। मुशायरा सुबह तक चलता रहा। श्रोताओं ने शायरो को भरपूर दाद दी। मुशायरे की शुरुआत सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर, नाते पाक से हुई। मुशायरे की शानदार निजामत मुंबई से आए शायर इमरान राशिद ने की।

**खलील फरीद ने नाते पाक पढ़ते हुए कहा:-**

मदीने जाने का मेरा बुलाबा आ गया है,

वहीं फतेहपुर से आयी शायरा गुले सवा ने कुछ यू अदाज मे शायरी की।

पर्दा जरूरी है मेरे लिऐ भी,
मजबूरी मे घर से निकलना पड़ता है,

वही उन्होंने अपने दर्द का कुछ यू बयां किया,

वो मुझे छोड गया इसका नहीं गम मुझको,
प्यार इंसान को बीमार बना देता है,

**हास्य व्यंग के मशहूर शायर मुजावर मालेगाव ने कुछ यूं कहा:-**

एमए बीए तू है मै हूं जगली बबूल,
कैसे तेरा बाप मुझे करेगा कबूल,

अपनी दोनों आखों से नावीना दिलशाद जख्मी ने तरन्नुम ने कई गजलें पढीं, जिसमें श्रोताओं ने खूब जमकर तालियां बजाई।

एक दूसरे का हम सभी सम्मान करेंगे,
मर कर न कभी हिंदू मुसलमान करेंगे,

फिर कहा:-

चाहे कुछ हो जाऐ देखना फसादो में,
चूडियां सुहागन की हम टूटने नहीं देंगे,

वहीं मोहब्बत के बारे में उन्होंने कहा:-

जाने मन जाने जिगर जाने तमन्ना तुम हो,
तुमको मालूम नहीं मेरी दुनिया तुम हो,

**लखनऊ से तशरीफ लाई कवित्री विभा शुक्ला ने कुछ यूं अंदाज में शायरी की:-**

अगर मिले न कहीं ठिकाना पता हमारा संभाल रखना,
हमें मुसाफिर नया समझकर मलाल दिल से निकाल रखना,

मशहूर शायर हाशिम फिरोजाबादी ने खूब गजल और गीत से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# पेज एक का शेष

## माओवादियों से...

गए प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय त्यागे जाने को सहन नहीं कर सकता। गिरफ्तारी के समय साईबाबा दिल्ली में रहते थे, जबकि सह-आरोपी महेश तिर्की (27) और पांडु नरोटे (अपील पर सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई) गढ़चिरौली जिले के स्थानीय निवासी और किसान थे। गिरफ्तारी के समय हेम मिश्रा (37) उत्तराखंड के अल्मोडा जिले में रहने वाले छात्र थे, प्रशांत सांगलीकर (59) पत्रकार थे जो उत्तराखंड के देहरादून के रहने वाले हैं और छत्तीसगढ़ के विजय तिर्की (35) मजदूर थे। इस मामले में सिर्फ विजय तिर्की को जमानत मिली थी।

## मत पूछिए...

(एआईएमआईएम) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि साईबाबा ने यूएपीए के कारण वर्षों तक जेल में अत्यधिक कष्ट सहे। यूएपीए एक राक्षस है जिसे भाजपा और कांग्रेस के बीच तालमेल से बनाया गया है। इसके शिकार ज्यादातर निर्दोष मुसलमान, दलित, आदिवासी और असंतुष्ट हैं। एक अधिकार समूह द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2015 और 2020 के बीच यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए 8,371 लोगों में से केवल 235 को ही दोषी ठहराया गया।

## हिमाचल में...

किया गया ताकि प्रधानमंत्री को और बड़े-बड़े वादे करने तथा उद्घाटन करने का समय मिल जाए। यह हैरान करने वाला नहीं है। वर्ष 2017 में आयोग ने 12 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश में और 25 अक्टूबर को गुजरात में विधानसभा चुनाव का ऐलान किया था। दोनों राज्यों में मतों कि गिनती 18 दिसंबर को हुई थी। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही गुजरात चुनाव की तारीखों का भी ऐलान किया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा की कुल 68 सीटें हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वहां जीत दर्ज की थी। पिछले कुछ दशकों में इस पहाड़ी राज्य में सत्ताधारी पार्टी का फिर से सत्ता में लौटने में विफल रहने का इतिहास रहा है। कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभनमुक्त चुनाव कराने को प्रतिबद्ध है। हिमाचल में 55,07,261 योग्य मतदाता हैं।

## शिवलिंग की...

दौरान वजूखाना में मिला था। वजूखाना एक छोटा जलाशय है जिसका उपयोग मुस्लिम नमाज़ अदा करने से पहले वजू (हाथ पैर धोने आदि) करने के लिए करते हैं। मस्जिद समिति ने कार्बन डेटिंग की मांग का विरोध किया था और कहा था कि वह शिवलिंग नहीं बल्कि वजूखाने के फव्वारे का हिस्सा है। न्यायाधीश विश्वेश ने कहा, मुख्य रूप से वादीगण संख्या दो से पांच तक ने यह प्रार्थना की है कि कार्बन डेटिंग अथवा अन्य वैज्ञानिक तकनीक, जैसे ग्राउंड पेनेट्रेटिंग राडार जैसे किसी अन्य वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग किया जाए और 16 मई को कोर्ट कमिश्नर की कार्यवाही के दौरान मिले शिवलिंग की संरचना, प्रकृति और आयु का निर्धारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने मौजूदा मामले में 17 मई, 2022 को निर्देश दिया था कि कोर्ट कमिश्नर की कार्यवाही के दौरान मिले तथाकथित शिवलिंग को सुरक्षित रखा जाए। विश्वेश ने कहा, ऐसी स्थिति में यदि कार्बन डेटिंग तकनीक या ग्राउंड पेनेट्रेटिंग राडार का उपयोग करने पर इस कथित शिवलिंग को क्षति पहुंचती है तो यह माननीय उच्चतम न्यायालय के 17 मई, 2022 के आदेश का उल्लंघन होगा। इसके अतिरिक्त ऐसा होने पर आम जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंच सकती है।

## पनडुब्बी से...

(एसएसबीएन) कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है। आईएनएस अरिहंत एसएसबीएन परियोजना के तहत पहला पोत थी जिसके बाद कथित रूप से एक और पोत आईएनएस अरिघाट आया था। रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा कि एसएसबीएन कार्यक्रम भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का एक प्रमुख तत्व है। बयान में कहा गया, यह भारत की विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता की नीति को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत, टिकाऊऔर सुनिश्चित जवाबी क्षमता है जो इसकी पहले उपयोग न करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, आईएनएस अरिहंत द्वारा एसएलबीएम का सफल उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च दल दक्षता को साबित करने और एसएसबीएन कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण है, जो भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का एक प्रमुख तत्व है। परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से सार्वभौमिक परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए भारत अग्रणी आवाज रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया में...

जाया गया। अस्पताल में गर्ग की सर्जरी हुई। उसकी हालत गंभीर, लेकिन स्थिर है। द कोव अखबार की खबर के अनुसार, पैसिफिक हाइवे लेन कोव के पास एक अज्ञात शख्स गर्ग के पास आया और उससे पैसे मांगते हुए कथित तौर पर धमकी देने लगा। खबर के मुताबिक, भारतीय छात्र ने युवक को पैसे देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद हमलावर ने उस पर चाकू से कई वार किए और फिर फरार हो गया। नॉर्थ शोर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। खबर के अनुसार, आरोपी को सोमवार को हॉर्न्सबाय की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया।

## पिता ने...

और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। परिवार के सदस्यों ने भी शुभम की वहां देखभाल के लिए किसी एक सदस्य को तत्काल वीजा देने की मांग की है। शुभम ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय में मेकैनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रहा है। उसने बीटेक और एमएससी की डिग्री आईआईटी चेन्नई से हासिल की है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, वह फिलहाल खतरे से बाहर है और उसने उनलोगों से बातचीत की है। रामनिवास गर्ग ने कहा, हम स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं। हम शुभम के छोटे भाई रोहित को ऑस्ट्रेलिया भेजने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वह उसकी देखभाल कर सके।

## कोर्ट ने...

तो किया जाना चाहिए। आप इस देश की युवा पीढ़ी के दिमाग को दूषित कर रही हैं। यह सभी के लिए उपलब्ध है। ओटीटी (ओवर द टॉप) कंटेंट सभी के लिए उपलब्ध है। आप लोगों को किस तरह का विकल्प दे रहे हैं?...इसके विपरीत आप युवाओं के दिमाग को प्रदूषित कर रही हैं। कपूर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की गई है, लेकिन ऐसी कोई उम्मीद नहीं है कि मामला जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले भी इसी तरह के मामले में कपूर को संरक्षण दिया था। रोहतगी ने कहा कि सीरीज की सामग्री सदस्यता आधारित है और इस देश में पसंद की स्वतंत्रता है। इस पर, अदालत ने पूछा कि लोगों को किस तरह का विकल्प दिया जा रहा है। पीठ ने कहा, हर बार जब आप इस अदालत में आते हैं...हम इसकी सराहना नहीं करते। हम इस तरह की याचिका दायर करने के लिए आप पर जुर्माना लगाएंगे। श्री रोहतगी कृपया इसे अपने मुवक्किल को बताएं।

## खेतों में...

पेलेटाइजेशन और टॉरफेक्शन संयंत्रों की स्थापना के लिए एकमुश्त वित्तीय सहायता देने के दिशा-निर्देशों को लेकर आयोजित एक कार्यशाला में शुक्रवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि ये संयंत्र किसानों के लिए पराली जलाने और आय का अतिरिक्त जरिया उत्पन्न करने के साथ-साथ वायु प्रदूषण की समस्या को हल करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस साल अभी तक तो दिल्ली की वायु गुणवत्ता स्वीकार्य श्रेणी में बनी हुई है। अब सरकार यह प्रयास कर रही है कि किस प्रकार कचरे को पैसे में बदला जा सकता है। नई योजना का मुख्य उद्देश्य पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को कम करना है। पंजाब और हरियाणा में प्रत्येक वर्ष धान की पराली का धुआं राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर और नवंबर में वायु प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि का प्रमुख कारण बनता है, क्योंकि किसान गेहूं और आलू बोने के लिए पिछली फसल यानी धान के अवशेष खेतों में ही जला देते हैं, ताकि खेत जल्द से जल्द खाली हो जाएं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण विभाग के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल 15 सितंबर से 6 अक्टूबर के बीच कुल 650 जगह पराली जलने की घटनाएं दर्ज की गईं, जो पिछले साल की समान अवधि के दौरान दर्ज किए गए मामलों (320) से दोगुने से अधिक हैं।

## फर्श से...

की 22 साल पुरानी सरकार गिर सकती है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भुवनेश्वर इकाई के अध्यक्ष बाबू सिंह ने भी दावा किया है कि बीजद के 18 विधायक और मंत्री समेत 25 नेता अर्चना के संपर्क में थे। हालांकि, बीजद ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कांग्रेस और भाजपा से इस मामले में उसके नेताओं की संलिप्तता के सबूत देने को कहा है।

# महाकालेश्वर मंदिर रोप-वे योजना को मंजूरी मिली : भूपेन्द्र सिंह

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश में उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक 209 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली दो किलोमीटर लंबे रोप-वे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि रोप-वे बनने के बाद श्रद्धालु उज्जैन रेलवे स्टेशन से मिज पाचं मिनट में महाकाल मंदिर पहुंच सकेंगे। इसके लिए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद देते हुए सिंह ने कहा, गडकरी जी, उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर एवं श्री महाकाल लोक तक श्रद्धालुओं को सुलभता से पहुंचाने वाला आपका यह निर्णय सराहनीय है। धन्यवाद। इस पहल ने डबल इंजन सरकार के लाभ को जीवंत कर उज्जैन को एक बड़े सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभारने का स्पष्ट संकेत दिया है।

वहीं, मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रोप-वे का निर्माण कार्य जुलाई 2023 से शुरू होगा और रोप-वे स्टेशन पर फूड जोन, प्रतीक्षालय, शौचालय के साथ बस और कार पार्किंग की सुविधा भी होगी। अधिकारी के अनुसार, उज्जैन स्थित श्री महाकाल लोक, सुबह 6 बजे से श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की शयन आरती तक अर्थात 11 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। श्री महाकाल लोक में प्रवेश रात में 10 बजे तक दिया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में 900 मीटर लंबे श्री महाकाल लोकै का लोकार्पण किया था। कुल 856 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के पहले चरण में श्री महाकाल लोक को 351 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है,

जबकि दूसरे चरण में महाराजवाड़ा परिसर का विकास किया जाएगा, जिसमें ऐतिहासिक महाराजवाड़ा भवन का हैरिटेज के रूप में पुनः उपयोग, कुंभ संग्रहालय के रूप में पुराने अवशेषों का समावेश कर महाकाल मंदिर परिसर से एकीकरण किया जाएगा। दूसरे चरण का काम 2023-24 में पूरा होगा। देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल का मंदिर उज्जैन में स्थित है।

# राजद विधायक अनिल कुमार सहनी अयोग्य घोषित

● **सीबीआई अदालत से दोषी ठहराए जाने के बाद हुआ फैसला**

**पटना।** राजद के विधायक अनिल कुमार सहनी को हाल ही में दिल्ली की एक सीबीआई अदालत द्वारा धोखाधड़ी के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद शुक्रवार को उन्हें बिहार विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। बिहार विस के सचिव पवन कुमार पांडेय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार सहनी को दोषी ठहराए जाने और सजा शुरू होने की तारीख से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। बिहार के कुढनी विस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले सहनी को 29 अगस्त को दोषी ठहराया गया था और दो दिन बाद तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी। राउज़ एवेन्यू की अदालत ने सहनी को 2012 में यात्रा किए बिना एअर इंडिया के जाली ई-टिकट का उपयोग करके यात्रा भत्ता प्राप्त करने का प्रयास करने का दोषी ठहराया था। सहनी, जो उस समय राज्यसभा सदस्य थे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में थे, ने 23.71 लाख रुपए के यात्रा भत्ता का दावा प्रस्तुत किया था।

सहनी कुछ महीनों के भीतर बिहार विधानसभा से अयोग्य घोषित होने वाले राजद (लालू प्रसाद नीत राष्ट्रीय जनता दल) के दूसरे विधायक बन गए है। सदन में पार्टी की प्रभावी ताकत अब घटकर 78 हो गई है जो भाजपा से सिर्फ एक अधिक है। इससे पहले जुलाई में मोकामा से विधायक अनंत कुमार सिंह को उनके आवास से हथियार और विस्फोटक की बरामदगी से संबंधित एक मामले में पटना की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सिंह की पत्नी नीलम देवी को 03 नवंबर को होने वाले मोकामा उपचुनाव के लिए पार्टी का टिकट मिला है।



गुवाहाटी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कामाख्या मन्दिर के दर्शन करती हुईं।

# हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने पर पुरानी पेंशन योजना बहाल करेगी कांग्रेस : प्रियंका गांधी

**भाषा।** शिमला

**कांग्रेस नेता** प्रियंका गांधी वाद्रा ने हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का शुक्रवार को वादा किया। हिमाचल प्रदेश के सोलन के ठोडो मैदान में आयोजित परिवर्तन प्रतिज्ञा रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने पर पहली कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और बेरोजगार युवाओं को एक लाख रोजगार देने का निर्णय लिया जाएगा।

इससे पूर्व, प्रियंका ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत करने से पहले सोलन में मां शूलिनी मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रियंका ने रैली में पार्टी का चुनावी थीम सॉंग भी जारी किया। प्रियंका की रैली के एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊना और चंबा में दो रैलियों को संबोधित किया था। मोदी ने ऊना से भारत की चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रियंका के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री, पार्टी की चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष सुखविंदर सुक्खू और वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने भी रैली में अपने विचार रखे।

# मध्यप्रदेश के आवभगत से खुश हूं, अन्य राज्यों में नहीं हुआ ऐसा स्वागत : थरूर

**भाषा।** भोपाल

**लोकसभा सांसद** व कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि वह मध्यप्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा किए गए स्वागत से बहुत खुश हैं और यह स्वीकार किया कि अन्य कई राज्यों में इस उत्साह के साथ उनका स्वागत नहीं हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को मतदान होना है और 19 अक्टूबर को मतगणना की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला पार्टी के अनुभवी नेता मल्लिकार्जुन खरगे और शशि थरूर के बीच है।

थरूर ने यहां पत्रकारों से कहा, मध्यप्रदेश में हुए स्वागत से मैं खुश हूं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ एवं मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मुझसे मुलाकात की। उनके



साथ पार्टी विधायक लक्ष्मण सिंह भी थे, जो राज्यसभा सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई हैं। खरगे के खिलाफ अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन जुटाने आए थरूर ने कहा, यह सच है कि अन्य राज्यों में मेरा ऐसा स्वागत नहीं हुआ। पार्टी के 9,000 प्रतिनिधियों में से मध्यप्रदेश के 502 प्रतिनिधियों के सोमवार को होने वाले चुनाव में मतदान करने की उम्मीद है।

तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य 66 वर्षीय थरूर ने कहा कि खरगे से मेरी कोई दुश्मनी नहीं है और खरगे के 80वें जन्मदिन पर मैंने उनकी उपलब्धियां गिनाई थीं। उन्होंने कहा, चुनाव के बाद भी हम पहले की तरह साथ मिलकर काम करेंगे। यह पूछने पर कि कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद वह एकतरफा फैसले करना शुरू कर सकते हैं, जैसा कि पार्टी के कुछ लोग 1996 से 1998 तक पार्टी अध्यक्ष रहे सीता राम केसरी पर लोग आरोप लगाते हैं... थरूर ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, कोई भी कांग्रेस अध्यक्ष गांधी परिवार को नजरअंदाज नहीं रख सकता है।

# चुनावी बॉन्ड संबंधी याचिकाओं को वृहद पीठ को भेजने पर छह दिसंबर को गौर करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह छह दिसंबर को इस पर गौर करेगा कि चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को चंदा मिलने के प्रावधान वाले कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई के लिए वृहद पीठ को भेजा जाए या नहीं। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्न की पीठ ने यह भी कहा कि यह महत्वपूर्ण मामला है और उसने इस पर अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से सहयोग मांगा।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष कहा कि चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा हासिल करने का तौर-तरीका बहुत पारदर्शी है। चुनावी बॉन्ड को राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयास के तहत नकदी चंदे के विकल्प के तौर पर लाया गया है।

देश की शीर्ष अदालत एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी तथा कुछ अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। एडीआर की ओर से पैरवी कर रहे वकील प्रशांत भूषण ने गत पांच अप्रैल को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण के समक्ष इस मामले को रखा था और कहा था कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है तथा इस पर तत्काल सुनवाई होनी चाहिए।

उच्चतम न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई थी, हालांकि यह मामला किसी अदालत के समक्ष नहीं आया। भूषण ने गत चार अक्टूबर को न्यायालय से आग्रह किया था कि इस मामले पर तत्काल सुनवाई की जाए और केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए कि मामले के लंबित रहने के दौरान चुनावी बॉन्ड की बिक्री न की जाए।

## भ्रष्टाचार में शामिल वरिष्ठ नौकरशाहों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही होती हैः महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र शासित प्रदेश में कनिष्ठ अधिकारियों को बिना किसी जांच के बर्खास्त कर दिया जाता है, जबकि भ्रष्टाचार में शामिल वरिष्ठ नौकरशाहों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं होती है। पीडीपी अध्यक्ष की यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा भ्रष्टाचार, खराब प्रदर्शन और असामाजिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए 36 पुलिसकर्मियों की समय से पहले सेवानिवृत्ति के आदेश के बाद आई है। महबूबा ने ट्वीट किया, अजीब बात है कि उपराज्यपाल प्रशासन ने सरकारी नौकरियों के लिए नकद लेने के घोटालों-एफएए, जेकेएसआई आदि- में शामिल वरिष्ठ नौकरशाहों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया, 2019 के बाद अधिकारियों का एक नया वर्ग उभरा है, जो बिना किसी जवाबदेही के लाखों रुपए जमा कर रहे हैं, जबकि कनिष्ठ अधिकारियों को बिना किसी जांच के तत्काल निकाल दिया जाता है।



नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह साथ में रक्षा स्टाफ, आर्मी चीफ, एअर चीफ मार्शल शहीदों के पत्नियों को किया सम्मानित।

## राजीव हत्याकांड : नलिनी की समय-पूर्व रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट में सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रही नलिनी श्रीहरन की समय-पूर्व रिहाई संबंधी याचिका की सुनवाई 17 अक्टूबर तक के लिए शुक्रवार को स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने इस मामले की सुनवाई आज समयाभाव के कारण नहीं कर सकी। नलिनी श्रीहरन और आर.पी. रविचंद्रन को समय-पूर्व रिहा किए जाने का यह कहते हुए समर्थन किया था कि इन दोषियों को आजीवन कारावास से मुक्त किए जाने का राज्य सरकार का 2018 का परामर्श राज्यपाल पर बाध्यकारी है। दो अलग-अलग हलफनामे दायर करके शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि नौ सितम्बर, 2018 को कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने राजीव गांधी हत्याकांड के सात दोषियों की दया याचिकाओं पर विचार किया था राज्यपाल को प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करके उन दोषियों की सजा माफ करने की सिफारिश राज्यपाल से करने का प्रस्ताव पारित किया था।

# राकांपा नेता अनिल देशमुख एंजियोग्राफी के लिए मुंबई के अस्पताल में भर्ती

**भाषा। मुंबई**

**धनशोधन** के एक मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को शुक्रवार को हृदय धमनी की एंजियोग्राफी के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख (71) को पिछले साल नवंबर में धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था और बंबई उच्च न्यायालय ने हाल ही में उन्हें जमानत दी थी।

हालांकि, वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार के एक मामले के संबंध में न्यायिक हिरासत में है। वह शहर के आर्थर रोड जेल में बंद है। भ्रष्टाचार मामले में राकांपा के वरिष्ठ नेता की जमानत याचिका पर एक विशेष अदालत सुनवाई कर रही है।

अदालत ने 10 अक्टूबर को यहां जसलोक अस्पताल में एंजियोग्राफी करवाने की अनुमति मांगने वाली उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया था। सूत्रों के अनुसार, उन्हें तब अस्पताल में भर्ती नहीं किया जा सका था क्योंकि जेल अधिकारियों को आदेश के बारे में सूचना नहीं मिली थी। सूत्रों ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अदालत ने देशमुख के साथ अस्पताल में उनकी बेटी और पत्नी को रहने की अनुमति दी है। हालांकि, अदालत ने देशमुख को इस दौरान स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करने का निर्देश दिया है।

## गुजरात का चुनाव कार्यक्रम इसलिए घोषित नही किया ताकि प्रधानमंत्री को और वादे करने का समय मिल जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम के साथ गुजरात विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा इसलिए नहीं की गई ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और बड़े-बड़े वादे करने तथा उद्घाटन करने का समय मिल जाए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, निश्चित तौर पर यह इसलिए किया गया ताकि प्रधानमंत्री को और बड़े-बड़े वादे करने तथा उद्घाटन करने का समय मिल जाए। यह हैरान करने वाला नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया, गुजरात के चुनावों की तारीख़ दिवाली के बाद घोषित होंगीं। तब तक सरकारी खर्चे पर प्रधानमंत्री मोदी खूब जी भर कर प्रचार कर सकते हैं, साथ ही रेवड़ियां भी बांट सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी। इस पहाड़ी राज्य में एक ही चरण में 12 नवंबर को मतदान होगा जबकि आठ दिसंबर को मतगणना की जाएगी। आयोग की ओर से गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की गई। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 18 फरवरी को समाप्त हो रहा है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल आठ जनवरी को समाप्त होगा।

## न्यायालय ने वरिष्ठ वकील के वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश होने पर नाराजगी जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ वकील के वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश होने पर कड़ी आपत्ति जताई और उन्हें अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ ने कहा कि अदालत नहीं आने का यह आचरण स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने कहा, हम इस आचरण को नहीं समझते। आप अदालत क्यों नहीं आ रहे हैं? हम सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक अदालत में बैठते हैं। यह अस्वीकार्य है। मामलों में पैरवी के लिए वकील अदालत में मौजूद रहते हैं। आप लोग बस पांच मिनट के लिए स्क्रीन पर आ जाते हैं तथा फिर कहीं और चले जाते हैं। आप विभिन्न वजहों से व्यस्त वकील हैं। हम इसकी सराहना नहीं करते हैं। पीठ ने उस मामले में आगे सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें वकील ऑनलाइन पेश हुए थे। पीठ ने सख्त लहजे में उन्हें सोमवार को अदालत आने के लिए कहा। वकील ने पीठ की बात स्वीकार करते हुए कहा, अदालत जो कुछ भी कहती है, वह कानून के शब्द होते हैं। उच्चतम न्यायालय कोविड महामारी के कारण मार्च 2020 से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मामलों की सुनवाई कर रहा है। बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर न्यायालय समय-समय पर शर्तों को नरम या सख्त करता रहा है।

## फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया पर कर रहे है निगरानीः निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के लिए उसकी टीमें सोशल मीडिया मंचों पर लगातार नजर रख रही हैं तथा जहां जरूरी हुआ वहां वह कानूनी कार्वाई करने में नहीं हिचेगा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान फर्जी खबरों पर नजर रखने के लिए आयोग ने सोशल मीडिया टीमों का गठन किया है। उनका कहना था कि सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जाएगी और किसी भी फर्जी खबर के बारे में पता चलने पर तत्काल कदम उठाया जाएगा। कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सोशल मीडिया मंच ने स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन करने पर सहमति जताई है। इस संहिता को मार्च, 2019 में तैयार किया गया था। ईवीएम के बारे में फर्जी खबरें फैलाए जाने का उदाहरण देते हुए कहा कि आयोग स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कड़ी मेहनत करता है और फिर कोई खबर आती है तथा कई तरह के विमर्श शुरू हो जाते हैं।

# केरलः बलात्कार का आरोपी कांग्रेस विधायक अब भी फरार

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**महिला** का अपहरण करने और उससे दुष्कर्म के आरोपी केरल कांग्रेस के विधायक एल्डोस कुन्नापिल्ली का अब भी कोई अता-पता नहीं है। पुलिस और कांग्रेस नेतृत्व ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पेरुम्बवूर से कांग्रेस विधायक के दोनों मोबाइल फोन बंद हैं और पुलिस अभी तक उनके पास पहुंच नहीं पाई है। हालांकि, वे कुन्नापिल्ली के खिलाफ अन्य कानूनी प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। विधायक पर उसी महिला की शिकायत के आधार पर मारपीट का आरोप लगाया गया था। महिला ने पहले आरोप लगाया था कि विधायक ने उसका अपहरण किया था और उसके साथ मारपीट की थी।

जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या पार्टी नेतृत्व विधायक से संपर्क कर सकता है, तो राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) वी डी सतीशन ने कहा कि वे पिछले दो दिनों से हरसंभव तरीके से उनसे (आरोपी विधायक से) संपर्क की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वे ऐसा करने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने कहा, "उन्हें (विधायक को) छिपने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि उनकी अग्रिम जमानत याचिका अदालत के समक्ष विचाराधीन है। आमतौर पर पुलिस उन्हें तब तक गिरफ्तार नहीं करेगी, जब तक अदालत जमानत याचिका पर विचार नहीं कर लेती। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मुद्दे पर केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) का स्पष्ट रुख है और पार्टी ने कभी भी उन्हें बचाने की कोशिश नहीं की, जैसा कि आमतौर पर सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) करती रही है, जब उसके नेताओं के खिलाफ आरोप लगते हैं। सतीशन ने संकेत दिया कि वे केपीसीसी द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के लिए कुन्नापिल्ली के जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं और यह प्राकृतिक न्याय सुनिश्चित करने का एक हिस्सा है।

एलओपी ने कहा, यहां एक महिला शिकायत लेकर समाज के सामने खड़ी है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केपीसीसी के संगठनात्मक महासचिव टी यू राधाकृष्णन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पार्टी के राज्य प्रमुख के. सुधाकरन ने विधायक को एक पत्र भेजकर 20 अक्टूबर तक अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है। इस बीच, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता की चिकित्सा जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अपराध शाखा के उपाधीक्षक अनिल कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, विधायक के दोनों मोबाइल नंबर बंद हैं। इसलिए, हम अभी तक उनसे संपर्क नहीं कर सके हैं। इस बीच पीड़िता दोपहर में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने बयान देगी। यह पूछे जाने पर कि क्या विधायक के खिलाफ दर्ज बलात्कार के मामले के बारे में विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमसीर को सूचित किया गया था, जांच अधिकारी ने कहा कि कानूनी रूप से इसकी आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि उक्त घटना विधानसभा परिसर के बाहर हुई थी।

केरल पुलिस ने मंगलवार को पेरुम्बवूर विधायक के खिलाफ महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया था कि आरोपी ने पीड़िता का अपहरण किया और उसके साथ मारपीट की। चौदह सितंबर को हुई एक घटना को लेकर विधायक के निजी सहायक और एक दोस्त सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। महिला ने बाद में दावा किया कि कुन्नापिल्ली ने उसके खिलाफ दर्ज मामले को निपटाने के लिए उसे 30 लाख रुपए की पेशकश की थी।

## त्रिपुराः भाजपा के सहयोगी दल आईपीएफ्टी के विधायक ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया

**अगरतला।** त्रिपुरा में आईपीएफटी के विधायक धनंजय त्रिपुरा ने शुक्रवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इंडिजीनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) त्रिपुरा में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का सहयोगी दल है। राज्य में अगले साल मार्च तक विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती ने कहा कि टिपरा मोथा पार्टी के प्रमुख प्रद्युत किशोर माणिक्य देबबर्मा के साथ आए त्रिपुरा ने उनसे मुलाकात की और निजी कारणों का हवाला देते हुए त्याग पत्र सौंपा। चक्रवर्ती ने कहा, चूंकि उन्होंने (त्रिपुरा ने) कानून और प्रक्रिया के तहत त्यागपत्र दिया है, लिहाजा मैंने इसे स्वीकार कर लिया। त्रिपुरा धलाई जिले की राइमा वैली सीट से विधायक थे। साठ सदस्ईय विधानसभा में सत्तारूढ़ राजग के पास स्पष्ट बहुमत है। गठबंधन में भाजपा के 35 जबकि आईपीएफटी के छह विधायक हैं।

## कोयंबटूर में पीएफआई के चार कार्यालय सील

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को यहां प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के चार कार्यालयों को सील कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दक्षिण तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम ने कोट्टाइमेडु और विन्सेंट रोड स्थित दो पीएफआई कार्यालयों को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही, मेट्टुपालयम और पोलाची में पीएफआई कार्यालयों को सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इन स्थानों और अन्य संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। केंद्र ने 28 सितंबर को कड़े आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

## राज्यपाल ने न्यायमूर्ति मिथल को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई

**जयपुर।** न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने न्यायमूर्ति मिथल को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। हिन्दी में शपथ ली। समारोह के आरंभ में मुख्य सचिव उषा शर्मा ने न्यायमूर्ति मिथल को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, मंत्रिमंडल के सदस्य, राजस्थान उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति मिथल के परिजन उपस्थित थे।

# उत्तर कोरिया ने मिसाइल, गोला-बारूद दागा, क्षेत्र में तनाव और बढ़ा

**एपी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया ने शुक्रवार को समुद्र की दिशा में एक और बैलिस्टिक मिसाइल और 170 राउंड गोला-बारूद दागे। उसने दक्षिण कोरिया से सटी तनावपूर्ण सीमा के पास युद्धक विमान भी उड़ाए, जिससे हाल ही में उत्तर कोरिया के हथियारों के परीक्षण से क्षेत्र में उत्पन्न तनाव और बढ़ गया।

उत्तर कोरिया का यह कदम बताता है कि वह विरोधियों से रियायत पाने के लिए हथियारों का परीक्षण कर युद्ध का भय दिखाने के अपने पुराने पैंतरे को आजमा रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान जारी कर कहा कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से स्थानीय समयानुसार शुक्रवार देर रात एक बजकर 49 मिनट पर कम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई, जो देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र में जाकर गिरी। 25 सितंबर से हथियार परीक्षण गतिविधियां फिर से शुरू करने के बाद से यह उत्तर कोरिया का 15वां मिसाइल प्रक्षेपण है।

उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा था कि उसके द्वारा हाल-फिलहाल में आजमाई गई मिसाइलें दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी ठिकानों पर परमाणु हमले करने में सक्षम हैं। उसने कहा था कि ए परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा एक अमेरिकी विमानवाहक पोत के जरिए क्षेत्र में किए गए खतरनाक सैन्य अभ्यास का जवाब थे। खबरों के मुताबिक, हालिया मिसाइल परीक्षण के बाद उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट से 130 और पूर्वी तट से 40 राउंड गोले दागे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने संवाददाताओं से कहा कि उत्तर कोरिया की उकसावे भरी कार्वाई लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन उनके देश में बड़े पैमाने पर जवाबी कार्वाई करने की क्षमता है, जो उत्तर कोरिया के वास्तविक हमलों को कुछ हद तक रोक सकती है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के मेजर जनरल कांग हो पिल ने बाद में टेलीविजन पर दिए बयान में कहा कि दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को अपने हथियारों के परीक्षण को तुरंत रोकने के लिए एक कड़ी चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के पास उत्तर कोरिया की किसी भी उकसावे भरी कार्वाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देने की क्षमता है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रम के वित्तपोषण के लिए अवैध गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में 15 उत्तर कोरियाई नागरिकों और 16 संगठनों पर प्रतिबंध लगाए हैं। जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजू हमादा ने कहा, जो कुछ भी इरादा हो, लेकिन उत्तर कोरिया का बार-बार बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण करना बिल्कुल अस्वीकार्य है और हम मिसाइल प्रौद्योगिकी में उत्तर कोरिया की प्रगति को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरियाई प्रक्षेपण से अमेरिकी कर्मियों या क्षेत्र या उसके सहयोगियों के लिए तत्काल खतरा नहीं है और दक्षिण कोरिया एवं जापान की रक्षा के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धताएं बनी हुई हैं।



यूक्रेन में हुए हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि देते यूक्रेन के निवासी

## गोलीबारी में पांच की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार

**रेलीग ( अमेरिका )।** उत्तर कैरोलाइना के रेलीग में बृहस्पतिवार को एक बंदूकधारी ने लोगों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने हमलावर को पकड़ने के लिए घंटों अभियान चलाया। उसे एक मकान में घेर लिया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। प्राधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध ने जिन लोगों की हत्या की, उनमें एक पुलिस अधिकारी भी शामिल था, जो घटना के वक्त ड्यूटी पर नहीं था। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान श्वेत नाबालिग व्यक्ति के तौर पर की है, जिसे रात करीब नौ बजकर 37 मिनट पर गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, उसके नाम और उम्र का अभी खुलासा नहीं किया गया है। रेलीग की मेयर मैरी-एन बाल्डविन ने बताया कि गोलीबारी एक रिहायशी इलाके न्यूस रिवर ग्रीनवे में शाम करीब पांच बजे हुई। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बंदूकधारी की तलाश में इलाके में पहुंचे, उन्होंने सड़कों को बंद कर दिया ।

## भारतीय मूल के हजारों यहूदी इजराइल में राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए इकट्ठा हुए

**भाषा।** पेटा टिकवा (इजराइल)

**चार** प्रमुख समुदायों से जुड़े भारतीय मूल के हजारों यहूदी भारतीय यहूदियों पर केंद्रित छठे राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए बृहस्पतिवार शाम को उत्तरी इजराइल के पेटा टिकवा शहर में एकत्रित हुए। इस दौरान भोजन, संगीत, नृत्य, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, योग कार्यशाला के साथ कई सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। अधिवेशन को लेकर समुदाय में उत्साह ऐसा था कि आयोजन की घोषणा के कुछ ही दिनों के भीतर पंजीकरण की आवंटित संख्या पूरी हो गई थी। समुदाय इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास और पेटा टिकवा की नगर पालिका के सक्रिय सहयोग से कर रहा है। पेटा टिकवा के मेयर रामी ग्रीनबर्ग ने इजराइल में भारतीय यहूदी समुदाय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा, उन्होंने हर संभव तरीके से देश के विकास में योगदान दिया है। इसमें रक्षा, राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत के साथ इजराइल के मजबूत रणनीतिक संबंध भी शामिल हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि कैसे भारत के बेने मेनाशे, बेने इजराइल, कोचीन और बगदादी यहूदी अपनी जड़ों से संपर्क बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। भारतीय दूतावास के प्रभारी राजदूत राजीव बोडवाडे ने अधिवेशन को समृद्ध विविधता और भारतीय मूल के यहूदियों के चार प्रमुख समुदायों की अनूठी परंपराओं की स्वीकृति के रूप में वर्णित किया। बोडवाडे ने कहा, भारतीय यहूदी समुदाय काफी हद तक अपने तक ही सीमित थे और अपने भारतीय मूल और संस्कृति का जश्न मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम और समारोह आयोजित करते थे। लेकिन अब भारत सरकार के प्रयासों से चार समुदाय एक साथ आए हैं और पिछले एक दशक में संयुक्त रूप से भारतीय यहूदियों के पांच राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया है।

### इजरायली सेना ने फलस्तीन केएकव्यक्ति को गोली मारी

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने शुक्रवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर में एक फलस्तीनी व्यक्ति की गोली मारी जिसमें उसकी जान चली गई। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, सुरक्षा बलों और फलस्तीनी विद्रोहियों के बीच उत्तरी वेस्ट बैंक में शिविर में जमकर गोलीबारी हुई। मंत्रालय ने पहले कहा था कि गोलीबारी में दो लोग मारे गए थे, लेकिन बाद में कहा कि गोली लगने से फलस्तीन के एक व्यक्ति की मौत हो गई ।

## तीन सिखों ने केश, दाढ़ी रखने को लेकर अमेरिकी मरीन कोर के खिलाफ अपील की

**वाशिंगटन।** अमेरिका की मरीन सेवा के तीन भावी सैनिकों ने संघीय अदालत का रुख कर उन्हें बिना कटे केश, दाढ़ी और पगड़ी के साथ विशिष्ट बल के प्रशिक्षण में शामिल होने देने की गुहार लगाई है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की अपीलीय अदालत के न्यायाधीशों ने आकाश सिंह, जसकीरत सिंह और मिलाप सिंह चहल की अपील पर मंगलवार को सुनवाई की। मरीन टाइम्स की खबर के अनुसार, एक निचली अदालत ने उन्हें अपने धार्मिक विश्वास वाले प्रतीकों के साथ मरीन कोर बेसिक ट्रेनिंग करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने सितंबर में अपीलीय अदालत का रुख किया था।मरीन बल की दलील है कि कोर के नियम लागू करना राष्ट्रीय हित के लिए एकरूपता बनाए रखने के वास्ते आवश्यक हैं। गौरतलब है कि सिख धर्म में पुरुषों के लिए अपने केश और दाढ़ी न कटाना तथा कंघा, किरपान रखना, कड़ा और सूती का एक सफेद कच्छा पहनना अनिवार्य है।

## प्रशिक्षित नागरिकों की सैन्य तैनाती के फैसले पर दो सप्ताह में पूरी तरह अमल किया जाएगा : पुतिन

**एपी।** कीव

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन में उनके बलों को मजबूती देने के लिए सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों की सेना में तैनाती संबंधी उनके फैसले पर दो सप्ताह में पूरी तरह अमल किया जाएगा। पुतिन ने पिछले महीने यह आदेश दिया था।

कजाखिस्तान में एक सम्मेलन में शामिल होने के बाद पुतिन ने संवाददाताओं से कहा कि 2,22,000 से 3,00,000 सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों की सेना में तैनाती संबंधी आदेश पर अमल शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इनमें से 33,000 पहले ही सैन्य इकाइयों में शामिल हो चुके हैं जबकि 16,000 यूक्रेन में जारी सैन्य अभियान का हिस्सा बन चुके हैं। पुतिन द्वारा सितंबर में जारी इस आदेश के तहत 65 वर्ष से कम आयु के लगभग सभी पुरुष सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों के रूप में पंजीकृत हैं। इस फैसले पर आम जनता में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। राष्ट्रपति के इस आदेश के बाद हजारों लोग रूस छोड़कर पड़ोसी देशों में पलायन करने लगे थे। पुतिन ने शुक्रवार को यह भी कहा कि रूस द्वारा सोमवार को यूक्रेन के खिलाफ किए गए व्यापक हमलों की फिलहाल कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि रूसी सेना पहले से चुने गए लक्ष्यों पर चुनिंदा हमले कर रही है।

### खेरसॉन से निवासियों को निकालेगा रूस

**कीव।** यूक्रेनी सेना को दक्षिणी मोर्चे पर मिल रही बढ़त से रूस की चिंता बढ़ गई है और वह आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र के निवासियों को निशुल्क आवास का वादा कर रहा है जो वहां से रूस जाना चाहते हैं। रूस के उप प्रधानमंत्री मरात खुस्नुलिन ने यह घोषणा की है। इससे कुछ देर पहले खेरसॉन के रूस समर्थित नेता व्लादिमीर साल्दो ने क्रेमलिन से क्षेत्र के चार शहरों से निवासियों को निकालने के लिए कहा था। खेरसॉन यूक्रेन के उन चार क्षेत्रों में से एक है जिन पर रूस ने पिछले महीने अवैध रूप से कब्जा जमा लिया था। साल्दो ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो पोस्ट कर कहा, खेरसॉन क्षेत्र के शहरों - खेरसॉन और नोवा काखोव्का, होला प्रिस्तान तथा चोर्नोबेव्का में रोज मिसाइल हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा, इन मिसाइल हमलों से निवासियों को गंभीर नुकसान होता है। मिसाइलों हमलों की जद में होटल, रिहायशी इमारतें, बाजार और वे स्थान हैं जहां बहुत सारे नागरिक हैं। साल्दो ने कहा कि खेरसॉन के निवासियों को निकालकर रूस के रोस्तोव, क्रास्नोदर और स्तावोपोल के साथ ही क्रीमिया ले जाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने निवासियों को निकालने का अनुरोध ऐसे वक्त में किया है जब यूक्रेनी सेना ने दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में अपना अभियान तेज कर दिया है। इस बीच रूस ने यूक्रेन के अहम प्रतिष्ठानों पर अपने हमले शुक्रवार को भी जारी रखे।

**PUBLIC NOTICE**

It is herby informed to all general public my client **Ashok Sablani** S/o Dayal Das Sablani R/o **B-3/62 Paschim Vihar, N.Delhi-63** that there is property dispute of Ground & Ist Floor of property B-3/62, Paschim Vihar,NDelhi-63. Therefore it is requested nobody purchase above said disputed property.If anybody purchase he/ she purchase at their own risk.

## विकासशील देशों को संकट से उबारने को प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से मदद की जरूरत: संरा प्रमुख

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने दुनिया की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक प्रमुखों को पत्र लिखकर विकासशील देशों की मदद करने और वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।उन्होंने बृहस्पतिवार को लिखा है कि कोविड-19 महामारी, यूक्रेन युद्ध और जलवायु संबंधी चुनौतियां बढ़ने से अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष कई चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इंडोनेशिया के बाली में अगले महीने होने वाले जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन से पहले यह पत्र लिखा है। पत्र ऐसे समय लिखा गया है जब लोगों की रहन-सहन की लागत बढ़ रही है, वित्तीय स्थिति तंग हो रही है और देशों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने लिखा है, इन समस्याओं के कारण विकासशील देशों पर संकट बढ़ा है। इसके साथ अनुचित वैश्विक वित्तीय प्रणाली इसे और बढ़ा रहा है जिसमें अल्पकालीन लागत-लाभ विश्लेषण पर ध्यान दिया जाता है और गरीबों के मुकाबले धनवानों को इसका ज्यादा लाभ होता है। गुतारेस ने कहा कि विकासशील देशों में रहन-सहन की लागत में जो बेतहाशा वृद्धि हुई है, उसपर अंकुश लगाने और नकदी बढ़ाने के तत्काल प्रयास किए जाने चाहिए। जी-20 देशों से यथास्थिति छोड़ने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था और उसके भागीदारों ने बाजार की बिगड़ती स्थिति से निपटने के लिए प्रोत्साहन उपायों का प्रस्ताव किया है। साथ ही वर्ष 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास लक्ष्यों की दिशा में तेजी से प्रगति की बात कही है। संयुक्त राष्ट्र विकास लक्ष्यों में भीषण गरीबी को समाप्त करना, सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना और स्त्री-पुरूष समानता हासिल करना शामिल है। गुतारेस ने कहा, जी-20 देशों को दुनिया को उसके सबसे गहरे संकट से बाहर निकालने की आवश्यक्ता है। इसकी अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है।

### पुतिन के गैस केंद्र प्रस्ताव का अध्ययन करेंगे तुर्कि, रूस

**अंकारा।** तुर्किए और रूस ने अपने ऊर्जा विभागों को तुर्किए को यूरोप के लिए गैस केंद्र में बदलने के प्रस्ताव पर तकनीकी अध्ययन शुरू करने का निर्देश दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्किए को काला सागर के नीचे से जा रही तुर्क स्ट्रीम गैस पाइपलाइन के जरिए और अधिक गैस निर्यात करने का विचार रखा है। बता दें कि बाल्टिक सागर की नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन के जरिए जर्मनी को गैस की आपूर्ति बाधित होने के बीच यह विचार रखा गया है।

## सितंबर में थोक मुद्रास्फीति घटकर 10.7 प्रतिशत हुई

**भाषा।** नई दिल्ली

**विनिर्मित** उत्पादों की कीमतों में नरमी, खाद्य वस्तुओं और ईंधन के दाम में कमी आने से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में लगातार चौथे महीने घटकर 10.7 प्रतिशत पर आ गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने, अगस्त में 12.41 फीसदी थी। यह पिछले साल सितंबर में 11.80 फीसदी थी। डब्ल्यूपीआई इस वर्ष मई में 15.88 फीसदी के रिकॉर्ड उंचे स्तर पर पहुंच गई थी। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में लगातार चौथे महीने गिरावट का रुख देखने को मिला है। सितंबर 2022 में लगातार 18वें महीने, यह दहाई अंकों में रही। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, सितंबर 2022 में मुद्रास्फीति के स्तर की वजह मुख्य रूप से खनिज तेलों, खाद्य वस्तुओं, कच्चा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, रसायन एवं रासायनिक उत्पाद, मूल धातु, बिजली, कपड़ा आदी की कीमतों में पिछले वर्ष के समान महीने की तुलना में तेजी है। सितंबर में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति घटकर 11.03 फीसदी हो गई जो अगस्त में 12.37 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। समीक्षाधीन महीने में सब्जियों के दाम बढ़कर 39.66 फीसदी पर आ गए जो अगस्त में 22.29 फीसदी थे। ईंधन और बिजली में महंगाई दर सितंबर में 32.61 फीसदी रही जो अगस्त में 33.67 फीसदी थी। विनिर्मित उत्पादों और तिलहन की मुद्रास्फीति क्रमश: 6.34 प्रतिशत और नकारात्मक 16.55 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से मौद्रिक नीति के जरिए मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखता है। खुदरा मुद्रास्फीति लगातार नौवें महीने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तय छह फीसदी के लक्ष्य से ऊपर रही। सितंबर में यह 7.41 प्रतिशत पर थी। महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने इस साल प्रमुख ब्याज दर को चार बार बढ़ाकर 5.90 फीसदी कर दिया है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Aabid Khan is the owner of Property Bearing No. 198/2, Garhi (Spot House), Super Area Measuring 1300 Sq. Ft., Out of Khasra No. 13, of Village Jharia Maria New Delhi-110065 by virtue of 5 sale deeds out of them he has lost the following 3 original deeds pertaining to the said property, FIR has already been lodged in lieu of that dated 14/10/2022:
1. Sale Deed dated 16.07.1997 executed by Pushpa Yadav in favour of M/s New Video Ltd. (of first floor)
2. Copy of Sale Deed dated 25.04.1996 executed by Pushpa Yadav in favour of M/s New Video Ltd. (of second floor)
3. Copy of Sale Deed dated 13.09.1996 executed by Pushpa Yadav in favour of M/s New Video Ltd. (of third floor with roof rights)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, (1).Smt. Vinita Nagpal D/o Late Sh. Jagdish Chand Jai Singh R/o 1020,6th Avenue Anna Nagar West,Chennai-60-0040 (2).Ms.Seloni Chhabra D/o Late Sh. Jagdish Chand Jai Singh R/o 6261, Green Field Road, Apt 202, Elkridge MD, USA-21075 and (3) Smt. Sheema Chopra D/o Late Sh.Jagdish Chand Jai Singh R/o Bellary Road, Cauvery Theater Circle, Sadashivanagar,Bangalore,Kamataka-560080,** am the Allottee/owner of Property bearing No. A-88/1, Naraina Industrial area Phase-I,New Delhi vide File No.F.6A(779)1968/ LSB/(I) I lost/ misplaced my original Perpetual Lease Deed Occupancy Certificate,Sanction Building Plan and other related documents of the above said property.An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No. 876222/2022 dated 10/10/2022. Any person claiming any right, interest having any objection may write/ contact with above named person at above address/phone No.9911010418 within15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to **Dy. Director (INDUSTRIAL) or Asstt,Director (INDUSTRIAL) A-Block,First Floor,Vikas Sadan,INA,New Delhi.**

**PUBLIC NOTICE**

My client, Smt. Shakuntla Devi, who is a registered owner of Built-up Second Floor, without roof rights, built on Property Bearing No. B-78, area measuring 450 Sq. feet, out of Khasra No. 357, situated in the revenue estate of Village Bindapur, colony known as Vishwas Park, Block-B, Uttam Nagar, Delhi; vide Sale Deed dated 07.12.2012 executed by Sh. Mohit Singhal and Sandeep Goyalin favour of Shakuntla Rani having registration no. 28814 on date 07.12.2012.The previous chain Original document, Sale Deed dated 25.05.2012 of the property is lost and a Lost Article Information Report has been registered vide LR No. 886846/2022. The said property is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notify to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 10 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court,**
**Delhi-110092. Mobile No. 9811215181**

**पब्लिक नोटिस**

नाम मोबाइल नंबर पता
1. राहुल 7044030735 बाल्मीकि सदन मंदिर मार्ग, एनडीएमसी, नई दिल्ली- 110001
2. कमल 9899665969 लक्ष्मी गार्डन, लोनी, गाजियाबाद - 201102
3. धर्मेंद्र अधिकारी 742893468 निकट अजय पुस्तक, मंडावली, दिल्ली- 110092
4. सचिन 8077273464 निकट अजय पुस्तक, मंडावली, दिल्ली- 110092
5. मुन्ना 742893462 सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली-110085
6. शिल्पा 8285950821 राजगढ़ एक्सटेंशन, गाँधी नगर, दिल्ली- 110031
7. गीतांजली 964369749 निकट ठाकुर स्वीट्स, भजनपुरा, दिल्ली- 110053
8. नारायण दत्त 742893470 सेवक पार्क, द्वारका मोर, दिल्ली- 110059
9. प्रकाश अधिकारी 8744030989 मंडावली फाजलपुर, दिल्ली-110092
10. सुभाष चंद्र प्रसाद 742893466 विश्वकर्मा कॉलोनी , दिल्ली 110055

इस नोटिस के द्वारा पब्लिक और माँ झण्डेवाली सोसाइटी के सभी मेंबर्स को सूचित किया जाता है उपरोक्त स्टाफ मेंबर्स और एक डायरेक्टर को सर्वसम्मति से मैनेजमेंट बोर्ड और एनुअल जनरल बॉडीज की मीटिंग जो 24/09/2022 को एनसीयूआई में नियोजित की गयी, में असामाजिक गतिविधियां के कारण निष्कासित कर दिया गया है। सभी मेंबर्स और पब्लिक को आगाह किया जाता है की इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन न करे। यह लोग अब माँ झंडेवाली को-ऑपरेटिव अर्बन एंड थ्रिफ्ट सोसाइटी, साइकिल मार्किट झंडेवाली एक्सटेंशन, दिल्ली- 0055 के कर्मचारी नहीं है। यदि कोई व्यक्ति लेन-देन करता है तोह इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

## डिजिटलीकरण में भारत ने वैश्विक मानक स्थापित किया है: सीतारमण

**भाषा।** वाशिंगटन

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि डिजिटलीकरण के मामले में विशेषकर भुगतान को लेकर आज भारत ने एक वैश्विक मानक स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि इससे देश को कोविड-19 और इसके आर्थिक दुष्प्रभावों के खिलाफ लड़ाई में तो मदद मिली ही है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ा है कि भारत की वृद्धि की कहानी अभी और आगे चलने वाली है। जॉन हॉपकिन्स स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज में छात्रों को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, एक समय था जब भारत वैश्विक मानकों, वैश्विक आदर्शों को देखता था और हम कहते थे कि हमें उस स्तर पर पहुंचना है, कैसे करना है यह भी सीखना है। आज भी ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां हमें बहुत कुछ सीखना है और मानकों के अनुरूप काम करना है।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन डिजिटल पक्ष की ओर देखें तो चाहे यह भुगतान हो, पहचान हो, स्वास्थ्य, शिक्षा, अनुपालन आवश्यकताओं के तौर-तरीकों हों, इनमें वास्तव में भारत ने मानक स्थापित किए हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था, इसकी प्रणाली और मंचों को लेकर हमने वास्तव में मानक स्थापित किए हैं और यह भारत के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला है। वित्त मंत्री ने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है तो इसकी वजह आत्मविश्वास है जो हमने बीते दो साल में जो कुछ हुआ उससे पाया है, संभवत: लोगों का ऐसा मानना है। इसलिए मुझे लगता है कि आर्थिक पुनरूद्धार निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2019 के बीच डिजिटलीकरण पर दिए गए जोर ने कोविड-19 और उसके बाद आर्थिक संकट से जूझने में मदद दी और इसकी वजह से ही लॉकडॉउन के दौरान मदद और राहत तुरंत दी जा सकी।

### ऑस्ट्रेलिया और मिस्र के वित्त मंत्रियों के साथ बातचीत की

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया और मिस्र केअपने समकक्षों केसाथ द्विपक्षीय बैठकेंकी। इन बैठकों मे भारत को उसकेजी20 केएजेंडा केलिए समर्थन भी प्राप्त हुआ। वित्त मंत्रालय ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया केवित्त मंत्री जे ई चालमर्स और सीतारमण की मुलाकात केदौरान भारत की जी20 की आगामी अध्यक्षता को लेकर संभावित मुद्दो पर चर्चा हुई। सीतारमण की मिस्र की मंत्री रानिया अल मसहत के साथ मुलाकात मे दोनो देशो के बीच नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर विचारो का आदान प्रदान हुआ। सीतारमण ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रशासक ए स्टीनर से भी सतत वित्तीय स्थिति पर बात की। उन्होनेप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केटिकाऊपारिस्थितिकी को लेकर विचारो को रेखांकित किया। मंत्रालय ने ट्वीट करकेबताया किऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिकको-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) केमहासचिव माथिआस कोरमान केसाथ वित्त मंत्री की बैठकमे भारत-ओईसीडी द्विपक्षीय सरोकार और 2023 मे भारत की जी20 अध्यक्षता केदौरान संगठन केसहयोग केबारे मे बात हुई।

### भारत की 5जी अवसंरचना स्वदेशी, दूसरे देशों को भी मुहैया करा सकते हैं

वाशिंगटन, 14 अक्टूबर (भाषा) भारत ने स्वदेशी स्तर पर विकसित 5जी अवसंरचना शुरू कर दी है और अब वह इसे अन्य देशो केसाथ साझा करने केलिए तैयार है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को यह कहा। जॉन हॉपकिन्स स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज मे छात्रो को संबोधित करते हुए उन्होने कहा, इसकी (भारत की 5जी प्रौद्योगिकी की) कहानी अभी लोगो तक पहुंची नही है। हमने देश मे जो 5जी सेवा शुरू की है वह पूरी तरह से अपने दम पर की है। यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक है और जिसे चाहिए उसे (देश को) हम 5जी दे सकते है। सीतारमण ने कहा, 5जी कही और से नही लाई गई बल्कि यह पूरी तरह से हमारा उत्पाद है। उन्होने कहा कि इसे अभी भारत केचुनिंदा शहरो मे शुरू किया गया है और यह 2024 तक पूरे देश मे शुरू हो जाएगी। उन्होने कहा, 5जी की बात करें तो हम भारत की उपलब्धियो पर गर्व कर सकते है।

### जी20 के वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को 2023 के अपने एजेंडा की जानकारी दी

लंदन, 14 अक्टूबर (भाषा) अगले वर्ष जी20 समूह की अध्यक्षता करने जा रहे भारत ने बृहस्पतिवार को समूह के सदस्य देशो के वित्त मंत्रियो और केंद्रीय बैंको के गवर्नरो को अध्यक्षता केदौरान अपने एजेंडा केबारे में जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सालाना बैठक से इतर, इंडोनेशिया की वित्त मंत्री श्री मुलायानी इंद्रावती ने एक संवाददाता सम्मेलन मे कहा, 2023 मे जी20 का अध्यक्ष भारत होगा, वित्तीय जिम्मेदारी भी उसके पास होगी। समूह की अध्यक्षता के दौरान भारत के मुख्य प्राथमिकता वाले जो प्रस्तावित एजेंडा है उनके बारे मे मंत्रियो और गवर्नरो को जानकारी दी गई। जी20 की अध्यक्षता अभी इंडोनेशिया के पास है। बृहस्पतिवार को इंद्रावती ने वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंको के गवर्नरो की बैठक की अध्यक्षता की थी जिसमे केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शामिल हुए थे। इस बैठक मे और इसके बाद हुई एक और बैठक मे सीतारमण ने 2023 के लिए अपने प्रस्तावित एजेंडा की जानकारी दी।

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा **"जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है",** के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | पूजा तिवारी (कर्ज़दार), शिवम तिवारी (सह कर्ज़दार) LBGHZ00005051413 | फ्लैट नंबर 1093, तीसरी मंज़िल, न्यू एलआईजी फ्लैट्स, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज 3, दिल्ली. क्षेत्रफल 301.38 वर्ग फीट | रु. 25,01, 870.07 (अक्टूबर 12, 2022 तक) | रु. 21,60, 000/- / रु. 2,16,000/- | अक्टूबर 27, 2022 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:30 बजे तक | नवम्बर 07, 2022 सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवम्बर 05, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **नवम्बर 05, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **नवम्बर 05, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **नवम्बर 05, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे ।

**तिथि : अक्टूबर 15, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# सात उम्मीदवारों ने पर्चा भरा, मुख्य मुकाबला भाजपा व सपा के बीच

**● गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव में कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने नहीं उतारा प्रत्याशी**

**भाषा।** लखीमपुर खीरी



**लखीमपुर खीरी** जिले की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट पर तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार तक कुल सात उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। हालांकि इस सीट पर मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच होने की संभावना है। वहीं कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उपचुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, गोला गोकर्णनाथ निर्वाचन क्षेत्र में मतदान तीन नवंबर को होगा जबकि मतगणना छह नवंबर को होगी। उन्होंने बताया कि आज नामांकन के अंतिम दिन भाजपा से अमन गिरी और सपा से विनय तिवारी ने दोबारा एक-एक सेट में और दो अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, उपचुनाव के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। नामांकन पत्रों की जांच 15 अक्टूबर को होनी है और नाम 17 अक्ऊबर तक वापस लिए जा सकेंगे। गोला गोकर्णनाथ सीट पर 2022 के आम चुनाव में निर्वाचित भाजपा विधायक अरविंद गिरी की मृत्यु के कारण उपचुनाव हो रहा है। गिरी की मृत्यु छह सितंबर को दिल का दौरा पड़ने से हुई। जिला कांग्रेस कमेटी, लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पार्टी नेतृत्व ने कई अन्य राज्यों में आसन्न विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर गोला विधानसभा सीट से उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि इस सीट से विधायक दिवंगत अरविंद गिरि ने अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पांच बार किया। भाजपा ने उनके बड़े बेटे अमन गिरी को उपचुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि सपा ने अपने पूर्व विधायक विनय तिवारी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने पहले 2012 में गोला गोकर्णनाथ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था।

# सुलतानपुर में बीटेक की छात्रा से बलात्कार के आरोपी दो लोग गिरफ्तार

**भाषा।** सुलतानपुर

**उत्तर प्रदेश** के सुलतानपुर जिले में पिछले सप्ताह इंजीनियरिंग की छात्रा से दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोमेन बर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार रात कादीपुर थाना क्षेत्र के निवासी सूरज पांडे (28) और रंजीत उपाध्याय (26) को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर की शाम को दो लोगों ने 23 वर्षीय बीटेक की छात्रा को लिफ्ट की पेशकश की। छात्रा सुलतानपुर रेलवे स्टेशन पहुंची और वहां से जयसिंहपुर जाने के लिए निजी जीप का इंतजार कर रही थी।

बर्मा ने कहा कि दोनों आरोपी छात्रा को एक सुनसान जगह ले गए और वहां उन्होंने कथित तौर पर उससे सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने कहा कि जब पुलिस जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार की रात आरोपियों को अपराध स्थल पर ले गई, तो उपाध्याय ने भागने का प्रयास किया और एक देशी पिस्तौल से उन पर गोली चला दी, जिसे उसने पहले से ही मौके पर छिपा कर रखा था। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने आरोपियों के पैर में गोली मारी, जिससे उनके भागने का प्रयास विफल हो गया।

एसपी ने कहा कि आरोपियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है और एक वाहन और एक देशी पिस्तौल को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य फोरेंसिक और डिजिटल साक्ष्य भी एकत्र किए गए हैं और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया में चाकू हमले में घायल के पिता ने सरकार से बेटे की देखभाल के लिए तत्काल वीजा की मांग की

**भाषा।** आगरा

**ऑस्ट्रेलिया के** सिडनी में चाकू से किए नस्ली हमले में गंभीर रूप से घायल एक भारतीय छात्र के पिता ने भारत सरकार से वीजा के लिए उनके अनुरोध पर तेजी से कार्वाई करने का आग्रह किया है,ताकि उनके परिवार का कोई व्यक्ति ऑस्ट्रेलिया जा कर उनके बेटे की देखभाल कर सके।

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के किरौली प्रखंड के 28 वर्षीय छात्र शुभम गर्ग पर छह अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर चाकू से 11 बार वार किया था। शुभम के पिता रामनिवास गर्ग ने अपने बेटे पर किए गए नस्ली हमले पर चिंता जताई है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। परिवार के सदस्यों ने भी शुभम की वहां देखभाल के लिए किसी एक सदस्य को तत्काल वीजा देने की मांग की है। शुभम ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय में मेकैनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रहा है। उसने बीटेक और एमएससी की डिग्री आईआईटी चेन्नई से हासिल की है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, वह फिलहाल खतरे से बाहर है और उसने उनलोगों से बातचीत की है। रामनिवास गर्ग ने कहा, हम स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं। हम शुभम के छोटे भाई रोहित को ऑस्ट्रेलिया भेजने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वह उसकी देखभाल कर सके। वीजा प्रक्रिया के लिए आवेदन प्रक्रियाधीन है और हमें उम्मीद है कि यह दो-तीन दिनों के भीतर मिल जाएगा। हमें इस संबंध में स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, हमने मदद के लिए फतेहपुर सीकरी के सांसद राज कुमार चाहर से मुलाकात की और उन्होंने अपनी तरफ से पूरी मदद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने जिला स्तर पर और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से भी बात की थी। गर्ग ने बताया कि शुभम एक सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ था। उन्होंने बताया, लेकिन 6 अक्टूबर को हमें शुभम पर एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा किए गए क्रूर हमले की खबर मिली। उस व्यक्ति ने उसके चेहरे, पेट और छाती पर चाकू से कई बार हमला किया। वहां उसकी दो-तीन बार सर्जरी हुई है। गर्ग ने कहा कि जब उन्होंने हमले के बारे में सुना तो वह हैरान रह गए, क्योंकि हमलावर न तो उनके बेटे को जानता था और न ही उसने उसे लूटने की कोई कोशिश की थी। शुभम की चचेरी बहन काव्या गर्ग ने बताया, जैसे ही हमें घटना के बारे में जानकारी मिली, मैंने पीएमओ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को टैग करते हुए ट्वीट किया और तत्काल मदद मांगी। काव्या ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया था, मेरे भाई के कई ऑपरेशन चल रहे हैं और डॉक्टर ने कहा है कि उनके शरीर में संक्रमण फैल रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में तत्काल मदद की गुहार लगा रही हूं।

किरौली के एसडीएम अनिल कुमार सिंह ने बताया, आगरा के जिला मजिस्ट्रेट नवनीत चहल परिवार और दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं और परिवार के सदस्यों में से एक को बहुत जल्द ही वीजा जारी किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग चाकू से हमला किए जाने की घटना को लेकर स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और उसे अपराधियों के खिलाफ कार्वाई किए जाने की उम्मीद है। इस बीच, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि घटना के सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने सोमवार को बयान जारी कर कहा था कि छह अक्टूबर को रात साढे दस बजे शुभम पर हमला हुआ था, जब वह पैसिफिक राजमार्ग पर जा रहा था।

# क्षय रोगियों को दें भावानात्मक सपोर्ट: अमृतपाल कौर



**चित्रकूट।** रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर रेडक्रास ने गोद लिए सौ क्षय रोगियों में से पहले चरण में पचास क्षय रोगियों को मुख्य अतिथि/सीडीओ अमृतपाल कौर ने पोषण किट बांटी।

शुक्रवार को कलेक्टेऊट सभागार में क्षय रोगियों को बतौर मुख्य अतिथि सीडीओ अमृतपाल कौर ने किट बांटते हुए कहा कि रेडक्रास सोसायटी ने पहले भी सामाजिक कार्य किये हैं। ये किट सभी रोगियों को लाभदायी होगी। क्षय रोगियों को गोद लेने वाले सदस्य डॉ सुधीर अग्रवाल, डॉ शशांक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, देवेश जैन, डॉ सीताराम गुप्ता, डॉ सीएन सिंह, उमंग गोयल से अपेक्षा किया कि समय-समय पर रोगियों के हाल जानकर उन्हें भावनात्मक सपोर्ट करते रहें। एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि किट में पोषण आहार भुना चना, मूंगदाल, मूमफली दाना, गुड एवं सोया बरी का नियमित प्रयोग खानपान में करते हुए दवाइयों का सेवन करें। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि क्षयरोग लाइलाज बीमारी नहीं है। इसे नियमित दवा व परहेज से ठीक कर सकते हैं। जिले को क्षयरोग से जल्द मुक्त करने की दिशा में प्रयासरत हैं। पोषण आहार से इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर बीएसए लवप्रकाश यादव, जिला क्षय अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, डॉ अरुण पटेल, ज्ञानचन्द्र शुक्ल, विवेक मिश्र आदि मौजूद रहे।



आगरा में दीपावली पर्व को लेकर दीयों को अंतिम रूप देता कुम्हार

## क्विक न्यूज

### ट्रक ने बस को टक्कर मारी, 18 लोग घायल

**आगरा (भाषा)।** आगरा के सैया थाना क्षेत्र में आगरा-मुंबई राजमार्ग पर शुक्रवार की शाम एक कंटेनर ट्रक ने निजी बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 18 लोग घायल हो गए। सैया थाने के पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि बस आगरा से मुरैना (मध्य प्रदेश) जा रही थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कंटेनर ट्रक चालक बिहार निवासी अशोक यादव को गिरफ्तार कर दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि पुलिस आगे की कार्वाई कर रही है।

### जंगली सूअर के शिकार के लिए रखे बम में विस्फोट, दो घायल

**प्रयागराज।** जिले के यमुनापार मेजा थाना क्षेत्र के मेजा खास में वन विभाग द्वारा संरक्षित पहाड़ी इलाके में शुक्रवार को हुए बम विस्फोट में दो व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गए। उनका स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के मेजा खास में पहाड़ी पर बम फटने की सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना में घायल दो लोगों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उन्होंने बताया कि मौके का निरीक्षण करने और आसपास के लोगों से बातचीत से पता चला है कि आसपास के क्षेत्र के कुछ लोग प्रायः जंगली सूअर का शिकार करने के लिए देशी बम बनाकर उसे पान के पत्ते में छिपा देते है। पांडेय ने बताया कि जंगली सूअर पान के लालच में उसे खाने का प्रयास करते हैं और बारूद विस्फोट होने पर वह घायल हो जाता और आसानी से उसकी शिकार हो पाता है। पुलिस सभी पहलुओं से छानबीन कर रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे है।

### फतेहपुर में फावड़े से काटकर किसान की हत्या

**फतेहपुर (भाषा)।** जिले के हथगाम थाना क्षेत्र के सेनपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक किसान की फावड़े से काटकर कथित रूप से हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फतेहपुर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार देर शाम सेनपुर गांव में रामआसरे यादव (50) गंगा कटरी में खेत में काम कर रहा था, जहां जमीन विवाद को लेकर उसके गांव के ही चार लोगों ने कहासुनी के दौरान फावड़े से उसके सिर और चेहरे पर वार किया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि परिजनों से घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश कुमार सिंह के साथ वह स्वयं गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर मामले की जानकारी ली।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**सुलतानपुर (उत्तर प्रदेश)।** लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले 304 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को सुलमानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र में हुए एक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुलतानपुर की ओर जा रही बीएमडब्ल्यू कार को लखनऊ से आ रहे कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दिया। हादसे में कार में सवार चारों लोगों की मौत हो गई और कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस और यूपीडा की टीम के साथ-साथ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि कार का पंजीकरण उत्तराखंड राज्य का है। दुर्घटना हलियापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 83.750 किलोमीटर पर हुई। जिलाधिकारी रवीश कुमार ने बताया कि हादसे में मरने वालों की पहचान बिहार राज्य के डेहरी ओन सोन निवासी आनंद प्रकाश (35), औरंगाबाद निवासी अखिलेश सिंह (35) व दीपक कुमार (37) के रूप में हुई है जबकि चौथे मृतक की अभी पहचान नही हो सकी है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हलियापुर थाना इलाके में भारी बरसात के बाद 83 किलोमीटर पर पांच फुट गहरा और 15 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया था, जिसमें एक कार फंस गई थी।

### हिंदू देवी देवताओं को अपशब्द कहने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

**प्रयागराज (भाषा)।** पुलिस ने प्रयागराज के मियां का पुरा गांव में रामलीला स्थल के आसपास भगवा झंडा लगाने एवं उतारने के संबंध में बुधवार को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य लोगों से झगड़ा करने और हिंदू देवी-देवताओं के लिए अपशब्द कहने के आरोप में बृहस्पतिवार की रात छह लोगों को गिरफ्तार किया। सराय ममरेज थाना प्रभारी तारुणेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के मियां का पुरा गांव में बुधवार को रामलीला स्थल के आसपास कुछ लोगों ने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के साथ कथित तौर पर झगड़ा किया और हिंदू देवी-देवताओं को अपशब्द कह कर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास किय। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम छह आरोपियों-मोहम्मद वसीम, असगर अली, मोनिस अली, आसिफ अली, मोहम्मद शमीम उर्फ गुड्डू और मोहम्मद फैज उर्फ मोहम्मद गौस को गिरफ्तार कर लिया।

# मंत्री अरुण कुमार का भतीजा हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार

**भाषा।** बरेली

**उत्तर प्रदेश** के एक मंत्री के भतीजे को भोजन परोसने से इनकार करने पर रेस्तरां के कर्मियों के एक समूह को अपनी कार से टक्कर मारने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बरेली शहर के पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने बताया कि अमित कुमार सक्सेना मंगलवार रात अपने एक मित्र के साथ एक रेस्तरां में गया था, लेकिन रेस्तरां बंद हो जाने के कारण कर्मियों ने उसे भोजन देने में अक्षमता व्यक्त की, जिसके बाद सक्सेना ने उनके खिलाफ कथित रूप से अपशब्द कहे। सक्सेना उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण, प्राणी उद्यान, जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार का भतीजा है।

उन्होंने बताया कि सक्सेना रात करीब साढ़े 10 बजे लौट गया और उसने रेस्तरां के बाहर भोजन कर रहे कर्मियों को अपनी कार से टक्कर मारने की कोशिश की।भाटी ने बताया कि सक्सेना को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके दो साथियों को हिरासत में लिया गया है। होटल मालिक नरेश कश्यप के बेटे सुशांत कश्यप की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, सक्सेना ने कथित तौर पर रंगदारी के तौर पर एक लाख रुपए मांगे थे। भाटी ने बताया कि सक्सेना के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या की कोशिश), 147 (दंगा करने की सजा), 384 (जबरन वसूली की सजा), 504 (जानबूझकर अपमान करना) और धारा 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस बारे में संपर्क करने पर अरुण कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, पुलिस को कानून के मुताबिक काम करना चाहिए और इसमें कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

### मथुरा में 10 साल की लड़की का शव मिला, आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा (भाषा)।** मथुरा में वृंदावन मार्ग पर अहिल्यागंज के वन क्षेत्र से 10 साल की बच्ची का नग्न शव बरामद हुआ है। बच्ची के कपड़े शव के पास ही रखे मिले हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि बच्ची के परिजनों ने बलात्कार के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। वहीं, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं सर्विलांस आदि की मदद से कुछ ही घंटों में बच्ची के मोहल्ले के ही 35 वर्षीय पुरुष को बच्ची को बहलाफुसला कर अपने साथ ले जाने, उसके साथ दुष्कर्म करने और उसकी हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिषेक यादव ने कहा कि मामले की जांच के लिए सदर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पांच दलों का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल के आसपास गिरफ्तार आरोपी संदीप की मौजूदगी का पता चला था। उन्होंने बताया कि छानबीन में इसकी पुष्टि होने पर उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया। यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी संदीप ने बच्ची के साथ बलात्कार करने और घटना का खुलासा होने के डर से उसकी हत्या करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि बच्ची के परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो कानून की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्वाई की जा रही है। परिजनों के मुताबिक, बृहस्पतिवार दोपहर करीब तीन बजे बच्ची खेलने के लिए घर से बाहर गई थी और शाम करीब पांच बजे जंगल में उसका शव मिला।

### गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार

**देवरिया (भाषा)।** दिवाली पर प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर को आतंकवादियों द्वारा बम से उड़ाने की झूठी सूचना देने के आरोप में 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने बुधवार को आपात नंबर 112 पर फोन पर किया और खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी प्रद्युम्न बताया। क्षेत्राधिकारी यश त्रिपाठी ने कहा कि उसने बताया कि वह बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पास है और छह से सात लोग इलाज के बहाने अस्पताल पहुंचे हैं लेकिन वे आतंकवादी हैं और दिवाली पर गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की साजिश रच रहे हैं। जांच के दौरान आरोपी की पहचान देवरिया जिले में कोतवाली थाना के मेहड़ा पुरवां निवासी अनंत गुप्ता के तौर पर हुई। क्षेत्राधिकारी के अनुसार, पुलिस फोन करने वाले के घर पहुंची और पाया कि उसने कथित हमले के बारे में झूठी सूचना दी थी जिसके बाद उसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली के निरीक्षक अनिल तिवारी की शिकायत पर गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 153 बी (राष्ट्रीय एकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन, आरोप) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सांसद से मांग, ट्राफिक चौराहे का नाम करें शिवाजी चौक



**चित्रकूट।** पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल ने जिलाधिकारी व सांसद को सौंपे पत्र में कहा कि जिला मुख्यालय के ट्राफिक्र चौराहे का नाम छत्रपति शिवाजी चौक किया जाये।

शुक्रवार को पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल ने सांसद आरके सिंह पटेल व जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिला मुख्यालय के ट्राफिक्र चौराहे का सुन्दरीकरण किया जा रहा है। इस चौराहे का नामकरण का प्रस्ताव पटेल सेवा संस्थान ने हिन्दू स्वराज की स्थापना करने वाले महाराजा छत्रपति शिवाजी महाराज, जिन्होंने भगवा ध्वज फहराकर हिन्दुत्व की रक्षा की आवाज बुलंद की थी। इनके नाम पर चौराहे का नाम किया जाये। उन्होंने मांग किया कि ट्राफिक्र चौराहे का नाम छत्रपति शिवाजी चौक किया जाये। इसी क्रम में पटेल सेवा संस्थान ने महेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि 31 अक्टूबर को भारतरत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर पटेल सेवा संस्थान इस वर्ष भी 148वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनायेगा। 30 अक्टूबर को शाम चार बजे भव्य शोभायात्रा शहीद पार्क एलआईसी तिराहा से पटेल तिराहे तक निकाली जायेगी। उन्होंने इस मौके पर उचित व्यवस्था करने की मांग की है। इस मौके पर संस्थान के कमलेश कुमार सिंह, शिवफूल सिंह पटेल, बीपी पटेल, दिलीप सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# जिले में नौ परीक्षा केंद्रों पर आज होगी पेट परीक्षा, 17568 परीक्षार्थी बैठेंगे

**● सभी केन्द्राध्यक्षों ने कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर नकलविहीन परीक्षा कराने की बनाई रणनीति**

**संवाददाता।** चित्रकूट



जानकारी देते प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चौहान

**उत्तर प्रदेश** अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा संचालित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा आज जिले के 9 परीक्षा केन्द्रों पर कडी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। परीक्षा केन्द्राध्यक्ष सीआईसी, त्यागी इण्टर कालेज ऐंचवारा, पोद्दार इण्टर कालेज सीतापुर, राजकीय डिग्री कालेज बेडीपुलिया, जीजीआईसी कर्वी, पालेश्वर नाथ इण्टर कालेज पहाडी, सुषमास्वरूप इण्टर नेशनल इण्टर कालेज असोह, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कालेज कर्वी, कृषक इण्टर कालेज भौंरी में नकलविहीन परीक्षा कराने के लिये बैठक कर रणनीति बनाई है।

डीआईओएस बलिराज राम ने बताया कि दोनों दिन दोनों पालियों में 17,568 परीक्षार्थी बैठेगें। इसके लिये 400 कक्ष निरीक्षक लगाये गये हैं। जिनका दो चरणों में प्रशिक्षण कराया गया है। परीक्षा सुव्यवस्थित कराने के लिये चार सेक्टर मजिस्ट्रेट (एसडीएम), सभी केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक व भारी मात्रा में पुलिस बल मुश्तैद किया जायेगा। इसके लिये प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रहीं हैं। सीआईसी में प्रधानाचार्य डा रणवीर सिंह चौहान ने कक्ष निरीक्षकों की बैठक करते हुये कहा कि जो दिशा निर्देश बताये गये हैं यदि उन नियम निर्देशों के प्रति कोई कक्ष निरीक्षक हीला हवाली करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी । बताया कि यह परीक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है इसमें अभ्यर्थियों के भविष्य का मामला रहता है और बहुत ही संवेदनशील परीक्षा है इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक होगी इसमें 7 बजे कक्ष निरीक्षकों को केन्द पर पहुंचना है। द्वितीय पाली की परीक्षा 3 बजे से 5 बजे तक होगी । जिसमें 12 बजे कक्ष निरीक्षक पहुंचेगे। बताया कि परीक्षा में कोई दूसरा कण्डीडेट ने बैठे इसके लिये प्रवेश पत्र और आईडी प्रूफ से सत्यापन करना जरूरी है । यदि कोई परीक्षार्थी संदिग्ध नजर आये तो इसकी जानकारी तुरन्त केन्द्र अधीक्षक को देना है। पंजीकृत परीक्षार्थी ही सम्बन्धित कक्ष में बैठे इसकी भी जिम्मेदारी कक्ष निरीक्षक की होगी। परीक्षा पूर्व परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक निर्देश पढ कर सुना देना है। इसके बावजूद कोई त्रुटि ओएमआर सीट में होती है उसके लिये परीक्षार्थी ही जिम्मेदार होगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल और डिजिटल घडी ले जाना प्रतिबन्धित किया गया है। ओएमआर सीट तीन प्रतियों में रहेगी इसमें प्रथम द्वितीय प्रति जमा कराना है और तृतीय प्रति (कन्डीडेट प्रति) तथा बुकलेट परीक्षार्थी ले जायेगा। जमा कराते समय इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ध्यान रहे कि मूल ओएमआरसी को ए लाल टेम्परप्रूफ लिफाफे में गणना करके तथा उपरोक्त प्रविष्टियों को पूरा करके दो छात्रों के हस्ताक्षर एवं रोल नम्बर कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार बी नीला टेम्परप्रूफ लिफाफे में कोषागार प्रति की काउन्टिंग करके समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर दो छात्रों के हस्ताक्षर एवं रोल नम्बर लिखवाते हुये कार्य को सम्पन्न करें तथा सी पीले टेम्परप्रूफ लिफाफे में अप्रयुक्त बुकलेट एवं ओएमआर सीट को सभी प्रविष्टियां पूर्ण करते हुये दो छात्रों के हस्ताक्षर एवं रोल नम्बर लिखवाते हुये सील बन्द करें ।

### सोशल मीडिया पर मुलायम के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**बलिया (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक रहे पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के खिलाफ सोशल नेटवर्किंग साइट पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हरियाणा में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर को निधन हो गया था। रसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शिव नारायण वैस ने शुक्रवार को बताया कि नगरा पुलिस ने बृहस्पतिवार को नगरा कस्बे के मार्कण्डेय स्वर्णकार और अजय वर्मा को पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के खिलाफ सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि इनके खिलाफ शांति भंग करने के आरोप में कार्वाई की गई है।

# भारतीय टीम में बुमराह की जगह लेंगे शमी

## टी-20 विश्व कप के लिए रहेंगे उपलब्ध

**भाषा।** नई दिल्ली





**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आस्ट्रेलिया में आगामी टी20 विश्व कप के लिए चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह भारतीय टीम में शामिल किया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने भारत की आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप टीम में जसप्रीत बुमराह की जगह मोहम्मद शमी को शामिल किया। शमी आस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं और ब्रिसबेन में अभ्यास मैचों से पहले टीम से जुड़ेंगे।
शमी को बुमराह की जगह मुख्य टीम में शामिल किया जाएगा, इसकी खबर पीटीआई ने पिछले महीने दे दी थी। मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को बैकअप खिलाड़ी चुना गया और वे जल्द ही आस्ट्रेलिया रवाना होंगे। टूर्नामेंट 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक खेला जाएगा। बुमराह पीठ की चोट के कारण अनिश्चित समय तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। शमी ने अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी टी20 विश्व कप के पिछले चरण के दौरान खेला था। उन्हें आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलना था लेकिन वह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए थे जिससे उन्हें पृथकवास में रहना पड़ा। वापसी में उन्हें अपनी फिटनेस साबित करनी पड़ी और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने उनकी आस्ट्रेलिया यात्रा को मंजूरी दी। शमी ने 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम 18 विकेट हैं।

### भारत के लिए हार्दिक के साथ एक्स फैक्टर हो सकते हैं पंत : रैना

**कोलकाता।** पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को लगता है कि ऋषभ पंत आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत के लिए हार्दिक पंड्या के साथ एक्स फैक्टर हो सकते है। आल राउंडर रविंद्र जडेजा चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए जबकि आस्ट्रेलिया में शानदार रिकॉर्ड रखने वाले पंत वैसा ही प्रदर्शन कर सकते है जैसा युवराज और रैना ने एक बार पूर्व कप्तान एम एस धोनी के साथ मिलकर किया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में शुरूआती विश्व टी20, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैम्पियंस ट्राफी (अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट जिसमें टीम जीती थी) का खिताब अपनी झोली में डाला था। रैना ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा, मै कहूंगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाजी की मध्यक्रम मे मौजूदगी बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, एक से छठे नंबर तक हमारे पास बाएं हाथ का बल्लेबाज नही है और मुझे भरोसा है कि प्रतिद्वंद्वी के पास दो-तीन बाएं हाथ के गेंदबाज होंगे। हमने ऐसा बीते समय (2007, 2011 और 2013) मे देखा है जिसमे गौती (गौतम गंभीर), युवी पा (युवराज सिंह) और मैंने जो भूमिका अदा की थी। रैना से जब पूछा गया कि भारत को पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर दिनेश कार्तिक पर तरजीह देनी चाहिए या नही तो उन्होने कहा, आपको हार्दिक के साथ एक्स फैक्टर लाना होगा और एक्स फैक्टर कौन हो सकता है। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के नाते बेहतर कर सकते है। उन्होंने कहा, जब युवी पा और मै खेलते थे तो हम प्रतिद्वंद्वियों को डरा दिया करते थे। अब राहुल, रोहित को फैसला करना होगा कि वे किसे चुनते है।

### कोहली फिटनेस में अव्वल, 23 साथी खिलाड़ियों को लेनी पड़ी एनसीए में रिहैबिलिटेशन की मदद



. **नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली मौजूदा समय के सबसे फिट भारतीय क्रिकेटर रहे है और इस पूर्व कप्तान को छोड़कर 23 केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटरो को 2021-22 सत्र मे रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) की मदद लेनी पड़ी। बीसीसीआई के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) हेमांग अमीन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट मे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) और पिछले सत्र मे किए गए कार्यो का विवरण है। रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान एनसीए चिकित्सा टीम द्वारा 70 खिलाड़ियो की कुल 96 जटिल चोटो का इलाज किया गया। इन 70 खिलाड़ियो मे से 23 भारतीय टीम से, 25 भारत एउभरते हुए खिलाड़ी, एक भारत अंडर-19 टीम, सात सीनियर महिला टीम से और 14 विभिन्न राज्यो के खिलाड़ी है। बोर्ड से केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले 23 खिलाड़ियो मे कप्तान रोहित शर्मा (मांसपेशियों मे खिंचाव), उप कप्तान लोकेश राहुल (हर्निया सर्जरी के बाद), चेतेश्वर पुजारा, शिखर धवन, हार्दिक पांड्या, उमेश यादव, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत, ईशांत शर्मा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव के अलावा मयंक अग्रवाल, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, अजिंक्य रहाणे, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल और रिद्धिमान साहा शामिल है। बोर्ड के अंदरूनी सूत्र के अनुसार, कोहली को पिछले एक साल में कभी भी चोट या फिटनेस से संबंधित मुद्दो के लिए बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मे आने की जरूरत नही पड़ी। ईमानदारी से कहूं तो इसमे से कई चोटे मैदान पर लगी थी। कुछ को फ्रैक्चर (सूर्यकुमार यादव) का सामना करना पड़ा तो कुछ को अलग-अलग समय पर विभिन्न तरह की चोट के साथ एनसीए पहुंचे। आपको कोहली की फिटनेस बनाए रखने का श्रेय देना होगा। उन्होने खुद को इतना फिट रखा है कि उन्हे कभी भी हैमस्ट्रिंग या मांसपेशियो से संबंधित कोई चोट नही आई है। इस दौरान थोड़ा कई ऐसे खिलाड़ियों को हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की समस्या हुई जो कोहली से लगभग 10 साल छोटे है। इस सूची मे शुभमन गिल, पृथ्वी साव, रुतुराज गायकवाड़, वेंकटेश अय्यर, केएस भरत, कमलेश नागरकोटी, संजू सैमसन, ईशान किशन, कार्तिक त्यागी, नवदीप सैनी और राहुल चाहर जैसे युवा शामिल है।

# एशिया कप में सातवां खिताब जीतकर फिर से बादशाहत कायम करने उतरेगा भारत

**भाषा।** सिलहट



**अब तक** अधिकतर मैचों में एकतरफा जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले महिला एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में रिकॉर्ड सातवीं बार खिताब जीतकर इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपनी बादशाहत फिर से कायम करने के लिए उतरेगी। इस प्रतियोगिता में भारत को अपने दूसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को आजमाने का मौका मिला। इससे भारतीय टीम की मजबूती का भी पता चला क्योंकि उसने कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना के बहुत योगदान नहीं देने के बावजूद आसानी से फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम का प्रभाव इस कदर रहा कि कप्तान हरमनप्रीत ने केवल चार मैच खेले जिसमें उन्होंने 81 रन बनाए तथा 72 गेंदों का सामना किया। यहां तक कि तीन मैचों में कप्तानी का जिम्मा संभालने वाली मंधाना भी एक मैच में नहीं खेली थी। उन्होंने भी अपनी तरफ से बहुत अधिक योगदान नहीं दिया। टूर्नामेंट की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि जूनियर खिलाड़ियों ने दबाव की परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। तीन युवा खिलाड़ियों – 18 वर्षीय शेफाली वर्मा (161 रन और तीन विकेट), 22 वर्षीय जेमिमा रोड्रिग्स (215 रन) और 25 वर्षीय दीप्ति शर्मा (94 रन और 13 विकेट) ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। भारत को टूर्नामेंट में एकमात्र हार चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मिली। भारत को पाकिस्तान से बदला लेने का मौका नहीं मिला क्योंकि श्रीलंका ने सेमीफाइनल में उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया। जहां तक फाइनल का सवाल है तो भारत का पलड़ा भारी नजर आता है क्योंकि श्रीलंका की तरफ से केवल एक बल्लेबाज ओशादी रणसिंघे ने 100 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। यही नहीं उसके केवल दो बल्लेबाजों हर्षिता मडावी (201 रन) और निलाक्षी डी सिल्वा (124 रन) ने ही टूर्नामेंट में अब तक 100 से अधिक रन बनाए हैं। यहां तक कि उसकी नामी बल्लेबाज चमारी अटापट्टू केवल 96 रन बना पाई है और उनका स्ट्राइक रेट 85 है। गेंदबाजी में केवल एक गेंदबाज बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा (12 विकेट) ही प्रभाव छोड़ पाई है। ऐसे में श्रीलंका के लिए भारत जैसी टीम को टक्कर देना बहुत मुश्किल होगा। हालांकि चार साल पहले मलेशिया में बांग्लादेश ने भारत को उलटफेर का शिकार बना कर खिताब जीत लिया था। सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराने के बाद श्रीलंका के हौसले बुलंद होंगे लेकिन फाइनल उसके लिए कड़ी परीक्षा बनने जा रहा है।

### एशिया कप ने हमें अपनी सीमाओं को जानने और नए संयोजन आजमाने का मंच प्रदान किया: हरमनप्रीत

**सिलहट (बांग्लादेश)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा महिला एशिया कप ने उन्हे अगले साल दक्षिण अफ्रीका मे होने वाले टी20 विश्व कप से पहले अपनी सीमाओं को परखने और नए संयोजन आजमाने का अच्छा मंच प्रदान किया। प्रयोगो के बावजूद भारतीय टीम फाइनल मे पहुंच गई, हालांकि उसे लीग चरण मे पाकिस्तान से हार मिली। भारत शनिवार को फाइनल मे श्रीलंका से भिड़ेगा जिसमे उसकी कोशिश सातवी ट्राफी अपने नाम करने की होगी। हरमनप्रीत ने फाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, यह (एशिया कप) ऐसा मंच है जहां आप अपनी सीमाओं को परख सकते हो, आप किस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हो और हमने इस टूर्नामेंट मे यही किया है, हमेशा खुद की परीक्षा ली, खुद को दबाव मे डाला।

### सी के नायडू और वीनू मांकड की स्कूली क्रिकेट टीम घोषित

**लखनऊ।** शिक्षा विभाग के तत्वाधान में उन्नाव में आयोजित मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लखनऊ जनपद की अंडर.19 सीके नायडू स्कूली क्रिकेट टीम की घोषणा की गई। इसके साथ लखनऊ में आयोजित अंडर.17 वीनू मांकड प्रतियोगिता के लिए भाग लेने वाली लखनऊ जनपद की टीम भी घोषित कर दी गई। इस आशय की जानकारी टीम के प्रशिक्षक व राष्ट्रीय स्कूली क्रिकेट टीम के चयनकर्ता एसके वाटसन ने दी। अंडर-19 टीम सीके नायडू टीम : अभिषेक मिश्रा, मोहम्मद जीशान, आर्यन कश्यप, अवनींद्र राज रायए मो जैद, प्रिस विश्वकर्मा, प्रतीक पांडेय, आकाश सरकार, देवांश शुक्ला, अक्षत गुप्ता, शिवांशु शंकर, यासिर तारिक, अमृत सिंह, प्रियांशु पाल, श्रेयांश अवस्थी, विवेक कुमार, स्टैंडबाई : विवेक कनौजिया, सृजन मिश्रा।

### रुद्राक्ष ने ओलंपिक कोटा हासिल किया

**काहिरा।** युवा निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व चैम्पियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। वह विश्व चैम्पियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा मे महान अभिनव बिंद्रा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय निशानेबाज बन गए है। वह विश्व चैम्पियनशिप मे स्वर्ण पदक जीतने वाले छठे भारतीय निशानेबाज है।

### वैष्णवी और विष्णु राष्ट्रीय टेनिस के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** वैष्णवी अदकर ने फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के महिला एकल क्वार्टर फाइनल मे शुक्रवार को यहां तीसरी वरीयता प्राप्त युब्राणी बनर्जी को 6-4 6-0 से हराया। पुरुष एकल वर्ग मे विष्णु वर्धन ने रोमांचक मुकाबले में सिद्धार्थ विश्वकर्मा को 7-6 (714) 4-6 7-6 (816) से मात देकर अंतिम चार मे अपनी जगह पक्की की। इस साल अगस्त मे अंडर-18 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीतने वाली वैष्णवी के सीनियर स्तर पर दमदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

### स्वियातेक संघर्षपूर्ण जीत के साथ दूसरे दौर में

**सैन डिएगो।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके डब्ल्यूटीए 500 सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे प्रवेश किया। पोलैंड की स्वियातेक को चीन की झेंग किनवेन पर 6-4, 4-6, 6-1 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे से अधिक समय कोर्ट पर बिताना पड़ा। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी इस साल चार अप्रैल से विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज है और यह उनकी 2022 मे डब्ल्यूटीए टूर मे 61 वी जीत है।

### लोरेंजो अगले दौर में

**फ्लोरेंस (इटली)।** स्थानीय खिलाड़ी और खिताब के प्रबल दावेदार तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी ने फिरेंजे ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे आसान जीत दर्ज की। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 विनर लगाए और स्पेन के विश्व में 74वी रैंकिंग के खिलाड़ी बर्नबे जापाटा मिरालेस को 6-3, 6-0 से हराया।

# टी-20 विश्व कप को टीमों ने कसी कमर

## दक्षिण अफ्रीका के पास विश्व कप से जुड़ा मिथक तोड़ने का एक और मौका



**भाषा।** केपटाउन

**मार्क बाउचर** अपने लंबे करियर में खिलाड़ी के तौर पर दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप कप चैम्पियन बनते हुए नहीं देख सके लेकिन बतौर कोच उनके पास ऐसा करने का मौका होगा या नहीं, इस पर सवाल बरकरार है। दक्षिण अफ्रीका ने कभी भी 50 ओवर या 20 ओवर के विश्व कप में ट्राफी नहीं जीती है जिससे इस बार आस्ट्रेलिया में भी जीत की उम्मीदें इतनी अच्छी नहीं है क्योंकि टीम की तैयारियों को झटका लगा है। कप्तान तेम्बा बावुमा अपने स्थान के लिए दबाव में हैं, रासी वान डर डुसेन और ड्वेन प्रिटोरियस चोटों के कारण बाहर हैं जबकि बिग हिटर डेविड मिलर यह काम अकेले नहीं कर सकते। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट में भारत से।-2 से श्रृंखला गंवाने के बाद आस्ट्रेलिया पहुंच रहा है। टीम विश्व टी20 में कभी भी सेमीफाइनल से आगे नहीं पहुंची है। टीम ने अंतिम बार 2014 में अंतिम चार में प्रवेश किया था। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप दो में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और दो अन्य क्वालीफायर के साथ है। बाउचर घोषणा कर चुके हैं कि वह टी20 विश्व कप के बाद पद से हट जाएंगे और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के कोच के तौर पर नया पद संभालेंगे। बाउचर के दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन साल के कार्यकाल में टीम के नतीजे लगातार एक से नहीं रहे और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से उनके रिश्ते भी अच्छे नहीं रहे। बोर्ड उन्हें साल के शुरू में नस्लवाद के आरोप में बाहर करने के लिए तैयार था लेकिन उनके खिलाफ अचानक सारे आरोप खत्म कर दिए। हालांकि कोच ने इन आरोपों को खारिज किया था।

### अफगानिस्तान को स्पिनरों पर भरोसा

**ब्रिसबेन।** अफगानिस्तान के लिए टी20 विश्व कप मे ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियां प्रतिकूल होगी लेकिन यह टीम चुनौतियो से निपटने के लिए जानी जाती है। राशिद खान के नेतृत्व मे लंबे समय से टीम के स्पिनर शानदार प्रदर्शन कर रहे है और अब तेज गेंदबाजो ने भी अपना स्तर ऊंचा किया है। दमदार गेंदबाजी और आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान की टीम खेल के छोटे प्रारूप मे किसी भी मजबूत टीम को आश्चर्यचकित करने की क्षमता रखती है। अफगानिस्तान विश्व कप के लिए मुश्किल ग्रुप मे है। शुरुआती चरण मे उसे गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया, गत उप-विजेता न्यूजीलैंड और 2010 के विजेता इंग्लैंड की टीम से भिड़ना है। क्वालीफायर चरण मे अगर कोई उलटफेर नही हुआ तो इस ग्रुप मे 2014 की विजेता श्रीलंका की टीम भी होगी। बल्लेबाजी के नए कोच इंग्लैड के जोनाथन ट्रॉट और गेंदबाजी कोच पाकिस्तान के उमर गुल के देख रेख मे अफगानिस्तान ने एशिया कप मे अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम ने शुरुआती चरण मे बांग्लादेश और श्रीलंका को हराकर सुपर चार का टिकट कटाया था। सुपर चार मे उसे पाकिस्तान तथा श्रीलंका के खिलाफ बेहद करीबी मुकाबलो मे हार का सामना करना पड़ा था।

कप्तान बावुमा की बल्लेबाजी पर सवाल उठ रहे हैं जिन्होंने कोहनी की चोट के बाद टी20 विश्व कप के लिए सही समय पर वापसी की।

### आखिरी तिलिस्म तोड़ने उतरेगी न्यूजीलैंड टीम



**वेलिंगटन।** हमेशा आखिरी कदम पर बाजी हारने वाली न्यूजीलैंड टीम इस बार टी20 विश्व कप में यह तिलिस्म तोड़ने के इरादे से उतरेगी। पिछली बार 2015 और 2019 विश्व कप में उपविजेता रहने के बाद पिछले साल टी20 विश्व कप में फाइनल में हारी न्यूजीलैंड टीम इस बार कोई कोताही नहीं बरतना चाहती। इस बार उसके पास टी20 विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम है। उसके पास अनुभव है और अच्छे प्रदर्शन की भूख भी। न्यूजीलैंड टीम ने पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप भी जीती है। उसे पहले मैच में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया से 22 अक्टूबर को खेलना है।

**ताकत :** न्यूजीलैंड के पास काफी संतुलित टीम है। डेवोन कोंवे से लेकर केन विलियमसन तक उसके पास दमदार बल्लेबाज हैं जबकि ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल और जिम्मी नीशाम जैसे आक्रामक बल्लेबाज भी हैं। तेज गेंदबाजी का मोर्चा टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जबकि स्पिन आक्रमण का दारोमदार ईश सोढी और मिशेल सेंटनेर पर होगा।

**कमजोरी :** सफेद गेंद में फाइनल नहीं जीत पाना न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी कमजोरी है। फाइनल तक का सफर अच्छा रहने के बाद वे जीत नहीं पाते। उसे कठिन ग्रुप मिला है जिसमें इंग्लैंड , आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान है। ऐसे में कीवी टीम कोई कोताही नहीं बरत सकती। डेरिल मिशेल और लॉकी फर्ग्युसन की चोट चिंता का सबब है।

**प्रमुख खिलाड़ी :** कोंवे पारी के सूत्रधार की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला में बांग्लादेश के खिलाफ पारी की शुरूआत करते हुए 70 रन बनाए। फिलिप्स भी बड़े शॉट खेलने में माहिर हैं और किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। लेग स्पिनर सोढी गेंदबाजी को विविधता देते हैं।

### शुरूआती मैच से पहले वार्नर की चोट से आस्ट्रेलिया परेशान

**कैनबरा।** स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के गर्दन में जकड़न के कारण इंग्लैड के खिलाफ शुक्रवार को तीसरे और अंतिम टी20 मुकाबले से हटने से गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप की तैयारियो को बड़ा झटका लगा। आस्ट्रेलियाई टीम 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अभियान शुरू करने से पहले अगले हफ्ते मंगलवार को ब्रिसबेन मे अभ्यास मैच मे भारत से भिड़ेगी। वार्नर पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात मे टीम के टी20 विश्व कप विजई अभियान मे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। उन्होंने फॉक्स क्रिकेट से कहा, मेरी गर्दन आज सुबह से जकड़ी हुई है। मै पिछले दिन काफी तेजी से गिर गया था। मै पहले गर्दन के बल इतनी जोर से कभी नही गिरा। गर्दन मे वास्तव मे जकड़न है। तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे स्टीव स्मिथ को उनकी जगह शामिल किया गया। वार्नर (35 साल) दो अर्धशतक जड़कर शानदार फॉर्म मे है।

### इंग्लैंड का लक्ष्य वैश्विक स्तर के दोनों सफेद गेंद के खिताब अपनी झोली में डालने का



**मेलबर्न।** टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता बनाने के लिए प्रयास तेज करने के बावजूद फॉर्म में चल रही इंग्लैंड की टीम के पास सीमित ओवर के दोनों प्रारूपों में मौजूदा विश्व चैम्पियन बनने का अच्छा मौका है। इंग्लैंड की टीम 2019 में घरेलू सरजमीं पर सफलता हासिल करने के बाद 50 ओवर में मौजूदा चैम्पियन के तौर पर टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया पहुंची है। टीम 2016 में भी टी20 विश्व कप जीतने के करीब पहुंची थी जिसमें वह फाइनल में वेस्टइंडीज से हार गई थी जिसके लिए कार्लोस ब्रेथवेट ने अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़कर इसमें अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड में मुख्य ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर दिया जा रहा है लेकिन आस्ट्रेलिया में एशेज दौरे पर निराशाजनक परिणाम (आस्ट्रेलिया ने श्रृंखला 4-0 से जीती) के बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट (ईसीबी) ने फिर से लंबे प्रारूप को प्राथमिकता देने का फैसला किया। इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए स्टार खिलाड़ियों को देखते हुए फिर भी वैश्विक टी20 चैम्पियनशिप से पहले उनसे उम्मीदें काफी अधिक हैं।

### पहले दौर में प्रमुख दावेदार के रूप में उतरेंगे वेस्टइंडीज और श्रीलंका



**ब्रिस्बेन।** वेस्टइंडीज एकमात्र ऐसी टीम है जिसने टी20 विश्व कप दो बार जीता है जबकि 2014 की चैंपियन श्रीलंका चैंपियनशिप में तीन बार फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र टीम है। ऐसी उपलब्धियों के बावजूद इन दोनों टीमों को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप के पहले दौर में खेलना होगा। इसमें जीत दर्ज करने पर ही वे मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई कर पाएंगी। श्रीलंका एशिया कप जीतकर बढ़े मनोबल के साथ इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। उसे ग्रुप ए में रखा गया है जहां उसका पहला मैच रविवार को गीलांग में नामीबिया से होगा। निकोलस पूरन की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज की टीम को ग्रुप बी में रखा गया है और वह सोमवार को अपना पहला मैच होबार्ट में स्कॉटलैंड से खेलेगा। वेस्टइंडीज और श्रीलंका का अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने की संभावना है। पहले दौर में प्रत्एक ग्रुप की पहली दो टीम सुपर 12 में जगह बनाएंगी। रैंकिंग में चोटी की आठ टीमों को सुपर 12 में सीधे प्रवेश मिला है। पहले दौर में कुल आठ टीमें भाग लेंगी।

### छूट नहीं मिलने पर बीसीसीआई को 955 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अगर आईसीसी के प्रसारण राजस्व पर 21 . 84 प्रतिशत कर अधिभार लगाने के अपने फैसले पर केंद्र सरकार अडिग रहती है तो बीसीसीआई को करीब 955 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। भारत मे अगले साल अक्टूबर नवंबर मे 50 ओवरो का विश्व कप होना है। कर अधिभार के मायने है कि शुरूआती कीमत से इतर किसी वस्तु या सेवा पर अतिरिक्त फीस या कर लगाना। यह आम तौर पर मौजूदा कर में जोड़ा जाता है और किसी वस्तु या सेवा की दर्शाई गई कीमत मे शामिल नही होता। आईसीसी के चलन के अनुसार मेजबान देश को सरकार से वैश्विक टूर्नामेंटो के आयोजन के लिए कर मे रियायत लेनी होती है।

### गांगुली से एक शब्द भी नहीं कहा: धूमल

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई निवर्तमान कोषाध्यक्ष और आईपीएल के अगले चेयरमैन अरूण धूमल ने शुक्रवार को सौरव गांगुली को बोर्ड अध्यक्ष के तौर पर दूसरा कार्यकाल नही दिए जाने के संबंध मे चीजे साफ करते हुए कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान के खिलाफ किसी ने एक शब्द भी नही कहा था।

### बीसीसीआई के कार्यक्रम में एशिया कप के लिए पाकिस्तान दौरे का जिक्र

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने 18 अक्टूबर को मुंबई मे होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से पहले संकेत दिया कि टीम 15 साल के लंबे अंतराल के बाद पाकिस्तान का दौरा कर सकती है। बीसीसीआई ने अपने सभी राज्य इकाई के प्रतिनिधियो के साथ पिछले एक साल के दौरान किए गए कार्यों के साथ-साथ भविष्य की योजनाओ और राष्ट्रीय टीम के दौरो के कार्यक्रम को साझा किया है।

# उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को हराया


मावी के चार विकेट

## मुश्ताक अली टी20 : अर्जुन तेंदुलकर की धारदार गेंदबाजी के बाद भी गोवा हारी

**भाषा।** जयपुर

**भारतीय अंडर**-19 टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शिवम मावी ने 14 रन देकर चार विकेट लिए जिससे उत्तर प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में शुक्रवार को यहां दिल्ली की पारी को 99 रन पर समेट कर आठ विकेट की शानदार जीत दर्ज की। ग्रुप के एक अन्य मैच में अर्जुन तेंदुलकर ने चार ओवर में महज 10 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन उनकी टीम गोवा को हैदराबाद के खिलाफ 37 रन से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली और उत्तर प्रदेश के मैच में दोनों टीमों का प्रदर्शन पिछले मैच के उलट रहा। त्रिपुरा से हार का सामना करने वाली उत्तर प्रदेश की टीम ने अपने खेल के स्तर को उंचा किया तो वही पंजाब को करारी शिकस्त देने वाली दिल्ली की टीम के बल्लेबाज चुनौती पेश करने में विफल रहे।

### पुजारा और व्यास का अर्धशतक, सौराष्ट्र जीता

**इंदौर।** समर्थ व्यास के 97 रन और टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की 35 गेंद मे 62 रन की अर्धशतकीय पारी से सौराष्ट्र ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी के ग्रुप डी मैच मे नगालैंड को 97 रन से शिकस्त दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद व्यास और पुजारा ने दूसरे विकेट के लिए 124 रन की भागीदारी निभाकर सौराष्ट्र के पांच विकेट पर 203 रन के स्कोर की नीव रखी। व्यास की पारी मे सात चौके और इतने ही छक्के जड़े थे जबकि पुजारा ने नौ चौके और दो छक्के लगाए।

### साव की शतकीय पारी मुंबई ने असम को हराया

राजकोट। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया एकदिवसीय श्रृंखला की टीम मे जगह नही मिलने पर निराशा जताने वाले सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने 61 गेद मे 134 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली जिससे मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट मे शुक्रवार को यहां असम को 61 रन से शिकस्त दी। ग्रुप ए के इस मैच मे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मुंबई ने तीन विकेट पर 230 रन बनाने के बाद असम की पारी को 19.3 ओवर मे 169 रन पर समेट दी।

### बल्ले से चमके अग्रवाल और पांडे, कर्नाटक चमका

**मुल्लांपुर।** कप्तान मयंक अग्रवाल के 47 और मनीष पांडे के 42 रन से कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी के ग्रुप सी मैच मे मेघालय को नौ विकेट से रौंद दिया। मेघालय की टीम बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद निर्धारित 20 ओवर मे आठ विकेट पर केवल 89 रन ही बना सकी जिसमे लैरी संगमा ने 34 और योगेदश तिवारी ने 22 रन बनाए। कर्नाटक के लिए वी विजयकुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होने चार ओवर मे पांच रन देकर तीन विकेट झटके। इस छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक ने चौथी गेंद पर देवदत्त पडीक्कल का विकेट गंवा दिया जो खाता भी नही खोल सके। लेकिन अग्रवाल और पांडे ने मिलकर 90 रन की साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिलाई।

### तमिलनाडु, बंगाल और चंडीगढ ने आसान जीत दर्ज की

**लखनऊ ।** तमिलनाडु ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के ग्रुप ई मैच में सिक्किम को नौ विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिक्किम की टीम महज 79 रन पर सिमट गई जिसके बाद तमिलनाडु ने 10 से ज्यादा ओवर रहते जीत की औपचारिकता पूरी की।

# मोरक्को से 0-3 से हारा भारत

## ● फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप क्वार्टरफाइनल की दौड़ से बाहर

**भाषा।** भुवनेश्वर

**मेजबान भारत** ने शुक्रवार को यहां दूसरे हाफ में तीन गोल गंवा दिए जिससे उसे ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में मोरक्को से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और टीम फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप के खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। पर्दापण कर रही मोरक्को के लिए एल मदानी ने 50वें, यास्मिन जौहिर ने 61वें और चेरिफ जेनाह ने 90 ।वें मिनट में गोल दागा जिससे टीम ने टूर्नामेंट मे अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत भी मेजबान के तौर पर स्वतः क्वालीफाई करके पदार्पण कर रहा है। टीम को मंगलवार को शुरूआती मैच में अमेरिका से 0-8 से हार मिली। अब भारतीय टीम का सामना 17 अक्टूबर को अंतिम ग्रुप मैच में ब्राजील से होगा। मोरक्को अब भी क्वार्टरफाइनल की दौड़ में शामिल है क्योंकि उसके तीन अंक है। खिताब की दावेदार ब्राजील और अमेरिका की टीमो ने दिन में यहां ग्रुप के एक अन्य मैच को।-। से ड्रॉ खेला।

